

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 29 फरवरी 2024 ■ फाल्गुन कृष्ण पक्ष-5 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-331 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 01 मार्च 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

## संक्षेप

### सहायक शिक्षा अधिकारी ने की खुदकुशी

**कबीरधाम,29 फरवरी।** विकास खंड बोड़ला के शिक्षा विभाग में सहायक विकासखंड अधिकारी के पद पर पदस्थ रवि सिंह ने अज्ञात कारणों के चलते शासन से मिले शासकीय आवास में बीते रात को सल्फास खा कर मौत को गले लगा लिया। मामले में किसी न किसी राज के छुपे होने की बात लोग कर रहे हैं। पुलिस अनुसंधान में यह उजागर होगा।

### सीईओ के सुरक्षाकर्मी ने खुद को मारी गोली

**कवर्धा,29 फरवरी।** जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल के सुरक्षाकर्मी कृष्ण कुमार साहू ने अपने सर्विस गन से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली. कृष्ण कुमार साहू छठवीं बटालियन के जवान थे. जवान रात में सीईओ संदीप अग्रवाल के पास ड्यूटी में था. सूचना पर पुलिस जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल के निवास पहुंची. मृतक जवान बिलासपुर जिले के सीपत का रहने वाला बताया जा रहा है. जो कि 1 साल से ड्यूटी पर तैनात था. वहीं दुर्ग से फॉरेंसिक टीम भी पहुंच चुकी है. पूरा मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है.

### मासूम बच्चे के सामने पत्नी का कत्ल

**गरियाबंद,29 फरवरी।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत डोंगरी गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने अपने दो साल के मासूम बच्चे के सामने अपनी पत्नी की बर्फ तोड़ने वाला सुम्बा घोंपकर हत्या कर दी।

इस वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने खुद मैनपुर थाने पहुंचकर पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। सीटी कोतवाली थाना प्रभारी कृष्ण प्रसाद जांगड़े के अनुसार आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे हिरासत में लिया गया है। मृतका का शव बरामद करने के बाद पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। पुलिस टीम के द्वारा मामले की विवेचना की जा रही है।

# शिक्षक ने प्रधान पाठक के सामने ही लगाया पैग

■ तरुण छत्तीसगढ़



फिर बच्चों को स्कूल से भगाया, कहा- जिससे शिकायत करनी है कर दो

**बिलासपुर,29 फरवरी।** शिक्षा व्यवस्था को सुधारने की लाख कवायद की जाए, लेकिन असल में स्थिति क्या है इसका पता वायरल हो रहे एक वीडियो से चलता है. इस वीडियो में नशे की हालत में स्कूल पहुंचा शिक्षक महिला प्रधान पाठक के सामने टेबल पर चखना रखकर पैग बनाते और खुलेआम शराब पीते दिखाई दे रहा है. उसे ऐसा करने से मना किया गया तो उल्टे उसने बीईओ, डीईओ और यहां तक कि कलेक्टर से शिकायत कर देने की बात कही. वीडियो बनाने पर यह भी कह रहा है कि अच्छे से वीडियो बनाओ, उसमें सब दिखना चाहिए. जिससे शिकायत करना है कर लो, मैं किसी से नहीं डरता.

मामला मस्तूरी ब्लॉक के शासकीय जनपद प्राथमिक शाला ग्राम- मचहा का है. बुधवार की सुबह स्कूल चल रही थी. बच्चे और दूसरे टीचर स्कूल में मौजूद थे. स्कूल की प्रधान पाठक तुलसी चौहान अपने कक्ष में मौजूद थीं. दूसरे टीचर भी काम पर लगे हुए थे. इसी समय यहां पदस्थ सहायक शिक्षक संतोष कुमार केंवट नशे की हालत में अपने साथ शराब और चखना लेकर स्कूल पहुंचा. स्कूल में छोटे-छोटे बच्चों के सामने शराब और बैग में रखा चखना निकाला और कार्यालय कक्ष में मौजूद प्रधान पाठक तुलसी चौहान के सामने शराब की बोतल खोलकर पैग बनाकर पीने लगा.

उसे जब ऐसा करने से जब रोका गया तो उसने किसी से भी शिकायत करने देने की बात कही और शराब पीने लगा. इतना ही नहीं बाहर आकर उसने बच्चों को ये कहते हुए भगाने की कोशिश की कि छुट्टी हो गई है, सब घर जाओ. मामले में प्रधान पाठिका तुलसी गणेश चौहान ने बताया कि स्कूल में सहायक शिक्षक का यह कृत्य बेहद ही निंदनीय है. जिस पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए. वहीं उन्होंने स्कूल में शिक्षकों की मनमानी की बात भी कही.

मामले में जब डीईओ टीआर साहू को जानकारी दी गई तो उन्होंने इसे गंभीरता से लिया और शीघ्र जांच कर कार्रवाई की बात कही. साथ ही तत्काल उक्त शिक्षक पर निलंबन की कार्रवाई के निर्देश दिए हैं. शासकीय जनपद प्राथमिक शाला में स्कूल लगने का समय सुबह 7-30 बजे से 11-30 बजे तक है. जहां विद्यार्थियों की संख्या 258 है. लेकिन शिक्षक अपनी मनमानी कर देरी से स्कूल पहुंच रहे हैं. जिससे स्कूल में पढ़ाई प्रभावित हो रही है.

## नहीं रहे पुरातत्ववेत्ता पद्मश्री अरुण कुमार शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर, 29 फरवरी।** देश के नामी पुरातत्ववेत्ता पद्मश्री डॉ अरुण कुमार का चंगोराभाठा करण नगर स्थित निवास में बुधवार की देर रात निधन हो गया। वो 90 वर्ष के थे। डॉ छत्तीसगढ़ सरकार के लंबे समय तक पुरातत्विक सलाहकार रहे हैं। डॉ शर्मा का अंतिम संस्कार यात्रा महादेव घाट मुक्ति धाम में किया गया। डॉ अरुण कुमार शर्मा की देखरेख में ही छत्तीसगढ़ के सिरपुर का उत्खनन हुआ था।वो रामसेतु हो या फिर अयोध्या के राममंदिर में पुरातत्व से जुड़े विषयों पर उनकी राय अहम रही है। राजनान्दगाँव के कोलियारा निवासी स्व. आनंदधर दीवान के पुत्र अरुण कुमार शर्मा का जन्म 12 नवंबर 1933 को मोहदी (चंदखुरी, जिला रायपुर) में मामा हिंछा तिवारी और लोकनाथ तिवारी के यहाँ हुआ। प्रारम्भिक शिक्षा पिपरिया (सागर), मंडला, दुर्ग और बिलासपुर में हुआ। रायपुर विज्ञान महाविद्यालय से बीएससी और सागर विश्वविद्यालय से 1958 में एमएससी किए। कुछ समय बीएसपी भिलाई में केमिस्ट के रूप में कार्य किया। 1959 में भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण की सेवा में सम्मिलित हुए और विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए 1992 में अधीक्षण पुराविद के पद से सेवानिवृत्त हुए। 1993-94 में आईजीएनसीए में ओएसडी नियुक्त किए गए। 1995 में कनखल (हरिद्वार) में माँ आनंदमयी आश्रम एवं संग्रहालय की स्थापना में योगदान दिया। डॉ शर्मा 1999 में सिरपुर (छत्तीसगढ़) और मनसर (महाराष्ट्र) में भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण के महानिदेशक जगतपति जोशी के साथ पुरस्थलों का उत्खनन आरंभ किया। 2004 में छत्तीसगढ़ शासन के पुरातत्त्वीय सलाहकार बने।



सिरपुर के उत्खनन द्वारा उसके प्राचीन वैभव को प्रकाश में लाने उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया। अयोध्या के विवादित ढांचे के प्रकरण में भी उन्होने लखनऊ उच्च न्यायालय में विश्व हिन्दू परिषद की ओर से जिरह में भाग लिया था। मदकु द्वीप उत्खनन और ढोलकल गणेश के पुनर्स्थापन कार्य उनके मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। डॉ शर्मा बहुत ही अनुशासित और समय के पाबंद रहे। क्षेत्रीय कार्य के प्रति उनकी दृढ़ता और समर्पण उल्लेखनीय है। उनके योगदान को देखते हुए 2016 में उन्हें भारत सरकार ने पद्मश्री से सम्मानित किया।

### मुख्यमंत्री ने जताया शोक

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने देश के सुप्रसिद्ध पुरातत्वविद पद्मश्री डॉ अरूण कुमार शर्मा के निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया है। उन्होंने डॉ शर्मा के शोकसंतप्त परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

## संदेशखाली का कुकर्मी टीएमसी नेता शाहजहां शेख गिरफ्तार



**मालदा(प.बं.),29 फरवरी।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं से अनाचार और भ्रष्ट के अधिकारियों पर हमले के बाद से फरार मोस्ट वांटेड शाहजहां शेख को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शाहजहां शेख को दोपहर 2 बजे बशीरहाट कोर्ट में पेश किया जाएगा। प. बंगाल पुलिस ने उसे 24 परगना से गिरफ्तार किया है। ज्ञात होगा कि शाहजंहा पर ग्रामीणों ने जमीन हड़पने, महिलाओं का शारीरिक शोषण करने, मारपीट करने जैसे गंभीर अपराध दर्ज किये हैं। कुछ दिनों से संदेशखाली की महिलाओं ने उसके गिरफ्तारी के लिए आंदोलित थे।

### आइए-आइए, आप ही का इंतजार था: चीफ जस्टिस

**कोलकाता,29 फरवरी।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने के आरोपी तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख को जैसे ही पुलिस ने लंबे इंतजार के बाद गिरफ्तार किया, वैसे ही उसके वकील ने कलकत्ता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। आज सुबह जब शेख के वकील चीफ जस्टिस टीएस टीएस शिवगणम की अदालत में अपने मुवक्किल की अग्रीम जमानत की याचिका पर राहत की मांग करने पहुंचे तो उन्हें देखते हुए चीफ जस्टिस ने कहा, आइए, हम आपका इंतजार कर रहे थे। अद्भुत। इस पर शाहजहाँ शेख के वकील ने अपने मुवक्किल की याचिका का उल्लेख किया और कहा, मी लॉर्ड... मेरे मुवक्किल के खिलाफ कुछ टिप्पणियाँ की गई थीं। मी लॉर्ड्स, मेरी अग्रिम जमानत आपकी अदालत में लंबित है। इस पर चीफ जस्टिस शिवगणन ने कहा, मिस्टर काउंसिल, इस आदमी के खिलाफ 43 मामले हैं। ध्यान रहे, अब अगले 10 साल तक यह आदमी आपको व्यस्त रखेगा। आपको कम से कम अगले 10 साल तक उसके सभी मामले संभालने होंगे। इस पर वकील ने कहा, मिलॉर्ड्स, मेरी अग्रिम जमानत खारिज कर दी गई। मुझे कल रात गिरफ्तार कर लिया गया है। अब मैं हाई कोर्ट की रेग्यूलर बेंच के सामने इसे मेंशन नहीं कर सकता। कृपया राहत दीजिए। इस पर हा कोर्ट के चीफ जस्टिस ने उन्हें करारा झटका देते हुए कहा, हमें उस व्यक्ति से कोई सहानुभूति नहीं है। अभी नहीं। आप जाइए। कृपया सोमवार को आइए।

## मुंबई-सूरत समेत 5 शहरों में ट्रेन में हुए धमाके में करीम टुंडा बरी

### दो आतंकवादी इरफान और हमीदुद्दीन को उम्रकैद

**जयपुर,29 फरवरी।** सीरियल बम ब्लास्ट मामले में मास्टरमाइंड कुख्यात आतंकी सैयद अब्दुल करीम टुंडा सहित तीन के खिलाफ अजमेर की टाडा कोर्ट आज अपना अंतिम फैसला सुनाया।1993 में 5 शहरों में हुए सीरियल ब्लास्ट केस में आरोपी अब्दुल करीम टुंडा को गुरुवार को अजमेर की टाडा कोर्ट ने बरी कर दिया है। दो आतंकवादियों इरफान और हमीदुद्दीन को उम्रकैद की सजा सुनाई है। आपको बता दे बाबरी मस्जिद विध्वंस की पहली बरसी पर राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन में सीरियल बम ब्लास्ट की घटना हुई थी. मामले में सभी जांच एजेंसियों ने अनुसंधान किया. सीबीआई अनुसंधान अधिकारी ने डॉ. मोहम्मद जलीस अंसारी सहित करीब 17 आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोप पत्र पेश किया था. सुनवाई के दौरान आरोपी अंसारी का साथी इमरान अंतरिम जमानत पर रिहा होने के बाद फरार हो गया था. इससे इमरान के अलावा बाकी के खिलाफ अलग से सुनवाई हुई. आरोपियों के साथ वारदात में शामिल सैयद अब्दुल करीम उर्फ टुंडा और हमीदुद्दीन उर्फ हमीद पर मामला दर्ज होने के बाद से फरार हो गए थे. इस दौरान डॉ. अंसारी सहित 16 आरोपियों के खिलाफ सुनवाई पूरी होने पर फैसला सुना दिया गया था. अब्दुल करीम टुंडा सहित तीन के खिलाफ अजमेर की टाडा कोर्ट ने फैसला सुनाया . इस मामले में आरोपी हमीद उर्फ हमीमुद्दीन 10 जनवरी 2010 को गिरफ्तार हुआ था. जांच एजेंसी सीबीआई ने उस समय चार्जशीट पेश कर दी थी. इसके बाद आरोपी इरफान अहमद गिरफ्तार हुआ. सीबीआई ने आरोपी इरफान के खिलाफ पूरक चार्जशीट पेश की थी. मुख्य आरोपी यूपी आजमगढ़ निवासी अब्दुल करीम टुंडा 10 जनवरी 2014 को गिरफ्तार हुआ था. सीबीआई को कोर्ट में उसके खिलाफ पूरक चार्जशीट पेश करनी थी, लेकिन दस साल तक बगैर चार्जशीट के ही अब्दुल करीम टुंडा के खिलाफ टाडा कोर्ट में केस चला. कोर्ट फैसले के करीब पहुंच गया.

### कांग्रेस के 6 बागी विधायकों की सदस्यता रद्द

**शिमला,29 फरवरी।** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के 6 बागी विधायकों की सदस्यता रद्द की गई है. विधानसभा स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया ने इन विधायकों को अयोग्य करार कर दिया है. इन विधायकों में कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र भुट्टो, गगरेट के विधायक चैतन्य शर्मा, लाहौल स्पीति के विधायक रवि ठाकुर, सुजानपुर के विधायक राजेंद्र राणा, धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा और बड़सर के विधायक इंद्र दत्त लखनपाल का नाम शामिल हैं. विधानसभा अध्यक्ष पठानिया ने दलबदल कानून के तहत ये फैसला सुनाया है. उन्होंने कहा कि विधानसभा में बजट पारित करने के समय ये विधायक मौजूद नहीं थे. मैंने उनको अयोग्य घोषित कर दिया है. ये विधायक किसी और पार्टी से जीतते हैं और किसी और विधायक को वोट करते हैं.

## राज्य उपभोक्ता परिषद के सदस्यों को मिला स्थगन

**बिलासपुर,29 फरवरी।**

सक्ति,29 फरवरी। छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद के उद्योग व कृषि प्रतिनिधि के द्वारा असंवैधानिक तरीके से पदमुक्त किए जाने के मामले को लेकर माननीय उच्च न्यायालय में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस राकेश मोहन पाण्डेय की बैंच ने उद्योग प्रतिनिधि सुभाष गोयल व कृषि प्रतिनिधि अभिषेक सिंह की याचिका को स्वीकार करते हुए पद पर यथावत बने रहने के लिए स्थगन जारी किया है.

इस मामले में परिषद के सदस्य व वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुभाष गोयल ने बताया कि 19 अप्रैल 2023 को उन्हें राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद के सदस्य के रूप में नामांकित किया गया था। उसके पश्चात राज्य में सत्ता परिवर्तन के उपरांत राज्य सरकार ने सभी राजनीतिक नियुक्तियों को निरस्त कर दिया था। जबकि याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि उनकी नियुक्ति छत्तीसगढ़ उपभोक्ता संरक्षण के नियम के प्रावधानों के तहत पांच वर्ष के लिए है। इसलिए राज्य सरकार की समस्त अध्यक्षों व सदस्यों को हटाये जाने की जारी अधिसूचना के दायरे में वे नहीं आते हैं। इस मामले को लेकर उच्च न्यायालय पहुंचे उद्योग प्रतिनिधि सुरेश गोयल व कृषि प्रतिनिधि अभिषेक सिंह के मामले में न्यायालय ने स्थगन जारी करते हुए अगली सुनवाई तक याचिकाकर्ता को परेशान नहीं किए जाने के निर्देश दिए और राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया है। इस मामले में सदस्यों ने खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव को भी स्थगन की जानकारी प्रदान करते हुए सदस्यता बहाली के संदर्भ में विभागों को सूचित व आदेशित करने का अनुरोध किया है। बता दें कि राज्य सरकार ने खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के तहत राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद का प्रदेश में पहली बार गठन किया था। इसके पूर्व भारतीय जनता पार्टी के 15 सालों के कार्यकाल में तकनीकी कारणों के कारण परिषद का गठन नहीं हो सका था। तात्कालीन खाद्य मंत्री अमरजीत भगत की पहल पर कृषि व्यापार व उद्योग प्रतिनिधियों की नियुक्ति की गई थी। जिसमें जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता व उद्योगपति सुभाष गोयल बिश्रामपुर को उद्योग प्रतिनिधि के रूप में नामांकित किया गया था। तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा उक्त सूची का अनुमोदन किया गया था.

### पिकअप पलटी,14 लोगों की मौत

**शाहपुरा,29 फरवरी।** मध्य प्रदेश में एक सड़क दुर्घटना में 14 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और इस घटना में 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए। शाहपुरा थाना और बिछिया थाना के बीच में हाड़तिल बरजार के घाटी में यह हादास हुआ है। बताया जा रहा है कि जब घाटी में चल रहा था तो वह ड्राइवर के कंट्रोल के बाहर हो गया और महिंद्रा पिकअप पलट गई। जिसमें 14 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। अन्य घायलों को शाहपुरा के स्वास्थ्य केन्द्र इलाज के लिए भेजा गया। इस दुः खद घटना पर प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने दुख जताया है। वहीं मुख्यमंत्री ने चार-चार लाख रुपये देने की घोषणा की गयी है। हादसे में घायल हुए लोगों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

इंडियन प्रीमियर लीग 2024, क्रिकेट के टी-20 प्रारूप की सबसे लोकप्रिय चैंपियनशिप jasclaudius@gmail.com

## क्रिकेट में भारत के दबदबे का यही है लाभ?

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कपिलदेव के नेतृत्व में 1983 के क्रिकेट विश्वकप में भारत का सिरमौर बनना भारतीय खेल जगत का टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ। रही सही कसर 1987 में भारत में आयोजित विश्वकप ने पूरी कर दी जब भारत में इस स्पर्धा को रंगीन टेलीविजन द्वारा दिखाया गया। क्रिकेट की चमक के आगे बस खेल फीके पड़ गये हालांकि उन्हीं दिनों में एथलेटिक्स में पीटी उषा, टेनिस में लिएंडर पेस, रमेश कृष्णन, शतरंज में विश्वनाथन आनंद खेलकूद में हमारे देश के गौरव बने हुए थे। आगे चलकर 21वीं सदी में क्रिकेट का जादू ऐसा छाया कि यह सिर्फ एक खेल न होकर धीरे-धीरे व्यवसाय का रूप धारण कर लिया और रोजमर्रा के जरूरी सामान के उत्पादकों के लिए अपने उत्पाद को जल्द से जल्द लोगों तक पहुंचाने का माध्यम बन गया। 20वीं सदी तक क्रिकेट के सिर्फ दो प्रारूप हुआ करते थे एक पांच दिवसीय टेस्ट मैच, दूसरा 50-50 ओवर के सीमित ओवर का मुकाबला। क्रिकेट खेल के दौरान एक ओवर की छः गेंद फिर एक ओवर के बाद के मिलने वाले अंतराल ने क्रिकेट से धन कमाने वालों की आंखे चौधिया दी। इसके पश्चात 2004-05 में टी-20 एक दिवसीय प्रारूप का पदार्पण हुआ। टी-20 क्रिकेट प्रारूप आने के बाद क्रिकेट खेल की कलात्मकता, खूबसूरती धरी की धरी रह गई। अब तो गेंद व बल्ले के बीच दे देना दना का खेल शुरू हो गया। रंगीन टेलीविजन से हटकर मोबाइल और अत्याधुनिक स्क्रीन वाले यंत्र जब




आम लोगों के हाथ में पहुंच गये तो क्रिकेट देखने वालों की संख्या बड़ी तेजी से बढ़ने लगी। अब तो क्रिकेट मैच में गेंद व रन की तुलना होने लगी। खेल का स्वरूप बदल गया एक से एक बलशाली क्रिकेटर मैदान में आ गये स्थिति यह हो गई आज 35 गेंद से 33 गेंद में शतक बनाने वाले की संख्या 5 हो गई। कम से कम गेंद में शतक बनाने के रिकार्ड 150-160 दिनों में टूटने लगे। हाल ही में नामीबिया के जान निकोल लाफ्टी ईटन ने नेपाल के विरूद्ध सिर्फ 33 गेंद में शतक ठोककर कमाल कर दिया। इन सब परिस्थितियों को देखते हुए स्पष्ट है कि क्रिकेट के खेल में पिछले 20 वर्षों में बदलाव आये हैं। उसका सीधा लाभ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद और भारत के साथ विभिन्न देशों के अधिकृत क्रिकेट संघों को मिला है। इसकी वजह से मान्यता प्राप्त देशों के खिलाड़ियों, प्रतियोगिता आयोजकों, निर्णायकों, प्रशिक्षकों, प्रबंधकों, सहयोगी सदस्यों को आर्थिक लाभ हुआ है। भारतीय क्रिकेट के सचिव जय शाह एशियाई क्रिकेट संघ के अध्यक्ष भी हैं। इसका सीधा लाभ भारत में आईपीएल आयोजित करने वालों को मिल रहा है। अब देखिए कभी किसी स्पर्धा के सिर्फ आधे मुकाबले की समय सारिणी जारी होती है? लेकिन भारत के क्रिकेट के प्रभावी पदाधिकारियों तथा भारत में इंडियन प्रीमियर लीग जैसी स्पर्धा से प्राप्त बड़ी धन राशि सब कुछ करवा पाने में कामयाब है। इस वर्ष 22 मार्च से आईपीएल चैंपियनशिप की शुरुवात होगी पर अंत कब होगा अभी तय नहीं है। पहले 17 दिनों में 21 मैच खेले जायेंगे। दूसरी तरफ आगामी 1 जून से 29 जून 2024 तक वेस्टइंडीज व संयुक्त राज्य अमेरिका में नौंवी टी-20 की विश्वकप स्पर्धा होगी। भारत का विश्व में इस तरह का दबदबा शायद पहले कभी नहीं रहा। फिर भी प्रश्न यह उठता है कि किसी टूर्नामेंट के आयोजन की घोषणा इस तरह किश्तों में करना कितना उचित है?



**एक नजर**

## विजय ठाकुर को पुलगांव थाने का प्रभार सौंपा गया



**भिलाई, 29 फरवरी।** भिलाई जिले के महकमे में एक बार फिर बड़ा फेरबदल किया है। दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने 7 निरीक्षक और 13 उपनिरीक्षकों को विभिन्न थाना व चौकियों में तबादला किया है जारी आदेश में रक्षित केन्द्र के मनीष शर्मा उतई थाना प्रभारी होंगे वहीं राजेश मिश्रा को सुपेला थाने की जिम्मेदारी मिली है  जबकि एंटी साइबर एडं क्राइम यूनिट (एसीसीयू) का प्रभार उतई टीआई कपिल देव पांडेय को दिया है नेवई थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा को रेंज के साइबर थाना का प्रभारी बनाया गया है। यातायात के निरीक्षक आनंद शुक्ला को नेवई थाना प्रभारी बनाया गया है लाइन में बैठे चंद्रकांत कोसारिया को यातायात निरीक्षक बनाया गया है। पिछले दिनों भिलाई-3 थाने से रक्षित केंद्र पहुंचे मनीष शर्मा को उतई थाने का चार्ज दिया गया है। इसी तरह मोहन नगर से पुलिस लाइन भेजे गए विजय ठाकुर को पुलगांव थाने का प्रभार सौंपा गया है। स्मृति नगर चौकी प्रभारी नवीन सिंह राजपूत को मचांदूर चौकी और मंचादूर चौकी प्रभारी पुरुषोत्तम कुरें को स्मृति नगर चौकी की जिम्मेदारी सौंपी है। इसके अलावा पुलिस लाइन से राजभूषण सिंह को लिटिया सेमरिया चौकी का प्रभारी बनाया गया है

नीता राजपूत महिला थाना की नई प्रभारी महिला थाना प्रभारी वंदिता पानीकर को पुलिस कंट्रोल रूम का प्रभार दिया गया है। जबकि रक्षित केंद्र से नीता राजपूत को महिला थाना का नया प्रभारी बनाया गया है आठ उपनिरीक्षकों को मिला थानों का प्रभार पुलिस लाइन के 8 उपनिरीक्षक समेत 9 को विभिन्न थानों में पोस्टिंग दी गई है। इसमें धनेश्वर साहू, रानीतराई, प्रताप सिंह जमगांव आर, दीपक सिंह चौहान बोरी, उग्रसेन जगत नंदिनी नगर, उनियार कुमार चंदने और राजबहादुर यादव पदमनाभपुर, कुमार सिंह सिन्हा नेवई, रामजी भिलाई नगर और योगेश्वर वर्मा को पुरानी भिलाई भेजा गया है ।

## ऑनलाइन सट्टा के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश



**भिलाई, 29 फरवरी।** भिलाई जिले में संचालित ऑनलाइन सट्टा महादेव ऐप पर शिकंजा कसने के लिए दुर्ग रेंजआईजी रामगोपाल गर्ग ने एसपी जितेन्द्र शुक्ला एवं थाना प्रभारियों की वर्चुअल बैठक बुलाई इसमें आईजी ने सरकारी नीतियों के अनुसार ऑनलाइन सट्टा के आरोपियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि केसों की जांच त्वरित और निष्पक्षता से हो और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। बैठक में उन्होंने पुलिस अधीक्षक दुर्ग को सख्ती से ऑनलाइन सट्टा और अन्य अवैध क्रियाओं के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया। साथ ही आईजी गर्ग ने ऑनलाइन सट्टा प्रकरणों में आरोपियो के गिरफ्तारी और जमानत पर छुटने के संबंध में जानकारी ली, उनके संपत्ति के संबंध में भी जानकारी लेकर संपत्ति के विलयन के संबंध में निर्देशित किया, जो ऑनलाइन सट्टा के केस में साबित होते हैं। भारत से अन्य देश में रहने वाले भगोड़े अपराधियो के संबंध में रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने संबंधी अन्य निर्देश भी दिए वर्जुअल बैठक में दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला, एएसपी पदमश्री तंवर, डीएसपी पनिकराम कुजूर, डीएसपी शिल्पा साहू, सीएसपी आशीष बंछोर एंव जिला दुर्ग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## चाकू लहराते युवक गिरफ्तार

**भिलाई, 29 फरवरी।** भिलाई मोहन नगर थाना क्षेत्र आम जनता को चाकू दिखाकर डरा धमकाने वाले आरोपी को मोहन नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी के खिलाफ 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेजा गया है जानकारी के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली कि रामनगर उरला निवासी आरोपी शैलेंद्र सगरवंशी उर्फ लल्ला (30 वर्ष ) चाकू लहराकर लोगों को डरा धमका रहा है मौके पर पहुंची टीम ने आरोपी को पकड़ा मोहन नगर प्रभारी आकांक्षा पांडेय ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है ।

## आबकारी विभाग ने जब्त की 7.2 बल्क लीटर देशी मदिरा

**दुर्ग 29 फरवरी।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश के परिपालन तथा सहायक आयुक्त आबकारी श्री राजेश जायसवाल के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा लगातार गस्त किया जा रहा है। इसी कड़ी में 28 फरवरी 2024 को सुबह गश्त के दौरान आबकारी विभाग द्वारा सब्जी मार्केट सुपेला के पास थाना सुपेला वृत-भिलाई 01 में अवैध शराब के परिवहन की सूचना पर त्वरित एवं विधिवत कार्यवाही कर कुल 40 नग पाव, मात्रा 7.200 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला जप्त किया गया, जिसका कुल बाजार मूल्य 4800 रू है।सहायक आयुक्त आबकारी विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार आरोपी दूरदेशी निषाद आत्मज कंगलू निषाद के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), के तहत प्रकरण दर्ज कर सहायक जिला आबकारी अधिकारी पंकज कुजूर के द्वारा विवेचना में लिया गया है।

## मृतक के परिजन को मिली 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**दुर्ग, 29 फरवरी ।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने दुर्घटना में मृतक के परिजन को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कुम्हारी तहसील भिलाई - 03  जिला दुर्ग निवासी बंटी देवांगन की विगत 18 अगस्त 2022 को पानी में डूब जाने से मृत्यु हो गयी थी।कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व. बंटी देवांगन की माता श्रीमती प्रमिला देवांगन को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# विधायक बोहरा ने पंडरिया शक्कर कारखाना में गन्ना किसानों का बकाया भुगतान एवं उत्पादन क्षमता बढ़ाने का मामला विधानसभा में उठाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**कवर्धा, 29 फरवरी।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने गन्ना किसानों के हित में सदन का ध्यानाकर्षण किया। इस दौरान उन्होंने गन्ना किसानों के बकाया भुगतान, कारखाने में कार्यरत कर्मचारियों के दो माह के बकाया वेतन को तत्काल देने एवं कारखाने की उत्पादक क्षमता को बढ़ाने के संबंध में भी सदन में अपनी बात रखी। इसके साथ ही उन्होंने अवैध नशीली दवाइयों एवं नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार पर भी अंकुश लगाने के विषय में सदन में चर्चा की।भावना बोहरा ने कहा कि पंडरिया स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित का कुछ दिनों पूर्व मैनें निरीक्षण किया था। इस दौरान किसानों की कुछ समस्याएं एवं कारखाने से संबंधित प्रमुख मांगे हैं जो मैं सदन के समक्ष रखना चाहती हूं, जिससे कारखाने की उत्पादक क्षमता को बढ़ाया जा सके और किसानों से अधिक गन्ने की खरीदी से उन्हें अतिरिक्त लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान में उक्त कारखाने की क्षमता 2500 मीट्रिक टन क्रशिंग प्रतिदिन है जिससे पर्याप्त उत्पादन नही हो पा रहा है और किसानों को भी समस्या हो रही है इसके निराकरण के लिए पंडरिया कारखाने में जमीन की पर्याप्त उपलब्धता है इसका सदुपयोग करते हुए कारखाने की रोजाना उत्पादन क्षमता को  5 हजार मीट्रिक टन क्रशिंग प्रतिदिन बढ़ाया जाए ताकि क्षेत्र के हजारों गन्ना उत्पादक किसानों को इसका लाभ मिलेगा। इसके साथ ही उत्पादन बढ़ाने से प्रतिदिन लगभग 15000 किसानों की अतिरिक्त गन्ना (लगभग 20000 एकड़ फसल) खरीदी की जा सकेगी और किसानों की आय में भी वृद्धि होगी साथ ही कारखाने को भी आर्थिक लाभ होगा।

भावना बोहरा ने आगे कहा कि निरिक्षण के दौरान किसानों से मुलकात हुई जिसमें कारखाने में सबसे बड़ी समस्या किसानों के भुगतान को लेकर आ रही है। आज तक की स्थिति में किसानों से कुल 2 लाख 44 हजार मीट्रिक टन गन्ने की खरीदी की गई है, जिसके एवज में किसानों को केवल नवम्बर 2023 तक का ही भुगतान किया गया है वह भी उन्हें दो किश्तों में प्रदान किया गया और फ़रवरी माह तक किसानों का लगभग 59 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान अभी तक लंबित हैं जिसका भुगतान जल्द कराया जाए ताकि किसानों को उनकी फसल की उचित राशि मिल सके और वे गन्ना का उत्पादन सुचारू रूप से कर सकें। इसके साथ ही कारखाने में कार्यरत कर्मचारियों को भी दो माह का वेतन का भुगतान नहीं किया गया है जो लगभग 4 करोड़ रुपए होता है, देखा जाए तो कारखाने द्वारा वर्तमान स्थिति में किसानों और कर्मचारियों का मिलाकर 63 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान बाकी है, जिसे जल्द किया जाए। उन्होंने कारखाने में स्टॉक अलाटमेंट एवं न्याय योजना के तहत बकाया राशि का विषय भी सदन के समक्ष रखते हुए कहा कि वर्तमान में शक्कर कारखाने में राज्य सरकार द्वारा अलॉटमेंट नही आने से लगभग 45 करोड़ रुपये के शक्कर का स्टॉक कारखाने में रुका हुआ है इसके साथ ही पूर्व की कांग्रेस सरकार द्वारा वर्ष 2021-22 का न्याय योजना में समायोजन राशि 28 करोड़ रुपये भी बाकी है। उन्होंने 45 करोड़ के स्टॉक का अलॉटमेंट जल्द करने और न्याय योजना के बकाया राशि का भी भुगतान को जल्द से जल्द करने की बात कही ताकि कारखाने की व्यवस्था भी सुचारू रूप से संचालित हो सके और किसान बिना किसी अवरोध के अपनी फसलों को कारखाने में बेच सकें।उन्होंने कारखाने की वर्किंग कैपिटल को बढ़ाने और किसानों की रिकवरी राशि के भुगतान हेतु पूर्व सरकार द्वारा कोई नीति एवं रुपरेखा नहीं होने के कारण कारखाने व किसानों के बीच आ रही आपसी सामंजस्य की समस्या के निराकरण के लिए सुझाव देते हुए कह कि राज्य सरकार द्वारा यदि स्पष्ट रूपरेखा तय कर कारखाने को सहयोग नही किया जाएगा तब तक किसानों के भुगतान और वर्किंग कैपिटल की कमी की समस्या बनी रहेगी। इसलिए कारखाने द्वारा खरीदी गई कुल गन्ना मूल्य का 50 प्रतिशत राशि सरकार द्वारा 1 वर्ष के लिए कारखाने को दिया जाए जिसे सरकार शक्कर बिक्री होने के बाद उसे वापस ले सकती है। पिछले सीजन में लगभग 100 करोड़ की गन्ना खरीदी हुई है लेकिन उसी समय शक्कर की बिक्री अत्यंत कम हो गई है, इसलिए सरकार द्वारा कम से कम  50 करोड़ रुपये कारखाने को वर्किंग कैपिटल के रूप में देने से कारखाने व किसानों दोनों को लाभ मिलेगा। , बोहरा ने प्रदेश में नशे के अवैध व्यापार तथा नशीली दवाइयों के व्यापर पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह एक अति संवेदनशील विषय है।राजनांदगांव के जिला सहकारी बैंक में कांग्रेस सरकार के समय की गई दैनिक वेतन भोगियों की नियुक्ति के संबंध में भी भावना बोहरा ने सदन अपनी बात रखते हुए कहा की वित्तीय वर्ष 2020-21 से 31 दिसम्बर, 2023 तक की जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक, राजनांदगांव में दैनिक वेतनभोगी दर पर अनेक कर्मचारियों की विभिन्न पदों पर अनियमित नियुक्तियां की गई हैं, जिसके लिये पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, रायपुर से अनुमति प्राप्त नहीं की गई है। विभागीय प्रावधान के अनुसार पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, रायपुर की अनुमति के बिना किसी भी प्रकार की नियुक्ति सहकारी समितियों, सहकारी बैंकों अथवा केन्द्रीय या शीर्ष समितियों में नहीं की जा सकती हैं। पंजीयक से अनुमति प्राप्त किए बिना की गई नियुक्तियां पूर्णतः अवैधानिक हैं। उक्त अवधि में रखे गये दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के मासिक पारिश्रमिक व मानदेय पर बैंक एवं समितियों की बड़ी राशि का अपव्यय हुआ है। इन नियुक्तियों से पात्र युवा वंचित हुए हैं, क्योंकि पारदर्शी तरीके से खुला विज्ञापन निकालकर योग्य एवं पात्र व्यक्ति का चयन नहीं हुआ बल्कि सांठ-गांठ तथा लेन-देन कर नियुक्तियां करने की जानकारी प्राप्त हुई है। उक्त अवधि में दैनिक वेतन पर रखे गए कर्मचारियों के पारिश्रमिक व मानदेय पर अब तक किये गये व्यय की वसूली तथा दोषी पदाधिकारी / अधिकारी से वसूली एवं इस विषय की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए भावना बोहरा ने इसमें संलिप्त लोगों पर कार्रवाई करने तथा जिन दैनिक वेतन भोगियों की नियुक्ति की गई हैं उनकी पात्रता की जांच एवं जो अपात्र हैं और नियम विरुद्ध भर्ती की गई है उस विषय में भी जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग सदन में की है।

# कांग्रेस से कौन होगा लोकसभा प्रत्याशी, कयास लगाए जा रहे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 29 फरवरी।** कवर्धा राजनांदगांव लोकसभा प्रत्याशी आखिर कौन होगा जिसकी चर्चा जनमानस में शुरू हो गई है । छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल के नाम को लेकर ज्यादा चर्चा हो रही है । महिलाओ में पूर्व विधायक छन्नी साहू , पूर्व विधायक ममता चंद्राकर  के नाम को लेकर भी चर्चा होती हुई दिख रही है । पूर्व पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य महेश चंद्रवंशी लगातार राजनांदगांव लोकसभा के अंतर्गत विधान सभा के गांवो में दौरा भी लगातार कर रहे है जिस कारण चर्चा महेश की भी जनमानस में हो रही है । पूर्व विधायक छन्नी साहू के नाम को लेकर लोगो का कहना है की साहू बाहुल्य क्षेत्र है ।  पंडरिया विधायक ममता दिल्ली और रायपुर लगातार दौरा कर रही है जिसको देखकर कहा जा रहा है वो भी सांसद प्रत्याशी की रेस में है । पूर्व  पंडरिया विधायक ममता भी लगातार पंडरिया के गांवो में विधायक के दौरान दौरा कर चुकी है । ओबीसी चेहरा को टिकट मिलने के आसार भी दिख रहे है । महेश चंद्रवंशी पूर्व में कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी मिल चुकी है और पूर्व में विधायक छन्नी साहू और विधायक ममता  की दावेदारी में भी उनका नाम की चर्चा थी और लगातार लोगो के बीच में रहते है ।









वैसे अधिकतर लोगो का कहना है की कांग्रेस ओबीसी चेहरा पेश कर सकती है । लोकसभा छेत्र में अधिकतर विधायक कांग्रेस के है जिस कारण कांग्रेस बीजेपी के बीच कांटे का मुकाबला के आसार दिख रहे है और कांग्रेस कार्यकर्ताओ  की जितने की संभावना दिख रही है ।

## वीररस पर कवि सम्मेलन



**उतई, 29 फरवरी।** जागृति साहित्य समिति उतई द्वारा 27 -02 -2024 दिन मंगलवार बाजार चौक खोपली में वीर शहीद तरुण देशमुख एवम् चंद्र शेखर आजाद दिवस के पावन पर्व पर वीर रस कवि सम्मेलन का आयोजन रखा गया था ।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया सर्व प्रथम चिंतामणि साहू ने सरस्वती वंदना किया,साथ ही पंकज उदास सुप्रसिद्ध गजलकार को श्रद्धांजलि अर्पित की गई सर्व प्रथम कवि श्री रघुनाथ देशमुख ने अपने गीतो से समा बांधा एवम् जांजगीर से पधारे यशवंत सूर्यवंशी ने अपनी सुरीली रागों से देश भक्ति गीत प्रस्तुत किए,विष्णु राम कुर्रे ने गीतो के माध्यम से लोगो को गुदगुदाते रहे कार्यक्रम का संचालन डॉ रामाशंकर सोनी ने किया, आभार व्यक्त फत्तेलाल वर्मा उतई भाजपा मंडल के अध्यक्ष ने किया ।शुभम वर्मा भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष एवम् भैया राम काकडे विशेष रूप से मंच में उपस्थित रहे।।



## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहसपुर लोहरा में किया गया शिविर का आयोजन

**कवर्धा, 29 फरवरी।** कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से दिव्यांगजनो का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाए जाने, नवीनीकरण/यूडीआईडी पंजीयन एवं पेंशन भुगतान संबंधी समस्या का निराकरण के लिए आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहसपुर लोहरा में शिविर का आयोजन किया गया।

सामाज कल्याण विभाग के उपसंचालक अभिलाषा पण्डा ने बताया कि शिविर में अस्थि बाधित के 86, श्रवण बाधित के 11, दृष्टि बाधित 22, मानसिक के 16, यूडीआईडी पंजीयन 28, आयुष्मान कार्ड 30, पेंशन संबंधी समस्या के लिए 8 कुल 201 हितग्राहियों का पंजीयन उपरांत संबधित विशेषज्ञों द्वारा परीक्षण कर प्रमाणीकरण किया गया। शिविर में हितग्राहियों के लिए समुचित व्यवस्था की गई थी, जिससे उपस्थित दिव्यांगजन खुश थे। सुगमता से दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाए जाने की सुविधा मिलने से हितग्राहियों द्वारा शासन को धन्यवाद दिया गया।

## प्रधानमंत्री किसान उत्सव दिवस कृषि विज्ञान केंद्र में मनाया गया

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत किसानों को 16वीं किस्त 28 फरवरी 2024 को जारी की गई। । योजनांतर्गत जिले के 1 लाख 16 हजार 292 कृषकों को 23 करोड़ 26 लाख रूपए का भुगतान उनके खाते में सीधे आधारबेस्ड प्रणाली के माध्यम से किया गया । प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया गया है। अभियान को और बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 16वीं किस्त जारी होने के दिन को पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया गया ।कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू थी, उन्होंने  बताया कि भारत सरकार की पीएम किसान सम्मान निधि एक महत्वकांक्षी योजना है। जिसका उद्देश्य सभी भूमि धारक किसान परिवारों को सीधे वित्तीय सहायता प्रदान करना है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि केन्द्र क्षेत्रीय (सेन्ट्रल रोक्टर) योजना 1 फरवरी 2019 से संचालित है। योजना का उद्देश्य कृषकों को न्यूनतम आय सहायता प्रदान करना है। जिसकी राशि तीन समान किश्त 2000 रूपए कुल 6000 रूपए प्रति वर्ष कृषकों के बैंक खाते में अंतरित की जाती है। इस अवसर पर अशोक देवांगन, रोहित चंद्राकर, विवेक साहू, मनोज साहू,एस.के. सिंह,नागेश्वर लाल पांडे, डॉ गुंजन झा एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं किसान मौजूद रहे।

**दर्शन**



## राम भक्तों को लेकर आस्था स्पेशल ट्रेन से दूसरा जत्था अयोध्या रवाना

**उतई।** दुर्ग रेलवे स्टेशन से आस्था स्पेशल ट्रेन से राम भक्तों की दूसरा जत्था दुर्ग लोकसभा के आम जन मानस को  रवाना हुई आस्था स्पेशल ट्रेन को दुर्ग सांसद विजय बघेल विधायक ललित चंद्राकर डोमन लाल कोर्सेवाडा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया रवाना हुई आस्था स्पेशल ट्रेन से बड़ी संख्या में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के आम जनमानस रवाना हुए  इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि आज दुर्ग रेलवे स्टेशन से लगभग दुर्ग लोकसभा क्षेत्र 650 से 700 अधिक आम जनमानस रवाना हुए हैं  हम सभी को अवसर  प्राप्त नहीं होता की रामलला के दर्शन हो जाए किस्मत वालों को रामलला अपने दरबार पर दर्शन को बुलाते हैं छत्तीसगढ़ की सरकार के द्वारा आगामी दिनों रामलला दर्शन योजना के तहत सीनियर सिटीजन को दर्शन को लेकर जाएगी मर्यादा पुरुषोत्तम राम हम सभी के आस्था के केंद्र हैं और उनकी मनमोहक बाल छवि देखकर मन प्रफुल्लित हो जाता है देश की विपक्षी पार्टी हमेशा हमसे कहती थी मंदिर  कब बनाओगे लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की नेतृत्व वाली सरकार के द्वारा अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण करवाया एक माह के अंतर्गत 67 लाख से अधिक राम भक्तों ने मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के दर्शन किए ।

## प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर की वार्षिक परीक्षाएं 1 अप्रैल से 8 अप्रैल तक

**धमतरी 29 फरवरी ।** जिला परीक्षा कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार जिले में एकरूपता लाने के उद्देश्य से सतत् समग्र मूल्यांकन वार्षिक परीक्षा 1 अप्रैल से 8 अप्रैल तक आयोजित होगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि प्राथमिक स्तर (कक्षा पहली से पांचवीं) की सुबह 8 से 10 बजे एवं माध्यमिक स्तर  (कक्षा छठवीं से आठवीं) की परीक्षा सुबह 8 से 11 बजे तक होगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने यह भी बताया कि परीक्षा अवधि में किसी भी शिक्षक को अवकाश की पात्रता नहीं होगी। जारी समय सारिणी अनुसार प्राथमिक स्तर की परीक्षा 01 से 04 अप्रैल तक होगी। इनमें 1 अप्रैल को कक्षा पहली की हिन्दी, दूसरी का गणित, तीसरी का पर्यावरण, चौथी का अंग्रेजी और कक्षा पांचवीं की गणित विषय की परीक्षा होगी। इसी तरह 2 अप्रैल को कक्षा पहली की अंग्रेजी, दूसरी की हिन्दी, तीसरी की गणित, चौथी की हिन्दी, पांचवीं कक्षा की पर्यावरण, 3 अप्रैल को पहली कक्षा की गणित, दूसरी की अंग्रेजी, तीसरी की हिन्दी, चौथी की पर्यावरण और पांचवीं कक्षा की अंग्रेजी तथा 4 अप्रैल को कक्षा तीसरी की अंग्रेजी, चौथी की गणित और कक्षा पांचवीं की हिन्दी विषय की परीक्षा आयोजित की जायेगी। माध्यमिक स्तर की वार्षिक परीक्षा 01 से 08 अप्रैल तक होगी। इसमें 01 अप्रैल को कक्षा छठवीं की अंग्रेजी, सातवीं की संस्कृत, आठवीं की गणित, 2 अप्रैल को छठवीं की हिन्दी, सातवीं की गणित, आठवीं की संस्कृत, 3 अप्रैल को छठवीं की सामाजिक विज्ञान, सातवीं की हिन्दी, आठवीं की विज्ञान, 4 अप्रैल को छठवीं की संस्कृत, सातवीं की विज्ञान, आठवीं की हिन्दी, 6 अप्रैल को कक्षा छठवीं की विज्ञान, सातवीं की सामाजिक विज्ञान, आठवीं की अंग्रेजी तथा 8 अप्रैल को कक्षा छठवीं की गणित, सातवीं की अंग्रेजी और कक्षा आठवीं की सामाजिक विज्ञान की परीक्षा होगी।

# कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले के विभिन्न विकास कार्यों, स्कूल और स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण

**दुर्ग, 29 फरवरी ।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज जिले के विभिन्न विकास कार्यो एवं गतिविधियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खुर्सीपार स्थित दुर्गा मंदिर बालवाड़ी और प्राथमिक शाला, स्वामी आत्मानंद जनता स्कूल भिलाई-3, कृषि विज्ञान केन्द्र पांहदा तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झीट पाटन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर ने खुर्सीपार स्थित शासकीय प्राथमिक शाला दुर्गा मंदिर में बालवाड़ी का निरीक्षण किया। उन्होंने विशेषतौर पर बच्चों को पढ़ाई के अलावा अन्य रचनात्मक गतिविधियों के बारे में प्रशिक्षण दिये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ÷भवन ही सीखने का साधन है।÷ बालवाड़ी के भवन में चित्रों और रोचक सजावट के जरिए छोटे बच्चों को किसी भी विषय में सरलता से सिखाया जा सकता है। संबंधित अधिकारियों ने कलेक्टर को बताया कि आह्वान संस्थान द्वारा समय-समय पर शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों की जानकारी बालवाड़ी व स्कूल के शिक्षकों को दी जा रही है। रचनात्मक गतिविधियों के द्वारा पाठ्यक्रम को और रोचक बनाया जा सकता है जिससे बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ कौशल उन्नयन की ओर बढ़े। इसके अलावा उन्होंने बच्चों को खेलकूद में आगे बढ़ाने हेतु प्रोत्साहित करने कहा।

कलेक्टर ने भिलाई-3 पहुंचकर स्वामी आत्मानंद जनता इंगलिश मिडियम स्कूल भी देखा। उन्होंने प्राचार्य से स्कूल में चल रही



विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने परिसर में बन रहे निर्माणाधीन ऑडिटोरियम भी देखा। उन्होंने परिसर में लैंड स्कैपिंग का कार्य शीघ्र पूरा करने तथा ऑडिटोरियम के लिए पृथक प्रवेश द्वार बनाने के लिए कहा। ऑडिटोरियम के पृथक द्वार होने से स्कूल की गतिविधियों पर इसका प्रभाव नही पड़ेगा। साथ ही उन्होंने वॉश बेसिन और अन्य आवश्यक जगहों पर सोकपीट बनाने कहा।

कलेक्टर ने सिरसा गेट चौराहे का भी अवलोकन किया। सड़क निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। इसके अलावा सड़क के बीच डिवाइडर बनाने व पौधा रोपण किये जाने के निर्देश दिये। चौराहे पर स्थित सिरसा गेट का सौन्दर्यीकरण किया जाना सुनिश्चित करने कहा कलेक्टर ने पाटन विकास खण्ड के अंतर्गत पांहदा में कृषि विज्ञान केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र द्वारा कृषि विकास मृदा उपचार एवं पशु पालन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यो की प्रदर्शनी देख, ज्यादा से ज्यादा किसानों को जागरूक कर इनका लाभ दिलाने कहा। केंद्र के वैज्ञानिकों से चर्चा करते हुए जिले में दुग्ध एवं अण्डा उत्पादन बढ़ाने की दिशा में कार्य करने कहा। निरीक्षण के दौरान डॉ. विजय जैन को अन्य खेती करने वाले किसानों को नई तकनिकी के साथ उन्हे उन्नत खेती करने प्रोत्साहित किया जाना सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने वहां के उत्पादनों को देखा और निर्देशित किया कि अन्य किसानों को प्रशिक्षित करें ताकि वह भी अपनी खेती अच्छे से कर सके। उनके फसल की उत्पादन क्षमता बढ़ सके। साथ ही अधिकारियों से क्षेत्र में उत्पादित होने वाले कृषि उत्पादों को सी-मार्ट के अलावा शहर के प्रमुख शॉपिंग काम्प्लेक्स में भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।कलेक्टर सुश्री चौधरी ने झीट में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विशेषतौर से साफ-सफाई रखने निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने पौधारोपण करने एवं पेवर ब्लॉक लगाये जाने के निर्देश दिए। अस्पताल परिसर के सौन्दर्यीकरण किया जाना सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों के साथ-साथ उनके परिजनों के लिए भी बैठक व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अश्वनी कुमार देवांगन, एसडीएम पाटन श्री दीपक निकुंज तथा अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

# अमृतकाल में हमारा देश और राज्य विकास की नई ऊंचाईयां छुएगा : मुख्यमंत्री साय

## छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र का समापन

रायपुर, 28 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के समापन के अवसर पर कहा कि यह अमृत काल है इस अमृत काल में हमारा देश और हमारा राज्य विकास की नई ऊंचाईयां छुएगा। हमारी सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा छत्तीसगढ़ के नागरिकों को दी गई गारंटी को प्रतिबद्धता के साथ पूरा कर रही है। आगामी 5 वर्षों में उनकी हर गारंटी को पूरा करने के लिए हमारी सरकार वचनबद्ध है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस मौके पर बजट सत्र के सफल संचालन के लिए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, मंत्रियों, सहित पक्ष-विपक्ष के सभी विधायकों के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष ने स्वास्थ्य ठीक न होने के बावजूद आपने दायित्वों का निर्वहन किया। उनके मार्गदर्शन में इस सत्र का संचालन सफलतापूर्वक हुआ। उन्होंने सदन के संचालन में नेता प्रतिपक्ष द्वारा दिए गए सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। संसदीय कार्य मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने अपने अनुभवों से सत्र को नया आयाम दिया।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मंत्रिमंडल के सभी साथी अपने-अपने विभागों के माध्यम से आम नागरिकों के लिए कल्याणकारी योजनाएं लेकर आए। सत्र के संचालन में विधानसभा के अधिकारी-कर्मचारियों सहित सभी विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों ने कर्मठता के साथ अपने दायित्वों का निर्वाह किया। सुरक्षाकर्मियों ने अपना दायित्व बखूबी निभाया। उन्होंने विधानसभा में सरकार द्वारा लिए गए निर्णय को तत्परतापूर्वक नागरिकों तक पहुंचाने के लिए मीडिया के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।श्री साय ने कहा कि हमने छत्तीसगढ़ में सुशासन स्थापित करने का संकल्प लिया है, इस दिशा में हमने काम भी शुरू कर दिया है। इस सत्र की विशेष बात यह रही कि कई बार ऐसा लगा कि सत्ता पक्ष पर ही विपक्ष की भूमिका निभाने का दायित्व आ पड़ा था। सदन में पहली बार चुनकर आए विधायकों का प्रदर्शन भी बहुत शानदार रहा, मैं उन सभी को बधाई देता हूं। हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की नीति पर चलते हुए राज्य का विकास करेगी। हमारी सरकार सुनिश्चित करेगी कि छत्तीसगढ़ सरकार और भारत सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचे और हम अंत्योदय के लक्ष्य को हासिल करें। आदिवासी वनवासियों, किसानों, युवाओं और महिलाओं तक उनके अधिकारों की पहुंच सुनिश्चित की जाएगी।



# जरूरतमंदों को उदारतापूर्वक ऋण प्रदान करें बैंकर्स : कलेक्टर

- जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 5 किलोमीटर क्षेत्र में बैंकिंग सुविधाएं होनी चाहिए
- महतारी वंदन योजना अंतर्गत आधार कार्ड बैंक खाते से लिंक रहने पर मिलेगा योजना का लाभ

राजनांदगांव ■ तरुण छत्तीसगढ़




कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय सलाहकर समिति (डीएलसीसी) की बैठक ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बैंकर्स से कहा कि छोटा व्यवसाय करने वाले लघु उद्यमियों एवं जरूरतमंदों को उदारतापूर्वक ऋण प्रदान करें। आपके मदद एवं सहयोग से किसी की जिंदगी बदल सकती है। छोटे स्तर पर व्यवसाय प्रारंभ करने वाले उद्यमी जल्दी से जल्दी ऋण चुकाने का प्रसास करते हैं, ताकि उन्हें आगे और ऋण प्राप्त हो सके। छोटे उद्यमियों को ऋण प्रदान करना बैंकों की ताकत है। इससे सरकार के आत्मनिर्भर भारत और हर व्यक्ति को रोजगार देने की की मंशा पूरी होती है। कलेक्टर ने सभी बैंकों को शाख जमा अनुपात (सीडी रेशो) बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जितना अधिक उद्यमी ऋण लेगें, उतना ही अधिक सीडी रेशो बढ़ेगा। जिले में साख जमा अनुपात भारतीय रिजर्व बैंक के मापदण्डों से बेहतर रहना चाहिए। उन्होंने कृषि तथा मध्यम एवं लघु उद्योग के लिए अच्छा प्रदर्शन करने तथा विशेष तौर पर ऋण प्रदान करने के लिए सभी बैंकर्स को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में अधिक से अधिक ऋण प्रदान कर जनसामान्य को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि जिले में महिला स्वसहायता समूह मजबूती से कार्य कर रही है और आर्थिक स्वावलंबन के अद्भुत परिणाम मिल रहे हैं। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए इस दिशा में कार्य करते हुए अधिक से अधिक ऋण प्रदान करें। उन्होंने कहा कि जिले में धान की बिक्री करने वाले पंजीकृत किसानों का अभियान चलाकर शत-प्रतिशत किसान क्रेडिट कार्ड बनाने की जरूरत है। उन्होंने इसके लिए प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने पशुपालन विभाग, मछली पालन विभाग सहित उद्योग विभाग एवं अन्य विभागों के प्रकरणों में आ रही दिक्कतों का निराकरण करने के लिए कहा। लंबित प्रकरणों का शिविर लगाकर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है, जिसका क्रियान्वयन प्राथमिकता से किया जा रहा है। डीबीटी के माध्यम से हितग्राहियों के खाते में राशि पहुंचेगी, इसके लिए यह जरूरी है कि आधार कार्ड बैंक खाते से लिंक रहे। इस पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 5 किलोमीटर क्षेत्र में बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। कलेक्टर ने पशुपालन, मछली पालन, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, स्टैण्डप योजना, पीएम स्वनिधि योजना, शिक्षा ऋण, पीएम सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम सहित शासन की विभिन्न योजना अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना अंतर्गत बैंक खाते से आधार लिंक करने हेतु ध्यान देते हुए कार्य करें। उन्होंने लखपति दीदी तथा महिला स्वसहायता ऋण स्वीकृति के संबंध में कहा। नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने नगरीय निकाय अंतर्गत शासन की विभिन्न योजनओं में लंबित प्रकरणों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने इसके निराकरण के संबंध में कहा। लीड बैंक मैनेजर श्री सत्येन्द्र मलिक ने कहा कि जिले में 124 बैंक शाखाएं तथा 128 एटीएम है।

# देह व्यापार कराने का आरोपी गिरफ्तार

तरूण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छूरिया,29 फरवरी।** मामले का विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी दिनांक 26/02/2024 को थाना छुरिया उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने पत्नी के साथ नागपुर में काम करता है अपनी बेटी को अपनी बहन के घर छोड़ा है जो दिनांक 04.02.2024 को घर से छुरिया बैंक जा रही हूं कहकर निकली थी जो आज तक वापस नहीं आयी है कोई व्यक्ति उसे अपने साथ बहला फुसलाकर ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना छुरिया में अपराध क्रमांक 35/2024 धारा 363 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रार्थी एवं परिजनों का कथन लेख किया गया जिन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले एक नंबर से अपहृता इनसे संपर्क करने का प्रयास कर रही है लेकिन बात नहीं हो पा रही है इतना कह रही है कि मैं रायगढ में हूं मुझे ये लोग जाने नहीं दे रहे है उससे आगे बात नहीं हो पाती है घटना की जानकारी को अवगत कराया गया। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखकर अपहृता की बरामदगी हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग से निर्देश प्राप्त कर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री राहुल देव शर्मा एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ श्री आशीष कुंजाम के मार्गदर्षन में एवं सायबर सेल से तकनीकी सहायता प्राप्त कर थाना प्रभारी छुरिया निरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास के नेतृत्व में रायगढ़ में पुलिस टीम रवाना किया गया। पुलिस टीम ने अपहृता को साधना वैष्णव नामक महिला निवासी वार्ड नंबर 36 बाझीनपाली थाना जुटमील जिला रायगढ के कब्जे से बरामद किया गया। पीड़िता से विधिवत पुछताछ करने पर बतायी कि संध्या वैष्णव उससे रायपुर में देह व्यपार करायी है व स्वयं भी देह व्यपार में संलिप्त थी। दिनांक 20.02.2024 को पीड़िता को अपने साथ लेकर रायगढ़ बाझीनपाली क्षेत्र में आकर एक किराये का मकान लेकर वहां भी स्वयं और पीड़िता से देह व्यपार कराना बतायी। आरोपिया साधना उर्फ संध्या वैष्णव से पुछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किये जिसे गिरफ्तार कर दिनांक 28.02.2024 को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी छुरिया निरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास, सउनि सत्तुलाल कंवर, आर. 1445 आयुब एक्का, आर.1683 असवन वर्मा, आर.1432 द्वारिका कलारी, म.आर.379 नेहा बंजारे थाना डोंगरगढ़ का विशेष योगदान रहा।




## कृषि मेला सह कृषक संगोष्ठी संपन्न

**राजनांदगांव 29 फरवरी ।** कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव में भारतीय मृदा विज्ञान संस्था, भोपाल, टीएसपी एक्रीप मुलार्प रायपुर एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में कृषि विज्ञान केन्द्र प्रक्षेत्र सुरगी में कृषि मेला सह कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद श्री संतोष पाण्डे, कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि श्री कोमल सिंह राजपूत, श्री बिशेषर दास साहू एवं श्री हिरेन्द्र साहू, प्रधान वैज्ञानिक डॉ. आर इलनचेलियन, वैज्ञानिक डॉ. प्रभात त्रिपाठी, डॉ. निशा साहू, डॉ. एम वसंदा कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नारायण लाल, वैज्ञानिक भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान.

# शहीद संदीप यदु को शहादत दिवस पर महापौर ने प्रतिमा में माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

राजनांदगांव 29 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

अमर जवान शहीद संदीप यदु के शहादत दिवस के अवसर पर 28 फरवरी को हाट बाजार स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने उनकी माता श्रीमती कुमारी बाई यदु, धर्मपत्नी श्रीमती गिरजा यदु तथा उनके परिजनों की उपस्थिति में शहीद यदु की प्रतिमा में माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये। महापौर श्रीमती देशमुख सहित नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, पार्षद श्री शिव वर्मा, श्रीमती मधु बैद,श्री विजय राय, पार्षद प्रतिनिधि श्री अरूण साहू तथा बसंतपुर थाना प्रभारी ने भी शहीद संदीप यदु की प्रतिमा में पुष्पांजली अर्पितकर उन्हे श्रद्धांजली दिये। महापौर श्रीमती देशमुख ने शहीद संदीप यदु को श्रद्धांजली देते हुये कहा कि मैं उनकी माता, उनकी पत्नी व बच्चे को प्रणाम करती हूँ, जिन्होंने अपने घर का चिराग खोया, अपना सुहाग खोया। उन्होंने कहा कि हमारे नगर का जवान जो आरक्षक के पद पर कार्यरत था, वो आज ही के दिन दंतेवाडा के नकुलनार बचेली मार्ग पर हुये नक्सली हमले में शहीद हो गये थे। छत्तीसगढ़ की धरती उनका ऋण कभी नहीं चुका सकती। हमरे जवान शरहद में जाकर देश की सुरक्षा के लिये डटे रहते है और लड़ते हुये वीर गति को प्राप्त कर लेते है। श्री यदु ने भी देश और प्रदेश के लिये अपने प्राणों को न्योछावर कर दिये। मै पुनः उन्हे श्रद्धांजलिय अर्पित करती हूॅ। श्री किशुन यदु एवं अन्य अतिथियों ने भी शहीद संदीप यदु के शहादत को याद कर अपनी श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर शहीद यदु के परिजन सहित वार्डवासी उपस्थित थे।



# आयुक्त एवं निगम के अधिकारी रोज सफाई एवं निर्माण कार्य का कर रहे निरीक्षण

राजनांदगांव 29 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़



नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता अधिकारियों के साथ प्रत्येक दिन प्रातः वार्डो में सफाई व्यवस्था के साथ साथ निर्माण कार्य का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे है। आज प्रातः 10 बजे उनके द्वारा निगम कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर समय में उपस्थित होने एवं अपने दायित्वों का निर्वाहन करने के कर्मचारियों को हिदायत दिये। प्रातः निरीक्षक में आयुक्त श्री गुप्ता गत दिवस मोहारा क्षेत्र का निरीक्षण कर सफाई कर्मियों की उपस्थिति पत्रक की जॉच कर अनुपस्थित कर्मचारियों की जानकारी लिये, उन्होंनें स्वास्थ्य अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल से कहा कि कोई भी कर्मचारी बिना कारण अनुपस्थित नही रहेगे और निर्धारित समय तक अपने अपने क्षेत्र में सफाई कार्यो का संपादन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन साफ सफाई की मानिटरिंग करे, और सफाई में कोताही पर दण्डात्मक कार्यवाही करे। आयुक्त श्री गुप्ता ने मोहारा तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का जायजा लेकर किये जा रहे कामों की जानकारी ली और कहा कि काम में गति लावे, तथा गुणवत्ता के साथ समय सीमा में कार्य पूर्ण करे। जिससे वार्डवासियों को विकास कार्य का लाभ मिल सके। निरीक्षण की कडी में उनके द्वारा आज प्रातः 10 बजे आकस्मिक रूप से नगर निगम कार्यालय आये और सभी विभागों में जाकर अधिकारियों व कर्मचारियों की जानकारी लिये उन्होंने कहा कि सभी लोग निर्धारित समय प्रातः 10 बजे प्रार्थना स्थल पर उपस्थित होगे तथा कार्यालयीन अवधि में अपने कार्यो का निर्वाहन करेंगे, कोई भी कर्मचारी अनावश्यक रूप से इधर उधर नही घुमेंगे जनता की समस्याओं का समय सीमा में निराकरण करेंगे। उन्होंने कहा कि अपने कार्य में लापरवाही पर संबंधित के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जावेगी। आयुक्त के निर्देश पर प्र.कार्यपालन अभियंता श्री कामना सिंह यादव,प्र.सहायक अभियंता सुश्री पिंकी खाती ने नंदई मोहड वार्ड में निर्माण कार्य का निरीक्षण किया, जिसके तहत नंदई में सतनामी समाज सामुदायिक भवन निर्माण व दुर्गा मंच के पास अतिरिक्त कमरा निर्माण का जायजा लेकर सामाजिक लोगो के अनुसार निर्माण करने, तराई कराने के निर्देश उप अभियंता श्री तिलक राज ध्रुव को निर्देशित किये।

## एक नजर

### कोयलीबेड़ा नक्सली मुठभेड़ की जांच हेतु समिति का गठन

**रायपुर,29 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भोमरा हुरतराई मिच्चेबेड़ा एवं आसपास के क्षेत्र में सर्चिंग के दौरान कथित नक्सली मुठभेड़ में तीन ग्रामीणों की हुई मौत की घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पूर्व विधायक शिशुपाल सोरी के नेतृत्व में सात सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है।जांच समिति में पूर्व विधायक शिशुपाल सोरी संयोजक, पूर्व विधायक संतराम नेताम सदस्य, पूर्व विधायक शंकरलाल ध्रुव सदस्य, प्रदेश उपाध्यक्ष बीरेश ठाकुर सदस्य, प्रदेश महामंत्री नरेश ठाकुर सदस्य, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रूपसिंह पोटाई सदस्य, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुभद्रा सलाम सदस्य है। जांच समिति के सदस्यों को कहा गया है कि वे अविलंब प्रभावित गामों का दौरा कर पीड़ित परिजनों सहित स्थानीय ग्रामवासियों से भेंट एवं चर्चा कर घटना की वस्तुस्थिति से अवगत होकर अपना प्रतिवेदन प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित करें।

### जान से मारने का प्रयास,पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**राजनांदगांव ,29 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** प्रार्थी निलेश महोबे पिता नकुल महोबे उम्र करीबन 27 साल निवासी रामनगर शंकरपुर वार्ड नं0 07 राजनांदगांव का दिनांक 24.02.2024



को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की दिनांक 24.02.24 को संत रविदास जयंती के उपलक्ष्य में रविदास समाज द्वारा रामनगर शंकरपुर महावीर चौक गुरूद्वारा चौक होते हुए नवागांव तक रैली निकाले थे। रैली के बाद दोपहर लगभग 02:30 से 03:00 बजे ममता नगर के पास आरोपी करण जगने एवं अजय जगने द्वारा प्रार्थी के भाई महेश महोबे जो रविदास समाज का अध्यक्ष है, को जान से मारने की योजना बनाकर अपने पास रखे चाकू से महेश महोबे के कमर के पास पेट मे चाकू से एवं अजय जगने उसके सिर मे राड से वार कर प्राण घातक हमला किये थे कि रिपोर्ट पर आरोपियो के खिलाफ अप0क्र0 129/24 धारा 307, 34 भादवि0 कायम कर एक आरोपी करण जगने पिता बन्टू जगने उम्र 23 साल साकिन रामनगर वार्ड नं0 07 मोची बस्ती शंकरपुर ओ0पी0 चिखली जिला राजनांदगांव छ0ग0 को दिनांक 25.02.2024 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

### पर्यावरण संरक्षण में जीवाश्म ईंधन सबसे बड़ा रोड़ा : हारुन मानिकपुरी

**छूरिया 29 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ दुर्ग के संभाग उपाध्यक्ष हारुन मानिकपुरी ने कहा कि जीवाश्म ईंधन के निष्कर्षण से वनों की कटाई,आवास विनाश और जल प्रदूषण होता है। जिससे जैव विविधता की हानि और परिस्थितिकी तन्त्र क्षरण हो रहा है। जीवाश्म ईंधन का निष्कर्षण और उत्पादन अक्सर स्वदेशी लोगों , स्थानीय समुदायों और पर्यावरण रक्षकों के अधिकारों का उलंघन करता है। जिन्हें भूमि कब्जा , विस्थापन, हिंसा, धमकी, अपराधीकरण का सामना करना पड़ता है। जीवाश्म ईंधन को गंभीर मानवाधिकार क्षति से जोड़ा जा सकता है। छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ दुर्ग के संभाग उपाध्यक्ष हारुन मानिकपुरी ने कहा कि वनों से रोज सैकड़ों हरी-भरी लकड़ियां काट दिया जाता है। बढ़ती हुई आबादी की जरूरतों के कारण एवं राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते पर्यावरण संरक्षण में लगे अधिकारी कर्मचारी बौने साबित होते हैं।



### महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए बैंक खाते में कराएं आधार लिंक

**राजनांदगांव ,29 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** राज्य शासन की महतारी वंदन योजना अंतर्गत जिले की 2 लाख 59 हजार 192 महिलाओं ने आवेदन प्रस्तुत किया है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में इस योजना के प्रति महिलाओं में उत्साह एवं हर्ष दिखा। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में महतारी वंदन योजना के फार्म भरवाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था किए गए थे। फार्म भरने में महिलाओं को कोई दिक्कत नहीं हो, इसके लिए महिलाओं को मार्गदर्शन भी दिया गया। फार्म भरने के लिए महिलाएं बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी केन्द्र एवं वार्ड कार्यालय में पहुंचीं। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरप्रीत कौर ने बताया कि महतारी वंदन योजना के अंतर्गत डीबीटी (डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर) के माध्यम से भुगतान किया जाएगा।

## पुलिस कप्तान और टीम ने ध्वस्त किया पुराना नक्सली स्मारक

**मोहला,29 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** बुधवार को पुलिस कप्तान श्रीमती रत्ना सिंह और उनकी टीम ने महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ सिमा में लगे पुराने नक्सली स्मारक को ध्वस्त किया साथ तथा उनके नेतृत्व में अतिरिक्त



पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर(भापुसे), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) प्रशांत कतलम, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मॉनपुर मयंक तिवारी, उप पुलिस अधीक्षक (आप्स) ताजेश्वर दिवान तथा थाना औंधी स्टाफ व डीआरजी की टीम औंधी से गढ़चिरौली सीमा तक एरिया डॉमिनेशन, पेट्रोलिंग में निकली हुई थी । थाना औंधी के क्षेत्रांतर्गत मेढ़ा बुजुर्ग गाँव के आगे गढ़चिरौली रोड किनारे नक्सलियों द्वारा स्थापित पुराना स्मारक मिला द्य जिसे पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अधिकारी व जवानों द्वारा ध्वस्त किया गया।

## महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज ने संत शिरोमणी नरहरि महराज की पुण्यतिथि मनाई


**डोंगरगढ़ ,29 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज डोंगरगढ द्वारा संत शिरोमणी नरहरी महाराज की पुण्य तिथि 27 फरवरी दिन मंगलवार को राजस्थान होटल में समाज के पदाधिकारियो सहित सामाजिक स्वजातीय बंधु बांधव की उपस्थिति में श्रध्दापुर्वक मनाई गई। संत शिरोमणी नरहरी महाराज के तैल चित्र में माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्जवलीत कर पूजा अर्चना कर समाज के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यो को याद कर



उन्हें नमन किया गया । उक्त कार्यक्रम में गार्गी सोनी (कुहू) द्वारा गणेश वंदना की सुंदर प्रस्तुती दी गई । उक्त प्रस्तुती की सराहना उपस्थित स्वजातीय बंधुओं द्वारा की गई। उक्त कार्यक्रम में स्वजातीय बधुओं द्वारा समाजिक एक जुटता का संदेश दिया गया । उक्त कार्यक्रम में से महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज राजनांदगांव के अध्यक्ष राजेश डुंबरे एवं सचिव रूपेश फाये एवं डोंगरगढ़ महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज के वरिष्ठगण में रमेश बहेकर, सुदर्शन मस्के, शरद सेरेकर जी, वेंकटराव बहेकर, नितिन ढ़ोमने एवं महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज के महिला सदस्यों श्रीमती शोभा मस्के, सीमा सेरेकर, संध्या बहेकर, उर्मिला बहेकर, कविता मस्के, सुनिता मस्के, नीलिमा ढोमने, नीलिमा मस्के, सुनंदा हाड़गे, रीता हाड़के, रक्षा तांबेकर, मीना बहेकर, ममता बहेकर, चन्द्रकांता बहेकर, अनुजा बहेकर, यशोदा कारेमोरे, किरण कारेमोरे एवं कु. पूजा बहेकर इसी कड़ी में महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज नव युवक सदस्यगणो में बिरेन्द्र मस्के, सुरेश बहेकर, मुकेश हाड़गे, नरेश बहेकर, प्रणय तांबेकर, नितीन बहेकर, कीर्तन कारेमोरे, विपिन बहेकर, धनेन्द्र बहेकर, इनकी उपस्थिति मे कार्यक्रम सम्पन्न किया गया।

## तेजी से आकार ले रहा कला केंद्र, मार्च महीने से बच्चे और युवा बनेंगे हुनरमंद

**रायपुर ,29 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के मार्गदर्शन में नालंदा परिसर स्थित कला केंद्र आकार लेने लगा हैं। कला केंद्र का तेजी से निर्माण किया जा रहा है और मार्च महीने से संचालन शुरू किया जाएगा। इस केंद्र में बच्चे और युवाओं को विभिन्न कलाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा और जिससे वे हुनरमंद बन सकेंगे। कला केंद्र का संचालन कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति गठित कर किया जाएगा और प्रशिक्षर्थियों के लिए पंजीयन की भी सुविधा होगी। केंद्र में छोटे बच्चों से लेकर युवाओं तक को प्रशिक्षण दिया जाएगा। परिसर में अलग-अलग प्रशिक्षण कक्ष तैयार किए गए है। जहां प्ले आर्ट मेहंदी, बासुरी, तबला, हारमोनियम, बैंजो वादन आदि कलाओं का प्रशिक्षण के साथ साथ लोक संगीत, पियानो और गिटार का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। यहां डांस, जुंबा इत्यादि भी प्रशिक्षण मिलेगा। परिसर में वार्किंग एरिया भी बनाया गया है। गौरतलब है कि कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह नालंदा परिसर का निरीक्षण करने पहुंचे थे, तभी उन्होंने शहरवासियों के लिए कला केंद्र बनाने के निर्देश दिए। इससे कलाकारों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और लोगों को विभिन्न विधिओं का प्रशिक्षण प्राप्त हो सकेगा। कला केंद्र परिसर में गाने की रिकॉर्डिंग के लिए कक्ष का निर्माण किया गया है। परिसर में बनने वाले मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की समय-समय पर प्रस्तुति की सुविधा भी रहेगी।



## राशन कार्ड वितरण का सारा प्रपंच कांग्रेस और महापौर ने रचा : किशनु यदु

**राजनांदगांव,29 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** नगर निगम क्षेत्र में निजी एजेंसियों द्वारा कर की वसूली और राशन कार्ड वितरण को लेकर कांग्रेस पार्षद कुलबीर छाबड़ा के बयान को नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने उनकी अपरिपकवता बताया है। उन्होंने कहा कि - उन्होंने जितने भी मुद्दों पर बात की है उन सभी का संबंध नगर निगम, महापौर और कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार से है। इसके लिए भाजपा को दोषी बताया जाना महज उनकी अपरिपक्वता और मुद्दा विहिन राजनीति के लक्षण ही हैं। उन्होंने कहा कि राशन कार्डो का नवीनीकरण उपरांत वितरण नगर निगम की जिम्मेदारी है। महापौर और एमआईसी इसके लिए व्यवस्था सुनिश्चित कर सकती है। लेकिन वे खुद इससे दूर हैं और जनहित के कार्यों में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। वार्डों में शिविर लगाने की मांग तो भाजपा के पार्षद भी कर रहे हैं लेकिन महापौर और एमआईसी के सदस्य ही इस पर चुप हैं। निगम प्रशासन की खामियां और महापौर की उदासीनता का विरोध करने का साहस खुद कुलबीर छाबड़ा भी नहीं जुटा पा रहे हैं। इसलिए वे बेवजह राज्य शासन पर मिथ्या आरोप गढ़ खुद की जिम्मेदारी से बच रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष किशनु यदु ने कहा कि - यही नहीं नगर निगम में निजी एजेंसी द्वारा टैक्स की वसूली का सारा प्रपंच भी कांग्रेस ने ही रचा है। उन्होंने कहा कि जब पूर्व महापौर मधुसूदन यादव के कार्यकाल में वर्ष 2017 में जब इस योजना के लिए पत्र आया था तो उन्होंने इसे इसलिए रोक दिया ताकि जनता पर बोझ न पड़े और निगम के राजस्व सेवक प्रभावित न हों। यदु ने इस पर आगे बताया कि महापौर हेमा देशमुख ने ही इस कर वसूली प्रणाली को आगे बढ़ाया। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की 14 सितंबर 2022 को सैद्धांतिक सहमति पत्र क्रमांक 5733/3613/ 20- 21 दिनांक14/09/ 2021 मिलने के बाद 28 मार्च 2023 को निविदा मंगाई गई और दिनांक 25/09/2023 को एमआईसी की प्रक्रिया से गुजरने के बाद 03 अक्टूबर को वर्क ऑर्डर जारी कर दिया गया। यह पूरी प्रक्रिया महापौर हेमा देशमुख द्वारा कांग्रेस सरकार के मार्गदर्शन में नगर निगम से पूरी करवाई गई। इस तरह टैक्स की निजी कंपनियों से वसूली करवाने की जिम्मेदार भी कांग्रेस और महापौर हेमा देशमुख ही हैं।



## पश्चिमी प्रतिबंधों की आंच

एआई2 माइक्रोसिस्टम्स एवं अन्य कंपनियों पर लगे प्रतिबंधों का भारत पर क्या असर होगा, इसका भारत सरकार अभी आकलन कर रही है। इस बीच मीडिया में ऐसी खबरें भी आई हैं कि भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात नए प्रतिबंधों से प्रभावित होने लगा है। रूस पर लगे नए पश्चिमी प्रतिबंधों की आंच भारत तक पहुंच गई है। रूस में विपक्षी नेता एलेक्सी नवालनी की मौत और यूक्रेन युद्ध के दो साल पूरा होने के मौके पर अमेरिका और यूरोपियन यूनियन (ईयू) ने रूस और उससे कारोबार कर रही विदेशी कंपनियों पर नए प्रतिबंध लगा दिए। इस बार उन्होंने भारतीय कंपनियों को नहीं बख्शा, जबकि उसके पहले तक आम तौर पर रूस पर लगे प्रतिबंधों से भारत अछूता रहा था। ईयू के ताजा प्रतिबंधों के दायरे में सेमीकंडक्टर अनुसंधान से जुड़ी चेन्नई स्थित कंपनी एआई2 माइक्रोसिस्टम्स भी आई है। इस कंपनी की भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना तकनीक मंत्रालय के साथ सहभागिता है। इस रूप में कहा जा सकता है कि परोक्ष रूप से ईयू के प्रतिबंधों के दायरे में भारत सरकार भी आ गई है। एआई2 माइक्रोसिस्टम्स के रूसी कंपनियों के साथ कारोबारी रिश्ते बताए जाते हैं। एक अखबार की खबर के मुताबिक उस पर एवं अन्य कंपनियों पर लगे प्रतिबंधों का भारत पर क्या असर होगा, इसका भारत सरकार अभी आकलन कर रही है। इस बीच मीडिया में ऐसी खबरें भी आई हैं कि भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात नए प्रतिबंधों से प्रभावित होने लगा है। गुजरे दो साल में रूस के सस्ते कच्चा तेल को शोधित कर विश्व बाजार में बेचना कई भारतीय कंपनियों के लिए बेहद लाभकारी साबित हुआ। लेकिन आम अंदाजा है कि 2024 में इसे जारी रख पाना कठिन हो जाएगा। तो अब बड़ी तस्वीर यह उभरती है कि भू-राजनीतिक कारणों से पश्चिमी देश अब तक भारत के साथ जो खास रियायत बरत रहे थे, वह दौर अब गुजर रहा है।हाल में अन्य मामलों में भी दिखा है कि पश्चिमी देशों का भारत के प्रति रुख अचानक सख्त होने लगा है। संभवतः इसका कारण यह हो सकता है कि भू-राजनीतिक टकराव में अपने हक में भारत जिस भूमिका की उम्मीद उन्होंने बांधी थी, भारत ने उसके मुताबिक चलने से इनकार कर दिया। भारत संभवतः अपने हितों को साधने के लिए पश्चिम के करीब जा रहा था। इन दोनों मकसदों में टकराव का असर अब देखने को मिल रहा है।

**संपादकीय**

## डब्लूटीओ से ना-उम्मीदियां

पश्चिम और चीन के बीच संबंध उस मुकाम पर पहुंच चुके हैं कि उनके बीच विश्व-व्यापी मुक्त व्यापार पर समझौता होने की संभावना न्यूनतम बनी हुई है। इस टकराव का ही परिणाम है कि डब्लूटीओ गतिरोध का शिकार हो गया है। विश्व व्यापार संगठन (डब्लूटीओ) की 13वीं मंत्री स्तरीय बैठक अबू धाबी में बिना ज्यादा उम्मीद के माहौल में शुरू हुई है। दुनिया के मौजूदा रूझान के बीच यह मंच निष्प्रभावी अवस्था में पड़ा दिख रहा है। ऐसी संभावना नहीं है कि अबू धाबी बैठक में उन मूलभूत समस्याओं का निवारण होगा, जिसकी वजह से यह संगठन अपेक्षित भूमिका नहीं निभा पा रहा है।डब्लूटीओ के साथ सबसे बड़ी दिक्कत उसकी अपीलीय संस्था का निष्क्रिय अवस्था में पड़ा होना है। 2019 से विवाद निपटारे की महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली इस संस्था में जजों की नियुक्ति को अमेरिका ने रोक रखा है। तब डॉनल्ड ट्रंप अमेरिकी राष्ट्रपति थे, जो मुक्त व्यापार की नीति के घोषित विरोधी थे। मगर जनवरी 2021 में राष्ट्रपति बनने के बाद जो बाइडेन ने भी डब्लूटीओ के बारे में नीति बदलने का प्रयास नहीं किया। उन्होंने चीन के खिलाफ व्यापार युद्ध को जारी रखा। बल्कि एक कदम और बढ़ते हुए वे अमेरिका में औद्योगिक नीति लागू करने में जुट गए।ये दोनों कदम सिरे से डब्लूटीओ के नियमों और भावना के खिलाफ हैं। उधर दुनिया का सबसे बड़ा निर्यातक देश चीन ने डब्लूटीओ के दायरे से बाहर रहते हुए अलग-अलग देशों और देश-समूहों के साथ मुक्त व्यापार समझौता करने की नीति अपना रखी है। वैसे, चूंकि डब्लूटीओ उसके लिए फायदेमंद साबित हुआ है, इसलिए वह इस मंच को सक्रिय करने में भी जुटा हुआ है। मगर पश्चिम और चीन के बीच संबंध उस मुकाम पर पहुंच चुके हैं कि उनके बीच विश्व-व्यापी मुक्त व्यापार पर समझौता होने की संभावना न्यूनतम बनी हुई है।इस टकराव का ही परिणाम है कि डब्लूटीओ गतिरोध का शिकार हो गया है। 26 से 29 फरवरी तक चलने वाली 13वीं मंत्री स्तरीय वार्ता के एजेंडे में वैसे तो कई प्रमुख मुद्दे हैं। इनमें चीन की तरफ से नियमबद्ध निवेश के लिए पेश एक प्रस्ताव भी है। बताया जाता है कि जो देश इसका विरोध कर रहे हैं, उनमें भारत प्रमुख है। चूंकि इस संगठन में फैसले आम सहमति से होते हैं, इसलिए चीन के प्रस्ताव का पारित हो पाना मुश्किल है। ऐसी ही आशंका अन्य मुद्दों को लेकर भी है।

**मतदान** ललित गर्ग

# अधिकतम मतदान का आव्हान एक क्रांतिकारी शुरूआत



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम से तीन माह के लिए विराम लेते हुए लोकतंत्र के महाकुंभ चुनाव में पहली बार वोटर बने युवाओं से रिकार्ड संख्या में मतदान का आग्रह किया। अधिकतम संख्या में मतदान लोकतंत्र की जीवंतता का प्रमाण होने के साथ लोकतंत्र के बलशाली होने का आधार हैं और जनता की सक्रिय भागीदारी का सूचक है। इस बार लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की संख्या लगभग 97 करोड़ है, इनमें बड़ी संख्या युवाओं की है। इसीलिये मोदी ने मतदान में युवाओं की सक्रिय भागीदारी का आह्वान करके एक जागरूक, सक्षम एवं जुझारु राजनेता का परिचय दिया है। अधिकतम मतदान भारतीय लोकतंत्र को अधिक स्वस्थ, सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाने की एक सार्थक मुहिम है। सभी मतदाताओं को मतदान के प्रति वैसा ही उत्साह दिखाना चाहिए जैसा कुछ समय से महिलाएं दिखा रही हैं। प्रधानमंत्री ने युवाओं से यह भी अपील की कि वे राजनीतिक गतिविधियों का हिस्सा बनें और राजनीतिक-चर्चाओं को लेकर जागरूक भी रहें। विशेषतः विभिन्न राजनीतिक दलों की लोकलुभावन घोषणाओं एवं चुनावी घोषणा पत्रों पर युवाओं को गहराई से जानकारी हासिल करना चाहिए कि इन घोषणाओं का आधार क्या है, इनके लिये धन कहां से आयेगा? चुनावी तैयारियों का जायजा लेने चेन्नई गए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने इसी बात को उठाते हुए कहा है कि यदि राजनीतिक दलों को अपने घोषणापत्रों में लोकलुभावन वादे करने का अधिकार है तो मतदाताओं को यह जानने का हक भी है कि क्या वे वादे व्यावहारिक हैं और उन्हें लागू करने के लिए धन का प्रबंध कहां से किया जाएगा।

अगले माह लोकसभा चुनाव की संभावित घोषणा और उसके चलते आचार संहिता लागू हो जायेगी। अधिकतम मतदान लोकतंत्र में जन-भागीदारी का अवसर मात्र ही नहीं हैं, बल्कि देश की दशा-दिशा तय करने में आम आदमी के योगदान का भी परिचायक है। अधिकतम मतदान के लिए माहौल बनाने की आवश्यकता इसलिए है, क्योंकि देश के कुछ हिस्सों में मतदान प्रतिशत अपेक्षा से कहीं कम होता है। विडंबना यह है कि आमतौर पर कम प्रतिशत महानगरों में अधिक देखने को मिलता है। इसका कोई मतलब नहीं कि सरकारों अथवा राजनीतिक दलों के तौर-तरीकों की आलोचना तो बढ़-चढ़कर की जाए, लेकिन मतदान करने में उदासीनता दिखाई जाए। आमतौर पर मतदान न करने के पीछे यह तर्क अधिक सुनने को मिलता है कि मेरे अकेले के मत से क्या फर्क पड़ता है? एक तो यह तर्क सही नहीं, क्योंकि कई बार दो-चार मतों से भी हार-जीत होती है और दूसरे, अगर सभी यह सोचने लगें तो फिर लोकतंत्र कैसे सबल एवं सक्षम होगा? इस दृष्टि से प्रधानमंत्री मोदी का अधिकतम मतदान को प्रोत्साहन देने का उपक्रम एवं आव्हान एक क्रांतिकारी शुरूआत कही जा सकती है। इसका स्वागत हम इस सोच और संकल्प के साथ करें कि हमें अपने मतदान से आगामी आम चुनाव में भ्रष्टाचार, राजनीतिक अपराधीकरण एवं राजनीतिक विसंगतियों पर नियंत्रण करना है।

अधिकतम मतदान के संकल्प से हमें मतदान का औसत प्रतिशत 55 से 90-95 प्रतिशत तक ले जाना चाहिए, ताकि इस लक्ष्य को हासिल करके हम भारतीय राजनीति की तस्वीर को नया रूख दे सके। मतदान करना हर नागरिक का मौलिक अधिकार है और कर्तव्य भी है, लेकिन विडम्बना है हमारे देश की कि आजादी के 77 वर्षों बाद भी नागरिक लोकतंत्र की मजबूती के लिये निष्क्रिय है। ऐसा लगता है जमीन आजाद हुई है, जमीर तो आज भी कहीं, किसी के पास गिरवी रखा हुआ है। अधिकतम मतदान की दृष्टि से श्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में मुख्यमंत्री रहते हुए एक अलख जगाई थी। अनिवार्य वोट के लिये कानून लागू करना ही होगा और इस पहल के लिये सभी दलों को बाध्य होना ही होगा, क्योंकि भारतीय लोकतंत्र में यह नई जान फूंक सकती है। अब तक दुनिया के 32 देशों में अनिवार्य मतदान की व्यवस्था है लेकिन यही व्यवस्था अगर भारत में लागू हो गई तो उसकी बात ही कुछ और होगी और वह दुनिया के लिये अनुकरणीय साबित होगी। यदि ऐसा हुआ तो अमेरिका और ब्रिटेन जैसे पुराने और सशक्त लोकतंत्रों को भी भारत का अनुसरण करना पड़ सकता है, हालांकि भारत और उनकी परिस्थितियां एक-दूसरे के बिल्कुल विपरीत है। भारत में अमीर लोग वोट नहीं डालते और इन देशों में गरीब लोग वोट नहीं डालते।

भारत इस तथ्य पर गर्व कर सकता है कि जितने मतदाता भारत में हैं, दुनिया के किसी भी देश में नहीं हैं और लगभग हर साल भारत में कोई न कोई ऐसा चुनाव अवश्य होता है, जिसमें करोड़ों लोग वोट डालते हैं लेकिन अगर हम थोड़ा गहरे उतरें तो हमें बड़ी निराशा भी हो सकती है, क्या हमें यह तथ्य पता है कि पिछले 77 साल में हमारे यहां एक भी सरकार ऐसी नहीं बनी, जिसे कभी 50 प्रतिशत वोट मिले हों। कुल वोटों के 50 प्रतिशत नहीं, जितने वोट पड़े, उनका भी 50 प्रतिशत नहीं। गणित की दृष्टि से देखें तो 140 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में सिर्फ 20-25 करोड़ लोगों के समर्थनवाली सरकार क्या वास्तव में लोकतांत्रिक सरकार है? क्या वह वैध सरकार है? क्या वह बहुमत का प्रतिनिधित्व करती है? आज तक हम ऐसी सरकारों के आधीन ही रहे हैं, इसी के कारण लोकतंत्र में विषमताएं एवं विसंगतियों का बाहुल्य रहा है, लोकतंत्र के नाम पर यह छलावा हमारे साथ होता रहा है। इसके जिम्मेदार जितने राजनीति दल है उतने ही हम भी है। यह एक त्रासदी ही है कि हम वोट महोत्सव को कमतर आंकते रहे हैं। जबकि आज यह बताने और जताने की जरूरत है कि इस भारत के मालिक आप और हम सभी हैं और हम जागे हुए हैं। हम सो नहीं रहे हैं। हम धोखा नहीं खा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील करते हुए यह सही कहा कि अधिक से अधिक मतदान का मतलब एक मजबूत लोकतंत्र है और मजबूत लोकतंत्र से ही विकसित भारत बनेगा, लेकिन अब ऐसी व्यवस्था एवं तकनीक विकसित करने का भी समय आ गया है जिससे अपने गांव-शहर से दूर रहने वाले वहां जाए बगैर मतदान कर सकें। ध्यान रहे कि ऐसे लोगों की संख्या करोड़ों में है। रोजी-रोटी के लिए अपने गांव-शहर से दूर जाकर जीवनयापन करने वाले सब लोगों के लिए यह संभव नहीं कि वे मतदान करने अपने घर-गांव लौट सकें। यदि सेना और अर्धसैनिक बलों के जवानों के साथ-साथ चुनाव ड्यूटी में शामिल लोगों के लिए वोट देने की व्यवस्था हो सकती है तो अन्य लोगों के लिए क्यों नहीं हो सकती? इस बार ऐसी किसी व्यवस्था के निर्माण के लिए निर्वाचन आयोग के साथ सरकार का भी सक्रिय होना समय की मांग है। इसी से हम अधिकतम मतदान के लक्ष्य को हासिल कर सकेंगे।

अधिकतम वोटिंग का वास्तविक उद्देश्य है, जन-जन में लोकतंत्र के प्रति आस्था पैदा करना, हर व्यक्ति की जिम्मेदारी निश्चित करना, वोट देने के लिए प्रेरित करना। एक जनक्रांति के रूप 'भारतीय मतदाता संगठन' इस मुहिम के लिये सक्रिय हुआ है, यह शुभ संकेत है। इस तरह के जन-आन्दोलन के साथ-साथ भारतीय संविधान में अनिवार्य मतदान के लिये कानूनी प्रावधान बनाये जाने की तीव्र अपेक्षा है। बेल्जियम, आस्ट्रेलिया, ग्रीस, बोलिनिया और इटली जैसे देशों की भांति हमारे कानून में भी मतदान न करने वालों के लिये मामूली जुर्माना निश्चित होना चाहिए। यदि भारत में मतदान अनिवार्य हो जाए तो चुनावी भ्रष्टाचार बहुत घट जाएगा। यह भी देखा गया है कि चुनावों में येन-केन-प्रकारेण जीतने के लिये ये ही राजनीतिक दल और उम्मीदवार मतदान को बाधित भी करते हैं और उससे भी मतदान का प्रतिशत घटता है। अधिकतम मतदान से इस तरह के भ्रष्टाचार से मुक्ति मिलेगी, लोगों में जागरूकता बढ़ेगी, वोट-बैंक की राजनीति थोड़ी पतली पड़ेगी। जिस दिन भारत के 90 प्रतिशत से अधिक नागरिक वोट डालने लगेंगे, राजनीतिक जागरूकता इतनी बढ़ जाएगी कि राजनीति को सेवा की बजाय सुखों की सेज मानने वाले किसी तरह का दुस्साहस नहीं कर पायेंगे। राजनीति को सेवा या मिशन के रूप में लेने वाले ही जन-स्वीकार्य होंगे।

## आज का राशिफल

मेष राशि-आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप किसी पुराने दोस्त के साथ डिनर करने जा सकते हैं। किसी बात से परेशान लोग आज अपने माता-पिता से विचार विमर्श करेंगे तो शोल्युशन मिल जाएगा। माता-पिता के साथ कहीं मंदिर दर्शन के लिए जाएंगे। ऐसा करने से आपको लाभ होगा। मनोरंजन के लिए बनाया हुआ प्लान आज टल सकता है। पैसों से जुड़ी समस्या आज खत्म हो जाएगी आज छात्रों के लिए दिन परिश्रम के अनुरूप नहीं रहेगा।

वृष राशि-आज का दिन आपके लिए बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आज आप काम करने के नए टारगेट पर विचार करेंगे। आज मनोबल का स्तर अच्छा रहने के कारण आपके कार्य अच्छी गति से आगे बढ़ेंगे। आज बिजनेस में परिवर्तन के आसार दिख रहें हैं। ऑफिस में आपकी क्रिएटिविटी पहले से अच्छी बनेगी। आज भाग्य पूरी तरह से आपका साथ देगा।

मिथुन राशि-आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको किसी अजनवी से कुछ नया सिखने को मिलेगा जो भविष्य में आपके काफी काम आएगा। आज के दिन की शुरुआत शानदार रहने वाली है। जो लोग मिट्टी के बर्तन बनाने के व्यवसाय से जुड़े हैं उनके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। इस राशि वाले लोगों के पारिवारिक रिश्तों में मधुरता आएगी।

कर्क राशि-आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज आप कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव करेंगे। आज किसी अजनबी से बहस न करें। पैसों के लेन-देन के मामले में किसी भी तरह की लापरवाही ना करें। अपने ध्यान को केंद्रित कर काम को पूरा करने की कोशिश करें। आज जो भी चीज आपके लिए रुकावट बनती है, उसे नजरदांज करें।

सिंह राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप माता जी को कोई साड़ी गिफ्ट करेंगे जिससे आपको भी खुशी मिलेगी। आज ऑफिस के काम में आपको कलीग की सहायता से आपका काम समय से व आसानी से पूरा हो जाएगा। आज रुके हुए कार्यों में आपको सकारात्मक परिणाम मिलेगा। आज अपना धैर्य बनाए रखें और समय के साथ चलें। आज आपको तरक्की के नए रास्ते मिलेंगे।

कन्या राशि-आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आज आप किसी बर्थडे पार्टी में जाने का मन बनाएंगे। आपका मन रचनात्मक कार्यों में लगेगा। इस राशि के लेखन से जुड़े लोगों का मन क्रिएटिव रहेगा। किसी काम से आज आपको बड़ा फायदा होने वाला है। आज कुछ निजी काम में बहन का सहयोग उम्मीद से अधिक मिलने वाला है। नवविवाहित आज किसी अच्छी जगह पिकनिक के लिए जाएंगे।

तुला राशि-आज का दिन आपके उत्तम रहने वाला है। आज कार्यस्थल पर आपके किए गए कामों की सराहना की जाएगी। आज किसी बड़े मामलों पर समझौता करने और सहयोग करने के लिए आप तैयार रहें। रुके हुए काम आज पूरे हो जाएंगे। लवमेट के लिए आज का दिन बहुत ही अच्छा है। आज आपके कई महत्वपूर्ण कामों में बदलाव भी होंगे। इस स्थिति में किस्मत आपका साथ देगी। निवेश करने से पहले अपने बड़ों की राय जरूर लें।

वृश्चिक राशि-आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। परिवार को समय देने से घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आफिस के काम को आज आप जल्द पूरा कर लेंगें। आज किसी समारोह में जाने का प्लान बना सकते हैं। बच्चों की जरूरतों को पूरा करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के लोग आज अपने जीवनसाथी को लेकर कहीं घूमने जा सकते हैं। आज कुछ खास लोगों से आपकी बात होगी जिनसे भविष्य में आपको फायदा होगा।

धनु राशि-आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज कोई बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है। संतान के करियर को बेहतर बनाने के लिए आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे। इस राशि की जो महिलाएं बिजनेस कर रही हैं उनका दिन व्यस्तता से भरा होगा। ऑफिस के उच्चधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा, बिगड़े काम भी बन जाएंगे। आज आप कुछ नए विचारों पर भी काम करेंगे।

मकर राशि-आज का दिन आपक लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपको पुरानी बातों के झंझट में पड़ने से बचना चाहिए। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं, आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखना चाहिए। लवमेट्स एक दूसरे की भावनओ को समझेंगे, कहीं बाहर घूमने का प्लान बनाएंगे। घर के बड़ो से कोई नई बात आप सीखेंगे। आज काफी दिनों से आपका रुका काम पूरा हो जाएगा, मानसिक शांति मिलेगी।

कुंभ राशि-आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। बॉस आपको कोई नई जिम्मेदारी सौंप सकते हैं जिसे आप पूरी लग्न और मेहनत से करेंगे, काम को लेकर आपकी तारीफ होगी। आपके आय के नए स्त्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। कला और साहित्य के क्षेत्र में रुझान रहेगा। इस राशि के जो लोग खेल जगत से जुड़े हैं वो आज अपनी प्रैक्टिस में व्यस्त रहेंगे। आज आर्थिक मामलो में माता-पिता का सहयोग मिलता रहेगा, दोस्तों से भी मदद मिलेगी।

मीन राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज आपको कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ो की राय लेना आपके लिए बेहतर साबित होगी। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे। आज कोई नई जिम्मेदारी आपको मिलेंगी, जिसे आप बखूबी पूरा करने में सफल रहेंगे। कला के क्षेत्र से जुडे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। आज आप नया वाहन लेने का मन बनाएंगे।

**व्यंग्य**

## एक अजीबोगरीब बैंक

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त,

सेवा में,
थाना प्रभारी,
गड़बड़ गंज।

विषय- बैंक के संदेहास्पद क्रियाकलाप के प्रति शिकायत पत्र

आदरणीय महोदय/महोदया,

मेरा नाम भोलाराम है और मैं गड़बड़ गंज के चमचम बाजार से हूँ। मैं यहाँ लगभग 8 वर्षों से रह रहा हूँ। मैं अपने खाते वाले बैंक के खिलाफ शिकायत दर्ज करने के लिए यह पत्र लिख रहा हूं। वर्तमान में मेरा खाता जिस बैंक में है, उसका व्यवहार पहले वाले बैंक से एकदम अलग है। पहले वाले बैंक के कर्मचारियों के खिलाफ आए दिन लिखित शिकायत दे देकर मेरे पिता जी थक जाते थे, लेकिन बैंक वालों के व्यवहार में परिवर्तन शून्य बटा लूल होता था। मेरे पिता जी पेंशनर थे। खाता उसी बैंक में होने के कारण आना जाना लगा रहता था। एक बार वे जीवित होने का प्रमाण-पत्र देने गये तो वहां कर्मचारियों ने सही बर्ताव नहीं किया। संतोषप्रद जवाब भी नहीं दिया। इधर से उधर काउंटर पर भेजा तथा उनकी पहचान के लिए दो गवाह लाने को कहा। जबकि घर भर के खाते उसी बैंक में थे। वे बैंक के नियमित ग्राहक थे। विजिटिंग कार्ड, मतदाता परिचय-पत्र आदि बताए लेकिन संतोषप्रद जवाब देने की बजाय दुर्व्यवहार किया। उस शाखा में बैंक कर्मचारियों का व्यवहार हमेशा से ऐसा ही था। पिता जी ने उनकी शिकायत बैंक प्रबंधक एवं क्षेत्रीय बैंक प्रबंधक को लिखित में कई बार डाक से भेजी थी। साथ ही सूचना अधिकार के तहत सीसीटीवी कैमरे की फुटेज व बैंक नियम आदि दस्तावेज की मांग भी करते थे। अनुरोध यही करते थे कि बैंक अपने कर्मचारियों को ग्राहकों के साथ सही व्यवहार करने का प्रशिक्षण दें।



अब तो पिता जी रहे नहीं। बाद में हम चमचम बाजार शिफ्ट हो गए। यहाँ पर एक दस साल पुराना बैंक है। इसी में हम सबने अपने खाते खोल लिए हैं, लेकिन मुझे इस बैंक के बारे में हमेशा से संदेह रहा है। यह बैंक मेरे पहले वाले बैंक की कार्यशैली से एकदम उलट है। यहाँ एक कर्मचारी द्वार के पास हाथ जोड़कर मुस्कुराते हुए स्वागत करता है। किसी भी काउंटर पर चले जाएँ यह कभी नहीं कहेंगे कि आप इस वाले काउंटर पर नहीं उस वाले काउंटर पर जाइए। उन्होंने आज तक सर्वर डाउन की शिकायत नहीं की। कभी-कभी तो लगता है कि उनका इंटरनेट कनेक्शन देवलोक से कनेक्टेड है। साक्षात ब्रह्मा जी उनके ब्राडकास्टर हैं। जब भी जाइए वे काम करने के लिए तत्पर रहते हैं। कभी लंच टाइम का बहाना नहीं करते हैं। उनके माथे पर कोई शिकन नहीं होती है। वे झल्लाकर बात करना तो दूर आँख उठाकर भी नहीं देखते हैं। पहले वाले बैंक में कोई काम पड़ जाता, तो कर्मचारियों के व्यवहार के बारे में सोचकर ही परेशान हो उठता। इस बैंक में तो छोटे-मोटे कामों के लिए जाने की जरूरत भी नहीं है। एक फोन करने भर से काम हो जाता है।

इन्हीं सब व्यवहारों को लेकर मैं बहुत चिंतित हूँ। इतना सीधा-सादा और भोला-भाला बैंक भला कहीं हो सकता है? बैंक कर्मचारी, कर्मचारी लगते ही नहीं हैं। वे ऋषि-मुनि हैं, ऋषि-मुनि! हो न हो इस बैंक में कुछ न कुछ तो गड़बड़ है। अतः आपसे निवेदन है कि बैंक के उपर्युक्त व्यवहार के बारे में जाँच करें और सच्चाई का पता लगाएँ।

**धन्यवाद।**

जब मैं यह पत्र लिख रहा था, तब मेरा मित्र वहीं खड़ा था। वह हँसी के मारे लोट-पोट हो रहा था। उसने कहा, अरे यार तुम भी कमाल करते हो। बैंक खराब हो तब भी शिकायत और अच्छे हो तब भी शिकायत। तुमने जिस बैंक के खिलाफ शिकायत पत्र लिखा है, उसी बैंक में सबके खाते हैं। यहाँ तक कि पुलिस वालों के भी। इतना कहते हुए वह और जोर से हँस पड़ा।

अगले दिन समाचार पत्र के पहले पन्ने पर खबर छपी - दस साल से चल रहा था फर्जी बैंक और किसी को नहीं हुआ शक़। अगली लाइन में लिखा था मामला है - गड़बड़ गंज का।

## मेंटल हेल्थ सुधारनी है तो जमकर करें डांस

अगर आप अपनी मेंटल हेल्थ को बेहतर बनाना चाहते हैं, तो डांस एक बहुत ही अच्छा उपाय है. डांस न सिर्फ हमें खुश रखता है, बल्कि यह हमारे तनाव को भी कम करता है. जब हम डांस करते हैं, तो हमारा शरीर खुशी देने वाले हार्मोन छोड़ता है, जिससे हमारा मूड अच्छा होता है. इसके अलावा, डांस करने से हम अपनी रोजमर्रा की चिंताओं से दूर हो जाते हैं और पल भर के लिए सब कुछ भूल जाते हैं. तो, अगर आप अपने मन को हल्का करना चाहते हैं और खुश रहना चाहते हैं, तो अपने पसंदीदा संगीत पर जमकर डांस करें.

**तनाव कम करता है**-जब हम डांस करते हैं, तो हमारा शरीर एक खास हार्मोन निकालता है जिसे एंडोर्फिन कहते हैं. यह हार्मोन हमें बहुत खुशी देता है और हमारा तनाव दूर करता है. इससे हमारी चिंता और मानसिक परेशानी कम हो जाती है.

**आत्म-सम्मान बढ़ाए**-डांस करने से हम अपने शरीर को और अच्छे से समझने लगते हैं और खुद में विश्वास बढ़ता है. जब हम डांस के नए कदम सीखते हैं और उनमें अच्छे होते जाते हैं, तो हमें खुद पर गर्व महसूस होता है. यह हमें खुशी देता है और हमारा आत्म-सम्मान बढ़ता है.

**खुशी महसूस करें**-जब हम डांस करते हैं, हमारा शरीर खुशी के हार्मोन, जैसे एंडोर्फिन, छोड़ता है. ये हार्मोन हमें बहुत खुश और ऊर्जावान महसूस कराते हैं. इससे हमारा मूड अच्छा होता है और हम तनाव से मुक्त महसूस करते हैं. डांस हमें खुशी और हल्कापन देता है.

**दोस्त बनाएं**-जब आप डांस क्लास में जाते हैं या किसी समूह में डांस करते हैं.

**शास्त्र** किशन सनमुखदास भावनानी

# मातृ देवो भव, पितृ देवो भव, आचार्य देवो भव



भारतीय शास्त्रों कतेबों एवं और संस्कृतियों में मातृ देवो भव, पितृ देवो भव, आचार्य देवो भव की शिक्षा दी जाती है।हमारे घर में भी यही सीख दी जाती थी।माता-पिता और गुरु तथा बड़ों का सम्मान करना हमारी ग्रामीण संस्कृति में अधिक स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ता है। परंतु बड़े बुजुर्गों द्वारा कही कहावतें वर्तमान परिपेक्ष में अटूट सटीक सत्य प्रमाणित हो रही है कि, समय का चक्र चलते बदलते रहता है जहां शास्त्रों वेदों कतेबों और भारतीय संस्कृति में माता पिता को सर्वश्रेष्ठ गुरु माना गया है उसके बाद आचार्य को पदवी दी गई है। परंतु वर्तमान बदलते परिपेक्ष में बढ़ते आध्यात्मिक ट्रेंड में हमारे मान्यवर श्रद्धेय बाबाओं की संख्या में काफी बढ़ोतरी भी आई है, वही मीडिया में आई जानकारी में हम जानते हैं कि कई पर लंबी कार्यवाही भी हुई है खैर हमारा आज का विषयवस्तु यह नहीं है बल्कि हम चर्चा करेंगे कि आज की औलाद अपने माता पिता से अधिक महत्व अपने श्रद्धेय बाबा, गुरु, आचार्य को दे रहे हैं, अपने घर से अधिक आध्यात्मिक स्थल पर सेवा को अधिक महत्व दे रहे हैं, अपने घर परिवार माता-पिता को तरसाकार अपने आध्यात्मिकता पर अधिक व्यय कर रहे हैं और बड़े रौब से कहते हैं, मैं फलाने आध्यात्मिक स्थल का सेवादार, भगवान ईश्वर अल्लाह का भगत हूं बंदा हूं। परंतु मेरा मानना है, ये कैसी आध्यात्मिक सेवा है? जो माता-पिता को बोझ और अनावश्यक श्रेणी में रखकर उनपर शाब्दिक कटु बाणचलाकर अपने आचार्य के सामने, अपने आध्यात्मिक स्थल पर तन-मन-धन से सेवा करते हैं। मेरा मानना है या तो पाप से भी बड़ा पाप है। इसलिए आज ज़रूरत है,हमारे श्रद्धेय आध्यात्मिक बाबाओं द्वारा अपने प्रवचनों में माता-पिता की सेवा सर्वश्रेष्ठ पर, बल देना समय की मांग है।चूंकि माननीय उपराष्ट्रपति महोदय द्वारा एक कार्यक्रम में संबोधन पर कहा कि माता-पिता का ख्याल रखें, शिक्षकों का सम्मान करें और बढ़ते वृद्धआश्रमों पर दुख व्यक्त किया है, इसलिए आज हम पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,मातृ देवो भव, पितृ देवो भव, आचार्य देवो भव।माता पिता को बोझ और अनावश्यक श्रेणी में रखकर उनपर शाब्दिक कटु बाण चलाने वाली औलाद को सख्त सजा, समय की मांग।

साथियों बात अगर हम माननीय उपराष्ट्रपति महोदय द्वारा एक कार्यक्रम में माता-पिता का ख्याल रखनें, सेवा करने व शिक्षकों का सम्मान करने की करें तो उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे हमेशा अपने शिक्षकों, अपने राष्ट्र का सम्मान करें और अपने माता-पिता का ख्याल रखें। वृद्धाश्रमों की वृद्धि पर दुख व्यक्त करते हुए उन्होंने टिप्पणी की कि हमारे देश में वृद्धाश्रमों की कोई आवश्यकता नहीं होनी चाहिए, क्योंकि हमारे समाज में पारिवारिक बंधनों और रिश्तों को महत्व दिया जाता है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे हमेशा अपने माता-पिता और बड़ों का ख्याल रखें, चाहे उनकी स्थिति कुछ भी हो, उनका निवास स्थान कुछ भी हो, चाहे उन्होंने जीवन में कितना भी नाम, प्रसिद्धि और धन कमाया हो।उन्होंने आगे कहा कि भगवान की सच्ची भक्ति माता-पिता और बुजुर्गों की सेवा में ही है। किसी भी विचार को क्रियान्वित करने के लिए साहस और दृढ़ता के महत्व को रेखांकित करते हुए, उन्होंने कहा, एक पैराशूट तभी काम करता है जब वह खुला होता है। पैराशूट की तरह महान मस्तिष्क का होना किसी काम का नहीं है। यदि आप इसे गिरा देते हैं और नहीं खोलते हैं, तो आपको परिणाम भुगतना पड़ेगा।विफलता को सबसे बड़े शिक्षक और अंततः सफलता की पहली सीढ़ी के रूप में बताते हुए, उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे असफलता से कभी न डरें और कभी निराश न हों।किसी भी विचार को क्रियान्वित करने के लिए साहस और दृढ़ता के महत्व को रेखांकित किया। इसलिए मेरा मानना है कि यदि हम माता-पिता बुजुर्गों का सम्मान और सेवा करने की एक बार ठान लें तो वह होकर रहेगा।

साथियों बात अगर हम वर्तमान परिपेक्ष में माता-पिता की उपेक्षा की करें तो, आज अधिकांश परिवारों में वृद्ध माता-पिता के जीवित रहने पर उनकी सेवा और चिकित्सा तो दूर, उनके साथ उपेक्षापूर्ण-पीड़ादायक व्यवहार किया जाता है। इतना ही नहीं, उनकी मृत्यु की प्रतीक्षा की जाती है।यह उपेक्षापूर्ण व निष्ठुरव्यवहार सर्वथा अनुचित है। आज वृद्धाश्रमों की बढ़ती हुई संख्या और तीर्थस्थानों में उम्रदराज भिखारियों को देखकर यह अनुमान लगाया जा सकता है कि वृद्ध माता-पिता की दशा कितनी दयनीय हो गई है। कितनी लज्जा की बात है कि जिन माता-पिता ने अपनी संतान के लिए अनेक प्रकार के कष्ट सहते हुए उन्हें पढ़ाया, सभी सुविधाएं उपलब्ध कराईं, स्वयं दुख सहते हुए संतान को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयत्न किए, वही संतान जीवन के अंतिम समय में उनको छोड़कर दूर रह रही है। युवा यह नहीं जानते कि एक दिन वे भी असहाय वृद्ध होंगे तब वे भी क्या अपनी संतान से इसी व्यवहार की चाह रखेंगे जैसा कि आज वे स्वयं अपने माता-पिता के साथ कर रहे हैं?

साथियों बात अगर हम वृद्धजनों के सम्मान व मूल्यों संबंधित धार्मिकता श्लोकों की करें तो, वृद्धजनों की सेवा के संबंध में यह श्लोक महत्वपूर्ण है = अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविन- चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यशो बलम॥

यानें वृद्धजनों को सर्वदा अभिवादन अर्थात सादर प्रणाम, नमस्कार, चरण स्पर्श तथा उनकी नित्य सेवा करने वाले मनुष्य की आयु, विद्या, यश और बल-ये चारों बढ़ते हैं। इस श्लोक का आशय स्पष्ट है कि हमें सदैव अपने माता-पिता, परिवार के ज्येष्ठ सदस्यों एवं आचार्यों की सेवा सुश्रुषा, परिचर्या का विशेष ध्यान रखना चाहिए। वे सदैव प्रसन्न रहेंगे तभी हमें उनका आशीर्वाद प्राप्त होगा और हम उन्नति कर सकते हैं। माता-पिता और गुरु की सेवा एवं सम्मान करने पर दीर्घायुभव, आयुष्मान भव, खुश रहो आदि आशीर्वाद प्राप्त होते हैं। वृद्धजनों का आशीर्वाद हृदय से मिलता है। धर्मराज युधिष्ठिर ने एक बार भीष्म पितामह से पूछा, धर्म का मार्ग क्या है? भीष्म पितामह ने कहा-समस्त धर्मों से उत्तम फल देने वाली माता-पिता और गुरु की भक्ति है। मैं सब प्रकार की पूजा से इनकी सेवा को बड़ा मानता हूं।

साथियों बात अगर हममाता-पिता की सेवा को प्राथमिकता की करें तो, माता पिता की सेवा को ही प्राथमिकता दे। क्योंकि माता पिता की सेवा से ही ईश्वर अल्लाह स्वतः प्रसन्न हो जाते हैं। माता पिता को ही ईश्वर अल्लाह मानकर उनकी ही सेवा पूजा इबादत करनी चाहिए क्योंकि जिन माता पिता ने आपको जन्म




दिया पाला पोसा आपको लायक बनाया संस्कार दिए भला उन माता पिता से बढ़कर कौन हो सकता है। उप्पर वाले के प्रति आस्था श्रद्धा विश्वास रखना पर्याप्त है, बाकी पूजा और सेवा तो माता पिता की करनी चाहिए और उप्पर वाले को धन्यवाद देना चाहिए कि उन्होंने आपको ऐसे माता पिता दिए जो आपसे बेहद प्रेम करते हैं और आपकी हर मनोकामना पूरी करने को सदैव तैयार रहते हैं साथ ही भगवान से यह प्रार्थना करनी चाहिए कि माता पिता का साथ और आशीर्वाद आप पर सदा बना रहे। ईश्वर अल्लाह की पूजा इबादत या माता-पिता की सेवा में क्या जरूरी है, प्राथमिकता किस को दें?यदि ऐसी परिस्थिति हो कि हम एक ही काम कर सकें तो निश्चित रूप से माता-पिता की सेवा को प्राथमिकता देनी चाहिये। पर, एक उक्ति आपने सुनी होगी - तन काम में, मन राम में। प्रभु को याद करते हुए, सुमिरण करते हुए यदि माता-पिता की सेवा करें तो दोनों फल आप एक साथ पा सकते हैं।यदि ऐसी परिस्थिति हो कि हम एक ही काम कर सकें तो निश्चित रूप से माता-पिता की सेवा को प्राथमिकता देनी चाहिये।

एक नजर

## गीदम हारम व हाउरनार ने संयुक्त रूप से किया विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



**गीदम, 29 फरवरी।** विज्ञान दिवस पर बुधवार को जिला प्रशासन की पहल से प्रत्येक संकुलो में संकुल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।जिसमे संयुक्त रूप से गीदम, हाउरनार व हारम संकूल के प्राथमिक व माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों ने अपना मॉडल का प्रदर्शन किया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शुश्री अन्ति वेक जनपद अध्यक्ष गीदम, श्रीमती प्रमिला सुराना सरपंच हारम ,सोबी पोयामी सरपंच हाउरनार ,संध्या शुक्ला सरपंच छिंदनार ,श्रीमती किरण सम्मिलित हुए।बच्चों द्वारा बनाये गए मॉडल का अतिथियों के द्वारा अवलोकन किया गया व निर्णायक दल के द्वारा बच्चों को प्रथम द्वितीय व तृतीय पुरुष्कार प्रदान किया गया।उक्त कार्यक्रम में गीदम, हाउरनार व हारम के समस्त संस्था के शिक्षक व विद्यार्थी ,संकुल समन्वयक बसंत पाल जितेंद्र चौहान व योगेश सोनी सम्मिलित हुवे।

## टीबी मुक्त पंचायत के लिए की गई अपील

**कांकेर, 29 फरवरी ।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अन्तर्गत जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल सीईओ सुश्री हर्शलता वर्मा द्वारा टी.बी. मुक्त पंचायत एवं विकासखण्ड दुर्गुकोंदल को 2025 तक टी.बी. मुक्त किये जाने हेतु सभी नागरिकों से अपील की गई। उन्होंने कहा कि जैसे ही टीबी रोग के लक्षण आए, तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर अपनी बलगम की जांच कराएं। साथ ही टीबी मरीजों को 06 माह तक गोद लेने के लिए भी सभी समाजसेवी संस्था, जनप्रतिनिधि एवं विकासखण्ड स्तर के अधिकारी एवं अन्य सहयोगी संस्थाओं से अपील की गई। इस अवसर पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज किशोरे, जिला कार्यक्रम समन्वयक श्री दीपक राजपूत, टी.बी. सुपरवाईजर श्री राजीव गावड़े, पिरामल स्वास्थ्य से श्री रावेन्द्र अवस्थी, श्री रूपेन्द्र देवदास एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## भारतीय सेना भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन 22 मार्च तक

**कांकेर, 29 फरवरी ।** भारतीय सेना में विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए 22 मार्च तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार अग्निवीर सेना की भर्ती के लिए आवेदक इंडियन आर्मी की वेबसाईट 222.द्धश्वद्वठ्ठद्वठ्ठस्त्रद्वड्ढठ्ठड्डद्ध4.ठ्ठद्ब.द्वठ्ठ पर आवेदन कर सकते हैं। इसके तहत जनरल तकनीकी क्लर्क एवं स्टोरकीपर ट्रेड्समैन दसवीं पास, ट्रेड्समैन आठवीं पास, अग्निवीर महिला (सेना पुलिस), नर्सिंग असिस्टेंस, सिपाही फार्मा, हवलदार एस.ए.सी और धर्मगुरू के पदों पर भर्ती की जाएगी।जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अग्निवीर क्लर्क के पद का नाम परिवर्तित किया गया है, अब उसे अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट कहा जाएगा। अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट के अभ्यर्थियों को ऑनलाईन परीक्षा सी.ई.ई. के समय टायपिंग टेस्ट भी देना होगा। ऑनलाईन परीक्षा सी.ई.ई. 22 अप्रैल के बाद होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि इस साल बस्तर संभाग के लिए जगदलपुर में ऑनलाईन परीक्षा सी.ई.इ. केन्द्र स्थापित किया जा रहा है।

## कलेक्टर ने किया स्थानीय अवकाश घोषित

**कांकेर, 29 फरवरी ।** कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह द्वारा कैलेण्डर वर्ष 2024 हेतु जिले के समस्त शासकीय कार्यालयों तथा संस्थाओं के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। कलेक्टर कार्यालय से जारी आदेशानुसार रंगपंचमी के अवसर पर 30 मार्च दिन शनिवार, नवाखाई त्यौहार 12 सितम्बर दिन गुरूवार और दीपावली का दूसरा दिन गोवर्धन पूजा 01 नवम्बर दिन शुक्रवार को स्थानीय अवकाश रहेगा। उक्त स्थानीय अवकाश बैंक, कोषालय एवं उप कोषालय के लिए लागू नहीं होगा।

### पटना से जीत के आये पदक विजेता खिलाड़ियों को दी बधाई

# बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी के खिलाड़ियों से पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने की मुलाकात



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 29 फरवरी।** पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता महेश गागड़ा जी और भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार जी आज बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी के खिलाड़ियों से सुबह की तड़के बीजापुर स्थित सांस्कृतिक मिनी ग्राउंड में मुलाकात की।और हाल ही में 41 वीं नेशनल जूनियर सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में जीत के आये मेडलिस्ट खिलाड़ियो को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित कर उनके उज्वल भविष्य की कामना कि। स्पोर्ट्स एकेडमी के खिलाड़ियों ने पूर्व मंत्री महेश गागड़ा के सामने नया खेल ग्राउंड,खेल सामग्री की मांग रखी।और पिछले पाँच सालों में जिले के अधिकारी खिलाड़ियों को ध्यान न देने और बहार खेलने जाने पर फंड न होने का हवाला देने की बात कही। जिस पर पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने जल्द खेल सामग्री सामग्री देने की बात कही। इस दौरान युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य फूलचंद गागड़ा, भाजपा मीडिया प्रभारी सुरेश परतागिरी व हेड कोच सोपान कर्णेवार जी उपस्थित रहें।

## प्रधानमंत्री सड़क चोरी की खबर के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष ने गठित किया जांच दल

**बीजापुर, 29 फरवरी।** आवापल्ली क्षेत्र के पोतकेल में बनी प्रधानमंत्री सड़क चोरी होने की खबर समाचार पत्रों में सुर्खियों पर है तो वहीं इस मामले पर गंभीरता दिखाते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार ने छः सदस्य जांच दल गठित कर दी है। जिले के आवापल्ली विकासखंड के पोतकेल गांव में दो किलोमीटर सड़क बनी थी तो वहीं अब सड़क पूरी तरह से गायब हो गई है समाचार पत्रों से मिली जानकारी के तत्काल बाद भाजपा के जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार ने जांच दल गठित कर जल्द रिपोर्ट देने की बात कही है। इस सड़क का पूर्ण निर्माण विभाग द्वारा 2022 में पूर्ण होना दर्शाया है लेकिन आज सड़क का नामोनिशान नही है जो कि भारी भ्रष्टाचार की ओर इंगित कर रहा है। किसी भी तरह की गड़बड़ी स्वीकार नही करने और कड़ी कार्यवाही होने की बात जिलाध्यक्ष मुदलियार ने कही है।छः सदस्य जाँच दल में सत्येंद्र सिंह ठाकुर,जानकी कोरसा,जागर लक्षमाइया,शंकर माड़वी,प्रताप यादव,सुरेश परतागिरी शामिल हैं।

## महिला कर्मचारी से लैंगिक उत्पीड़न के आरोपी बाबू को जिला पंचायत कार्यालय में किया गया अटैच



**सुकमा, 29 फरवरी ।** महिलाओं के विरुद्ध लैंगिक उत्पीड़न के आरोपी जनपद पंचायत सुकमा में पदस्थ सहायक ग्रेड 2 श्री एस एम शर्मा को कलेक्टर श्री हरिस एस ने जिला पंचायत कार्यालय में अटैच कर दिया है। वहीं इस मामले की जांच के लिए पांच सदस्यीय समिति भी गठित कर दी गई है। यह समिति सात दिन के भीतर अपना प्रतिवेदन सौंपेगी। कलेक्टर श्री हरिस एस द्वारा इस मामले के संज्ञान में आने पर छिंदगढ़ अनुविभागीय दंडाधिकारी को जांच करने के निर्देश दिए गए थे, किंतु निर्धारित समयावधि पर जांच नहीं होने पर नई पांच सदस्यीय समिति गठित की गई है। डिप्टी कलेक्टर सुश्री मधु तेता की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय जांच समिति नियुक्त किया गया है।उक्त समिति को आगामी एक सप्ताह के भीतर जांच प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

# मास्टर माइंड सहित चार आरोपियों को दबोचा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई ।** दुर्ग पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया है जो तीन वर्षों से पुलिस की नाक दम कर रखा था। पुलिस ने भी हार नहीं मानी और रात में लगातार निगरानी रखी। अंततः गिरोह के मास्टर माइंड सहित चार आरोपियों को दबोच लिया। मुख्य आरोपी ऑटो चालक निकला। आरोपियों के कब्जे से 5.50 लाख का माल बरामद किया है। गिरोह का सरगना पिछले 3 वर्षों में 20 से अधिक चोरियां कर चुका है। अलग-अलग थाने में कुल 8 मामले ही दर्ज हैं। गिरोह में जीजा-साला सहित एक अन्य व खरीदार गिरफ्तार किये गए हैं दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने बताया कि किसानों के खेत-खार में सिंचाई की व्यवस्था के लिए लगे बिजली तारों लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को अत्यंत ही गंभीरता से लिया। इसके लिए एक संयुक्त टीम लगाया था। एसपी ने कहा कि टीम ने ग्राम रूही, ग्राम बठेना, ग्राम अरसनारा, ग्राम आमापेन्ड्री, ग्राम सांतरा, ग्राम फुण्डा, ग्राम पंदर, ग्राम गुजरा एवं ग्राम चीचा के खेत-खार के विशेष जगहों को चिन्हांकित करते हुए गस्त, पेट्रोलिग एवं चेकिंग किया जा था। इसी क्रम में 27-28 फरवरी की मध्य रात्रि को एसीसीयू एवं थानों की संयुक्त टीम ने पेट्रोलिंग करते समय ग्राम सांतरा खार क्षेत्र में एक ऑटो रिक्शा संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। इसमें दो व्यक्ति आजाद चौक कुम्हारी निवासी ईश्वरी मानिकपुरी (48 वर्ष) एवं बजरंग चौक मठपुरैना रायपुर निवासी कमलेश सिन्हा (40 वर्ष) सवार थे इनके पास एक बोरी में बिजली तार एवं आरी ब्लेड थी पाटन एसडीओपी देवांश राठौर ने बताया कि थाने लाकर मास्टर माइंड आरोपी ईशवरी से पूछताछ करने पर बताया कि अपने सहयोगी व साला कमलेश सिन्हा ने स्वयं की ऑटों में भरकर रायपुर ले जाकर दीपक परपानी निवासी जलाराम अपार्टमेंट रायपुर को देना स्वीकार किया। टीम ने दीपक परपानी को रायपुर में घेराबंदी कर पकड़ा गया। दीपक परपानी ने चोरी घटना के संबंध में पूछताछ करने पर ईश्वरी मानिकपुरी से विगत दो तीन वर्षों की जान पहचान होना बताया व साथ ही ईश्वरी मानिकपुरी ने घटना करने के बाद सुबह-सुबह फोन कर बताये जाने के बाद दीपक परपानी के बताये स्थान पर बोरी में बिजली तार के बंडलों को ऑटो में भरकर रायपुर लाना बताया। रायपुर के कबाड़ी गोदाम में 120 रु. में बेच देते थे चोरी का तार

पाटन एसडीओपी देवांश राठौर ने बताया कि मास्टर माइंड आरोपी ईश्वरी मानिकपुरी थाना अम्लेश्वर क्षेत्रांतर्गत ग्राम झीट, जामगांव (एम) एवं थाना पाटन क्षेत्रांतर्गत ग्राम रूही, ग्राम बठेना, ग्राम अरसनारा, ग्राम आमापेन्ड्री, ग्राम सांतरा, ग्राम फुण्डा, ग्राम पंदर, ग्राम गुजरा एवं ग्राम चीचा के खेत-खार में सिंचाई के लिए लगे बिजली तारों की चोरी करने के बाद रायपुर में बुढ़ा तालाब रायपुर स्थित राकेश डागा के पास उसके गोदाम में 120 रू प्रति किलो में बेचकर पैसा आपस में बांटना स्वीकार किया। आरोपी के निशान देही घटना के प्रयुक्त 02 ऑटो, मोटर सायकल, बिजली तार, ऑरी ब्लैड, नगदी 5000 बरामद किया है

उक्त कार्यवाही में एसीसीयू से सउनि चन्द्रशेखर सोनी, प्रधान आरक्षक रूमन सोनवानी, चन्द्रशेखार बंजीर आरक्षक पंकज चतुर्वेदी, राजकुमार चन्द्रा, अश्वनी यदु, मेघराज घेलक, अजय ढीमर एवं थाना पाटन से निरीक्षक राजेन्द्र यादव, आरक्षक दुष्यंत भारती, महिला आरक्षक राजेश्वरी मस्तावर, थाना अम्लेश्वर से उनि पूनित राम सूर्यवंशी आरक्षक लक्ष्मी वर्मा की उल्लेखनीय भूमिका रही

## अधिकारी-कर्मचारी रोड सेफ्टी नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें, जनता को भी जागरूक करें:कलेक्टर

**महासमुंद।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर प्रभात मलिक की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात को सुगम बनाने और ध्वनि प्रदूषण कम करने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कई अहम फैसले लिये गये। वही ध्वनि प्रदूषण कम करने पर बल दिया गया। कलेक्टर ने कहा कि सड़क दुर्घटना रोकने के लिए गंभीरता से काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारी घर से कार्यालय आने के लिए वाहनों का प्रयोग करते हैं, तो रोड सेफ्टी नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। यदि दो पहिया वाहन उपयोग में लाते हैं तो हेलमेट लगाएं एवं चार पहिया वाहन उपयोग करने पर सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाएं। उन्होंने कहा कि इससे जनता को जागरूक करने में मदद मिलेगी। अन्यथा चालानी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अपर कलेक्टर निर्भय साहू, रवि साहू, राजस्व अधिकारी, पुलिस एवं परिवहन के अधिकारी मौजूद थे।जिले में वर्ष 2024 के लिए ब्लैक और ग्रे स्पॉट का चिन्हांकन किया जायेगा। कलेक्टर ने यह कार्य जल्द से जल्द करते हुए ब्लैक और ग्रे-स्पॉट चिन्हांकित करने पर बल दिया ताकि जरूरी एहतियातन व्यवस्था की जा सके। इसमें रम्बल स्ट्रीप, सूचनात्मक बोर्ड, ब्लिंकर्स और ब्लैक ग्रे-स्पॉट सिम्बल बोर्ड इत्यादि सम्मिलित है। कलेक्टर ने हाईवे के किनारे ढाबों की लगातार जांच करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने सभी ब्लैक स्पॉट को खत्म करने और हाइवे पर बनाए गए कट पाइंट को बंद करने के साथ ही क्षतिग्रस्त सड़कों और पुल-पुलियों की मरम्मत के निर्देश दिए। उन्होंने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ लगातार चालानी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। साथ ही कॉलेजों और अन्य स्थानों पर यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कहा। रोड एक्सीडेंट पर चर्चा करते हुए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए है।कलेक्टर मलिक ने बैठक में नेशनल हाईवे, लोक निर्माण विभाग और छत्तीसगढ़ राज्य सड़क विकास निगम के अधिकारियों को तिराहा, चौराहा, स्टेट और नेशनल हाईवे मोड़ और खुले पुल-पुलिया, खतरनाक मोड आदि दुर्घटनाजन्य स्थानों में भी संकेतक साइन बोर्ड एवं रेडियम की पर्याप्त व्यवस्था करने, जिले में संचालित स्कूल बसों, ऑटो टैक्सी के संबंध में स्कूल प्रबंधकों को सचेत करने के निर्देश दिए।

# शहर में वाहन पार्किंग के लिए स्थल चिन्हाकित

### नपा अध्यक्ष, सभापति व यातायात अफसरों ने निरीक्षण कर बैठक के बाद स्थान किया तय



**महासमुंद, 29 फरवरी।** शहर की सड़कों पर अब बाइक, कार, आदि वाहने खड़ीं होंगी तो यातायत शाखा पुलिस की क्रेन ऐसे वाहनों को को उठाकर जब्ती कर चालानी की कार्रवाई करेगी।

बुधवार को नगर पालिका के जनप्रतिनिधियो ,अधिकारियों, व्यापारियों और यातायात पुलिस के साथ बनी सहमति पर टीम ने शहर के अंबेडकर चौक ओव्हरब्रिज के नीचे, पोस्ट आफिस के सामने पुराने कांजी हाउस, बिन्नी बाई सब्जी बाजार तथा महामाया मंदिर के पास की खाली पड़ी जगह को वाहन पार्किंग स्थल के रूप में चिन्हाकित किया गया है। जहां आगामी माह से वाहन पार्किंग की व्यवस्था शुरू की जाएगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे ने बताया कि नागरिकों को आदत में सुधार के लिए फिलहाल मुनादी कराकर जागरूक किया जाएगा। बता दें कि आम बाजार, सराफा बाजार, सब्जी बाजार में बड़ी संख्या में लोग खरीदारी करने आते हैं। शहर की हृदयस्थली के रूप में मशहूर इन बाजारों में पार्किंग की समस्या से नागरिक परेशान रहते हैं। जिससे निजात के लिए पालिका ने अस्थाई पार्किंग स्थल का चयन किया गया है। इसमें दोपहिया व चारपहिया व छोटी मालवाहक वाहन बड़ी संख्या में खड़े किए जा सकते हैं। देखा गया है अधिकतर लोग अपने वाहन को सड़क पर खड़ी कर बाजार में ग्राहकी के लिए चले जाते हैं। इससे जाम की स्थिति बनी रहती है। व्यापारियों का तर्क है कि पार्किंग नहीं होने से ग्राहक सड़क किनारे ही अपने वाहनों को खड़ी कर देते हैं जिसके कारण जाम की स्थिति निर्मित होती है। इसके लिए यह विकल्प निकाला जाए जिससे बाइक खड़ी करने की सहूलियत मिल सके। इस समस्या के समाधान के लिए बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग, यातायात प्रभारी एसडीओपी घनेन्द्र ध्रुव और पालिका के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में बैठक आहूत की गई। जिसमें पार्किंग स्थल का चयन करते हुऐ मौका निरीक्षण किया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग, एसडीओपी घनेन्द्र ध्रुव, सभापति पवन पटेल, निखिल कांत साहू, पार्षद हफीज कुरैशी, श्रीमति मीना वर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे, राजस्व निरीक्षक अनीश ठाकुर, अतिक्रमण प्रभारी ललित चन्द्राकर, वाहन प्रभारी दिलीप चन्द्राकर, यातायात प्रभारी घनेन्द्र ध्रुव मौजूद रहे।

### नपाध्यक्ष राशि की अपील

नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने शहर के साथ शहर में खरीदी के लिए आने वाले समस्त नागरिको और ग्रामीणों से विनम्र अपील करते हुए कहा कि पालिका और यातायात पुलिस द्वारा शहर में यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने जो व्यवस्था बनाई गई है उसका अनुशरण करते हुए अपने वाहनों को निर्धारित स्थान पर खड़ी कर पालिका और यातायात पुलिस को सहयोग प्रदान करने में सहयोग प्रदान करे।

### प्रधानमंत्री सूर्य योजना से प्रतिमाह मिलेगी 300 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ

**महासमुंद 29 फरवरी ।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एक सरकारी योजना है जिसका मुख्य उद्देश्य भारत में घरों को मुफ्त बिजली प्रदान करना है। इस योजना को 15 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया है। इसके अंतर्गत हितग्राहियों को उनकी छतों पर सोलर पैनल लगाने के लिए सब्सिडी प्रदान की जाएगी। केन्द्र सरकार द्वारा प्रतिमाह 300 यूनिट मुफ्त बिजली प्रदान करने हेतु प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना प्रारंभ की गई है जिसमें देश के एक करोड़ घरों के छतों पर सौर पैनल स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया गया है। इस योजना के तहत हितग्राही अपने घर की छत पर सौर पैनल स्थापित करा सकते है। इसके साथ ही विभिन्न क्षमता अनुसार सौर संयंत्र स्थापित करने पर सब्सिडी का भी प्रावधान रखा गया है तथा सस्ते ब्याज दर पर लोन भी प्रदान किया जाएगा ।

## जिला सुकमा के थाना भेज्जी क्षेत्र में सक्रिय नक्सली ने किया आत्मसमर्पण



**सुकमा, 29 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला सुकमा में श्री सुन्दरराज पी., पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज जगदलपुर (छ.ग.) श्री कमलोचन कश्यप, उप पुलिस महानिरीक्षक रेंज दंतेवाड़ा, श्री सुनीत कुमार राय, उप महानिरीक्षक (परि.) सीआरपीएफ कोंटा रेंज के मार्ग-दर्शन एवं श्री किरण चव्हाण, पुलिस अधीक्षक सुकमा, श्री जितेन्द्र ओझा, कमाण्डेन्ट 208 वाहिनी कोबरा के निर्देशन तथा श्री निखिल अशोक कुमार रखेचा, अति. पुलिस अधीक्षक, नक्सल ऑप्स सुकमा, तथा श्री आकाश मरकाम अति. पुलिस अधीक्षक सुकमा के पर्यवेक्षण में छत्तीसगढ शासन की ÷छत्तीसगढ नक्सलवाद उन्मूलन नीति'' के तहत एवं सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे ÷पूना नर्कोम अभियान'' नई सुबह-नई शुरुआत से प्रभावित होकर नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों द्वारा किये जाने वाले भेदभाव, स्थानीय आदिवासियों के साथ होने वाली निर्मम हिंसा व भयावह-आतंकित वातावरण से त्रस्त होकर नक्सली संगठन में सक्रिय 01 नक्सली मुचाकी पोज्जा पिता हिड़मा उम्र 21 वर्ष साकिन (कोराजुगुड़ा आरपीसी अन्तर्गत मिलिशिया सदस्य) थाना भेजी क्षेत्र जिला सुकमा के द्वारा आज दिनांक 28.02.2024 को नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में श्री उत्तम प्रताप सिंह, उप पुलिस अधीक्षक बस्तर फाईटर्स सुकमा एवं श्री हेमंत प्लास, सहायक कमांडेन्ट 208 वाहिनी कोबरा के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया। आत्मसर्मर्पित नक्सली को समर्पण कराने में 208 वाहिनी कोबरा की आसूचना शाखा का विशेष योगदान रहा। आत्मसमर्पित नक्सली को शासन की ''छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति'' के तहत सहायता राशि व अन्य सुविधाऐं प्रदाय किये जायेंगे।

## कोंटा में क्षय रोग को खत्म करने चलाया गया जागरूकता अभियान



**सुकमा, 29 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में राज्य सरकार के दिशा निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा जिला क्षय अधिकारी के मार्गदर्शन में एकलव्य मॉडल रेसीडेंसी स्कूल कोंटा मे क्षय रोग के प्रति जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य अन्तर्गत जिला सुकमा के एकलव्य मॉडल रेसीडेंसी स्कूल कोंटा मे विधार्थियो को पिरामल स्वास्थ्य से जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश सोलंकी ने क्षय रोग की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि क्षय रोग एक संक्रामक बीमारी है जो कि हवा के माध्यम से सक्रिय जीवाणु एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को संक्रमित करता है। मुख्य रुप से क्षय रोग दो प्रकार का होता है पल्मोनरी और एक्स्ट्रा पल्मोनरी, क्षय रोग से संक्रमित व्यक्ति मे निम्न लक्षण दिखते है लगातार दो सप्ताह से ज्यादा खांसी, भूख कम लगना,वजन कम होना ,शाम को तेज बुखार ,रात मे पसीना आना,छाती मे दर्द होना ,बलगम मे खून आना। इसके साथ ही इसके इलाज की भी विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि इस बीमारी का सभी शासकीय अस्पताल मे निश्शुल्क इलाज होता है कम से कम 6 माह तक इसकी दवाई ( डॉट्स) का सेवन करने से बिमारी से छुटकारा पा सकते है।

## राष्ट्रीय आविष्कार अभियान ऐलीमेन्ट्री शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम

**सुकमा, 29 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीयआविष्कार अभियान ऐलीमेन्ट्री (प्रांरभिक)स्तर शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम कलेक्टर हरिस एस. के कुशल मार्गदर्शन में मंगलवार को सुकमा जिले के सांइस एंव मैथ क्लब के चयनित बच्चों को जिले के सुकमा,कोण्टा एंव छिन्दगढ विकासखंडों से लगभग 300 बच्चों को संभागीय बस्तर हेतु प्रत्येक विकासखंड मुख्यालय से जनप्रतिनीधों ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। संभागीय मुख्यालय अंतर्गत शैक्षिक भ्रमण में मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज,मानव संग्रहालय, बादल,एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, लामनीपार्क, दंतेश्वरी मंदिर, राजमहल का भ्रमण कराया गया ।भ्रमण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को सांईस मैथ के प्रति जाग्रत करना अभिरूचि बढाना है।बच्चों को मेडीकल कॉलेज के विभिन्न सेक्शन जैसे बायोकेमैट्रिक विभाग,बायोटेक्निकल,अत्याधुनिक उपकरण से लैस प्रयोगशाला,केज्युलिटी, मीजियम ओपीडी ,जूनियर डाक्टर्सो एंव स्टाप ने बच्चों को विभिन्न सेक्शन से अवगत कराया इस दौरान कुछ बच्चें डाक्टर से प्रश्न कि डाक्टर बनने के लिए क्या-क्या करना होता है उन्होनें नीट एग्जाम क्या है कैसे तैयारी करनी है के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी।तत्पश्चात इंजीनियरिंग कॉलेज को देखा और इंजीनियर प्रशिक्षण प्राप्त कर स्टूडेंट्स से मुलाक़ात, पढाई ,पुस्तकालय से अवगत हुए। बादल,एयरपोर्ट,पार्क, मनोरंजन स्थल देख प्रफुल्लित हुए। इस दौरान श्री नितिन दंडसेना जिला शिक्षा अधिकारी महोदय सुकमा, डीएमसी ,सभी विकासखंड के बीईओ,बीआरसी,एबीईओ सहित शिक्षक गण का सहयोग प्राप्त हुआ।

## परिवहन सुविधा केन्द्र खोलने 15 मार्च तक आवेदन आमंत्रित

**सुकमा, 29 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन की संकल्पना के अनुरूप रोजगार मुखी स्वरूप देने हेतु एवं आम जनता को तत्काल लर्निंग लायसेंस प्राप्त हो सके, इस दृष्टिकोण से परिवहन सुविधा केन्द्र मार्गदर्शिका जारी की गई है। जिसके तहत् जिला सुकमा में लर्निंग लायसेंस बनाने के लिए कुल 12 परिवहन सुविधा केन्द्र खोले जाने हेतु परिवहन मुख्यालय से अनुमोदन प्राप्त हुआ है। जिसमें वर्तमान में 10 परिवहन सुविधा केन्द्र संचालित है। जिसमें 02 परिवहन सुविधा केन्द्र हेतु दिनांक 15 मार्च 2024 तक आवेदन आमंत्रित किया जाता है। आवेदन पत्र संयुक्त जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 40 जिला परिवहन कार्यालय सुकमा में कार्यालयीन समय में जमा किया जा सकता है।

## सगा के रूप में सुकमा से पहुंचे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी

**सुकमा, 29 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दन्तेवाड़ा जिले के सुदूर अंचल ग्राम समलवार (होमलवार) मे हर वर्ष कि भाँति कुंजाम कुटमा परिवार का हुर्रा मोरका पेड़्म बोय राज दादो पेन करसाड़ भव्य रुप से सम्पन्न हुआ। पेन करसाड़ मेला कार्यक्रम दिनांक 26 से 28 फरवरी तक तीन दिवसीय रहा है। इस अवसर पर कुंजाम कुटमा का करसाड़ मेला मे सुकमा जिले के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (ष्टरूह्न) महेश मरकाम(सांडिया) सर धर्मपत्नी के साथ कुंजाम परिवार का पेन करसाड़ मे सगा के रूप मे पहुंचे। और पेन देवताओं को दर्शन कर आशीर्वाद मागें। साथ ही पेन करसाड़ मे विशेष रूप शामिल होने व पूर्वजों से चले आ रही पेन व करसाड़ को अध्ययन करने आये दिल्ली के प्रोफेसर नन्दिनी सुन्दर , कुंजाम कुटमा परिवार के पेन पुजारी भीमा कुंजाम मांझी लच्छू कुंजाम, मुख्या के रूप मे उपस्थित पूर्व विधायक मनीष कुंजाम, मासा कुंजाम, कामो कुंजाम महेश कुंजाम, सगा रामा सोड़ी, हिड़मा कुंजाम जोगा कुंजाम, सुकराम कुंजाम, अर्जुन कुंजाम सहित कुंजाम परिवार के बस्तर संभाग के सुकमा, बीजापुर, बस्तर, जगदलपुर, ओड़िशा, आन्ध्रप्रदेश से बड़ी संख्या मे उपस्थित हुए थे।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ब्लॉक इकाई फिंगेश्वर की बैठक संपन्न



**राजिम, 29 फरवरी।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ब्लॉक इकाई फिंगेश्वर की आवश्यक बैठक बी आर सी भवन फिंगेश्वर में संपन्न हुई। इस अवसर पर शिक्षकों की विभिन्न मुद्दों पर आवश्यक रूप से चर्चा किया गया।जिसमें प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन कल्याण कोष की सदस्यता राशि,जी पी एफ पासबुक,अनुकंपा नियुक्ति आचार संहिता के पूर्व पदस्थापना करने,विभिन्न अवकाश पर रहे शिक्षकों के वेतन स्वीकृत कर भुगतान करने के संदर्भ में आवश्यक रूप से चर्चा की गई.इस अवसर पर प्रदेश संयुक्त मंत्री पूरन लाल साहू, ब्लॉक अध्यक्ष हुलस साहू, जिला संयोजक भुवन यदु, जिला महिला प्रतिनिधि लता ध्रुव,कमलेश बघेल, डगेश्वर ध्रुव,प्रहलाद मेश्राम,किरण साहू, हीरादास टंडन, डीहू राम रावत, लुकेंद्र श्रीवास, पोषण सोनकर, परमेश्वर साहू सहित ब्लॉक इकाई फिंगेश्वर के शिक्षक उपस्थित थे।

### मुख्य मंच पर कर्मा, ददरिया देवार गीतों की शानदार प्रस्तुति

**राजिम।** राजिम कुंभ कल्प के चौथे दिन मुख्य



मंच पर कर्मा, ददरिया, देवार गीतों की शानदार प्रस्तुति हुई। हमर छत्तीसगढ़ लोक कलामंच के रोशन साहू द्वारा ददरिया, करमा, देवार गीतों के माध्यम से समा बांधा। लोकमंच की पहली गणेश वंदना से हुई। हमर छत्तीसगढ़ मया के खदान.... हरि दिये तोर समान...... जवारा जस गीत की प्रस्तुति ने दर्शकों को खूब भाया। इसी के साथ ऐ मोर सवारियां....... चुटकी भर सिंदूर जिंदगी तोर मोर नाम कट जाही.... जैसे देवार, कर्मा, आदिवासी नृत्य धूम मचा दिया। मंच पर कार्यक्रम की पहली प्रस्तुति सुश्री भावना टांक ने शास्त्री गायन के माध्यम से राम भगवान की महिमा को जनता तक पहुंचाने की कोशिश की। सुश्री गोपा सान्याल रायपुर के द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति दी गई। जिसमें गणेश वंदना से शुरू हुई। राम का स्मरण करते हुए मंच सहित विशाल दर्शक दीर्घा को भी भक्तिमय माहौल बना दिया। कार्यक्रम के दौरान धर्मस्व मंत्री की माता के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने रायगढ़ जिले को दी करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात

**रायगढ़, 29 फरवरी।** वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक श्री ओ.पी.चौधरी ने रायगढ़ जिले को करोड़ों रूपए के निर्माण कार्यों की सौगात दी है। श्री ओ.पी.चौधरी रायगढ़ क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए



लगातार प्रतिबद्ध हैं। इसी कड़ी में वित्त मंत्री ने रायगढ़ के लिए 23 करोड़ 82 लाख रुपए की लागत से विभिन्न सड़क निर्माण कार्यों को मंजूरी दी है। वित्त मंत्री श्री ओ.पी चौधरी ने जिला रायगढ़ के कोड़ातराई लोहरसिंग जोगीतराई मार्ग में 4 किलो मीटर के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य के लिए 4 करोड़ 35 लाख 82 हजार रूपये की स्वीकृति प्रदान की है। इसी तरह पुसौर रेंगालपाली मार्ग में 10 कि.मी.मजबूतीकरण निर्माण कार्य के लिए 6 करोड़ 14 लाख 32 हजार रूपये, बड़े भंडार उमरिया पुसौर रेंगालपाली मार्ग में 7.425 किलो मीटर के मजबूतीकरण हेतु 7 करोड़ 95 लाख 12 हजार रुपये एवं रायगढ़ के ग्राम-पेलमा में मटियाकछार मार्ग लंबाई 3.20 किलो मीटर निर्माण कार्य के लिए 5 करोड़ 36 लाख 83 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### आबकारी अमले को दिया गया प्रशिक्षण

**रायगढ़, 29 फरवरी।** न्यायालय के नवीन निर्णयों और नवीन न्यायिक सुधारों के संबंध में एनडीपीएस एक्ट 1985 के प्रकरणों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए लोक अभियोजन और पुलिस विभाग के सहयोग से आबकारी विभाग के कार्यपालिक स्टॉफ का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दो सत्रों में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। प्रथम सत्र में उप संचालक अभियोजन श्री वेदप्रकाश पटेल एवं एडीपीओ श्री अंकित होरा द्वारा सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया गया।

द्वितीय सत्र में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ नामित पुलिस विभाग रायगढ़ के श्री ईगेश्वर यादव द्वारा एक न्यायालयीन प्रकरण की केस स्टडी/प्रजेंटेशन के साथ व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में रायगढ़ के अतिरिक्त सारंगढ़, सक्ती, जांजगीर एवं कोरबा के आबकारी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रेत से भगवान भोलेनाथ का शिवलिंग बनाकर माता सीता ने की थी पूजा अर्चना



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम 29 फरवरी ।** राजिम कुंभ कल्प के संगम तट पर पैरी, सोढूर और महानदी का संगम है। नदी के बीच में भगवान शिव का विशाल मंदिर है, जिसे श्री कुलेश्वरनाथ महादेव के नाम से ख्याति प्राप्त है। कहा जाता है कि वनवास काल के दौरान भगवान श्री राम, लक्ष्मण और माता सीता के साथ यहीं पर स्थित लोमष ऋषि के आश्रम के कुछ दिन गुजारे थे।

उसी दौरान माता सीता ने नदी की रेत से भगवान भोलेनाथ का शिवलिंग बनाकर उनकी पूजा अर्चना की थी। तभी से इस शिवलिंग को कुलेश्वर महादेव के नाम से जाना जाता है।इस खुरदुरे शिवलिंग को माता सीता ने अपने हाथों से बनाया था, जिसके निशान होने की बात जनमानस में प्रचलित है। चूंकि यह शिवलिंग क्षरण के कारण अपना मूल स्वरूप शनैः शनै खोता जा रहा है, इसलिए इस शिवलिंग की सुरक्षा के लिए ऊपर से जाली लगाकर शिवलिंग को ढक दिया गया है। ताकि शिव भक्तों द्वारा पूजा अर्चना में उपयोग किए जाने वाले वस्तुओं से शिवलिंग की सुरक्षा की जा सकें भगवान श्री कुलेश्वरनाथ को लेकर मान्यता है कि बरसात के दिनों में कितनी भी बाढ़ आ जाए। यह मंदिर डूबता नहीं है। कहा जाता है बाढ़ से घिर जाने के बाद नदी के दूसरे किनारे पर बने मामा-भांचा मंदिर को गुहार लगाते हैं कि मामा मैं डूब रहा है मुझे बचा लो। तब बाढ़ का पानी कुलेश्वरनाथ महादेव के चरण पखारने के बाद बाढ़ का स्तर स्वतः कम होने लगाता है। आज भी इस मान्यता को लोग कोई श्रद्धा से स्वीकारते हैं।कहा तो यह भी जाता है कि राजिम के स्वर्ण तीर्थ घाट के समीप बने संत कवि स्व. पवन दीवान के आश्रम में स्थित प्राचीन मंदिर जिसमें एक गुफा भी है, जहां पर काली माता की मूर्ति विराज माना है। इस मंदिर से निकली सुरंग, सीधे कुलेश्वरनाथ मंदिर तक पहुंचती है। संभवतः बरसात के दिनों में पुजारी इसी सुरंग से होकर भगवान कुलेश्वर नाथ की पूजा अर्चना के लिए जाया करते होंगे। चूंकि अभी ये सुरंग बंद हो चुकी है।

## राजिम भक्तिन माता भोग भंडारा में प्रसाद पाने उमड़ी भीड़






**राजिम 29 फरवरी ।** राजिम साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के तत्वाधान में राजिम कुंभ कल्प मेला में आयोजित राजिम भक्तिन माता भोग भंडारामें आज चौथे दिन मेला घूमने आए भारी संख्या में दर्शनार्थियों ने भंडारा में पहुंचकर भोजन प्रसाद ग्रहण किये। मंदिर समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने माईक के माध्यम से मेला घुमने आये भक्तों एवं अन्य सभी लोगों को भंडारे में भोजन करने की अपील करते रहे हैं। आज के भोग भंडारा के प्रमुख अतिथि भाजपा नेता डॉ रामकुमार साहू प्रदेश साहू संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू,नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा जितेंद्र सोनकर, राजिम थाना प्रभारी अमृतलाल साहू,मंदिर समिति के अध्यक्ष लाला ने भोग भंडारा में भक्तों को भोजन परोसे भोग भंडारा में भक्तों की भारी भीड़ रही विकसित होगी सर्व समाज के सहयोग से या भोजन भंडारा राजिम कुंभ में चलाया जा रहा है भोजन भंडारा में आज प्रमुख रूप से प्रदेश भाजपा नेत्री सुश्री छाए रही पार्षद पूर्णिमा चंद्राकर भाजपा ने इतनी खुशी साहू मधु नथनी देवकी साहू समिति के महामंत्री रामकुमार साहू लोकनाथ साहू महासचिव श्याम साहू डॉ लीलाराम साहू कोषाध्यक्ष भोला साहू संगठन मंत्री राजू साहू तरुण साहू डॉ तोषण साहू डॉ ओंकार साहू , किशन साह,ईश्वरी साहू,विष्णु साहू,बिसे साहू,यांशु साहू, घनश्याम साहू,राम बाई, प्रेम बाई साहू, सहित बड़ी संख्या में साहू समाज व अन्य समाज के लोग आज के भोजन प्रसादी परोसने का सेवा कार्य में सहयोग प्रदान किया।

# राजिम कुंभ कल्प में शासन की योजनाओं की जानकारी देने विभिन्न विभागों ने लगाई प्रदर्शनी




**राजिम,29 फरवरी।** शासन की योजनाओं को आम जन तक पहुंचाने राजिम कुंभ कल्प में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई है। राजिम मेला के मुख्य मंच के समीप गरियाबंद जिले के लगभग 25 स्टाल लगे हुए हैं। जहां प्रतिदिन लोगों की भीड़ उमड़ रही है और स्टाल में पहुंचकर अपने काम के विषय पर आवश्यक जानकारी ले रहे है। सबसे ज्यादा युवा वर्ग उत्सुक नजर आ रहे है। एक ही लाइन मे सभी प्रदर्शनी होने के कारण बारी-बारी से सभी में जाकर प्रदर्शनी को देखकर उनके महत्व उद्देश्य की जानकारी के साथ ही किसी प्रकार असमंजस होने पर वहां उपस्थित अधिकारी कर्मचारियो से प्रश्न पूछकर अपनी समस्याओ का समाधान कर रहे है। पर्यटन विभाग में छत्तीसगढ़ मे स्थित विभिन्न पर्यटन स्थल तक पहुंचने के लिए आवश्यक वाहन एवं सुविधाओं के बारे में बताई जा रही है और ब्रोशर उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी प्रकार लोक स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन, शिक्षा विभाग, जल संसाधन योजना, जलाशय, नहर लिंक परियोजना, पशुधन चिकित्सा, जलवायु परिवर्तन, ग्रामोद्योग, छत्तीसगढ़ माटी हस्तशिल्प कला, आदिम जाति, अनुसूचित जनजाति, खादी विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास योजना हस्तशिल्प कला बोर्ड के साथ ही बिहान योजना की प्रदर्शनी लगी है।

सबसे ज्यादा भीड़ समाज कल्याण विभाग के स्टॉल में लगी हुई है, जहां महतारी वंदना योजना की प्रदर्शनी लगी है जिनमें महिलाये विभिन्न प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान कर रही है जो कि महिलाओं की आर्थिक पक्ष को सुदृढ़ करने वाली सबसे लोकप्रिय योजना है। वैसे ही कृषि विभाग के स्टाल में ग्रामीण क्षेत्र के युवा एवं बुजुर्ग आधुनिक कृषि उत्पादन क्षमता एवं उनके लाभ को जानकर उन्नत कृषि करने के लिए प्रेरित हो रहे है।

### समय का सदुपयोग कर करें कड़ी मेहनत मिलेगी सफलता:कलेक्टर

**रायगढ़, 29 फरवरी।** उत्तम मेमोरियल कॉलेज पटेलपाली रायगढ़ में विज्ञान विषय अंतर्गत इमर्जिंग ट्रेंड्स इन बेसिक साइंसेज, फिजिकल, केमिकल बायोलॉजिकल एंड एनवायरमेंटल साइंसेज का दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित किया गया। समापन समारोह में कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल शामिल हुए। कलेक्टर श्री गोयल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र देश की उन्नति के लिए आवश्यक है, युवाओं का सफल होना अनिवार्य है तभी देश वर्ल्ड पावर बन सकेगा। हम किसी को रोक नहीं सकते लेकिन स्वयं को आगे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि समय बहुत कीमती है, समय का सदुपयोग कर कड़ी मेहनत करें तभी सफल होकर अपने माता-पिता के सपनों को साकार कर पाओगे। कलेक्टर श्री गोयल ने संगोष्ठी में उपस्थित विषय-विशेषज्ञों से जिले के छात्र-छात्राओं को रिसर्च एवं शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग करने की बात कही।

# जिले में 3 मार्च को पिलायी जायेगी पल्स पोलियो वैक्सीन

रायगढ़, 29 फरवरी। राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान 03 मार्च से शुरू होगा। तीन दिवसीय यह अभियान में रायगढ़ जिले के शून्य से 05 साल तक के 1 लाख 34 हजार 297 बच्चों को पोलियो खुराक दी जायेगी। अभियान में पहले दिन 03 मार्च को बूथ स्तर पर एवं 04 तथा 05 मार्च 2024 को बूथ गतिविधियों में छूटे हुए बच्चों को टीकाकरण टीम के द्वारा घर-घर भ्रमण कर पोलियो की खुराक पिलाकर प्रतिरक्षित किया जायेगा। पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन हेतु स्वास्थ्य विभाग व्यापक रूप से तैयारियों में जूट गयी है।



जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.बी.पी.पटेल ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान की समस्त तैयारियाँ पूर्ण कर ली गयी है, वैक्सीन एवं आई.ई.सी.सामग्री विकासखण्डों एवं शहरी क्षेत्रों में वितरित की जा चूकी है। अभियान के सफल संचालन हेतु समस्त विकासखण्डों एवं शहरी क्षेत्र के खण्ड चिकित्सा अधिकारी/प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिन को सुचारू रूप से कार्य संचालन हेतु प्रशिक्षित किया जा चुका है। जिले के पहुंच विहीन क्षेत्र, मेला बाजार, ईट भट्ठों, मलीन बस्तियों, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, साप्ताहिक बाजार एवं विभिन्न आद्यौगिक क्षेत्रों में पोलियों की खुराक पिलाने के लिए मोबाईल टीम का गठन किया गया है। रविवार 03 मार्च को सुबह कार्यक्रम का विधिवत् शुभारंभ जिला एवं विकासखण्डों में जनप्रतिनिधियों के माध्यम से किया जायेगा। रायगढ़ जिले में कुल 1308 बूथ, 19 ट्रांजिट टीम, 13 मेला बाजार स्थल एवं 25 मोबाईल दल, जिसमें कुल 2730 सदस्य एवं 283 पर्यवेक्षक उक्त अभियान में कार्य संपादन करेगें।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायगढ़ डॉ.आर.एन.मंडावी द्वारा सभी अभिभावकों से अपील है कि वे अपने 05 साल तक के सभी बच्चों को रविवार 03 मार्च 2024 को पल्स पोलियो बूथ पर लाकर पोलियों वैक्सीन की दो बूंद की खुराक अवश्य पिलायें।

# विधायक विक्रम मंडावी ने विधान सभा में उठाया मनरेगा के तहत रोजगार नहीं देने का मामला

**बीजापुर, 29 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ विधान सभा में बुधवार 28/02/2024 को स्थगन प्रस्ताव के दौरान बीजापुर



के विधायक विक्रम मंडावी ने विधान सभा में कहा कि राज्य में लाखों ग्रामीण रोजगार के अभाव में पलायन कर रहे हैं, क्योंकि महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत केन्द्र सरकार अपने कानूनी दायित्व को पूरा करने में असमर्थ हैं। छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्र में खरीफ फसल समाप्त होने के पश्चात् रोजगार की सर्वाधिक आवश्यकता होती है, तब रोजगार का कोई अन्य साधन मानसून के आने तक उपलब्ध नहीं होता है। विधायक विक्रम मंडावी ने विधानसभा में आगे यह भी कहा कि अक्टूबर 2023 के पश्चात् महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत पूर्व में किये गये कार्यों की मजदूरी का भुगतान भी बंद है क्योंकि मोदी की गारंटी के अन्तर्गत केंद्र से इसके लिए पर्याप्त धनराशि के आवंटन प्राप्त नहीं हो रहे हैं। यह स्थिति भारतीय जनता पार्टी के तथाकथित अमृत काल का दुष्परिणाम है। राज्य सरकार सच्चाई पर पर्दा डालने की कोशिश कर रही है। राज्य के मुख्य मंत्री तथा मंत्री दिल्ली जाकर गिड़गिड़ा चुके है परंतु उन्हे खाली हाथ लौटना पड़ा है। पोल खुल जाने के डर से इतने गंभीर मामले मेंविधानसभा के पटल पर डबल ईजन की सरकार के द्वारा सही स्थिति का प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है। पूरे छत्तीसगढ़ के मजदूर अपने भविष्य को लेकर अत्यधिक चिंतित एवं भयभीत हैं। विधायक विक्रम मंडावी ने विधानसभा में कहा कि रोजगार गारंटी का कानून इस राज्य के लिए व्यर्थ हो गया है। भाजपा सरकार के मंत्रीगण मोदी की गारंटी, मोदी की गारंटी बोलते हुए थक नहीं रहे है, इससे गरीब का पेट नहीं भरने वाला है, जीवन यापन के लिए मुफ्त का चावल पर्याप्त नहीं है, अन्य जरूरतों के लिए नगद रकम चाहिए। केन्द्र सरकार द्वारा प्रदेश सरकार के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। विक्रम मंडावी ने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत न्यूनतम 100 दिवस के रोजगार की कानूनी गारंटी है। मोदी की गारंटी तो एक जुमला है, मोदी की गारंटी का कोई वैधानिक आधार नहीं है। मोदी जी से इस कानूनी गारंटी को पूरा करने के लिए आवश्यक धनराशि का आबंटन ही नहीं दिया गया, यह हमारे राज्य के गरीबों के साथ बहुत बड़ा अन्याय और धोखा है । आखिर पत्नि और बच्चों का पेट भरने की चिंता से ग्रस्त परिवार का मुखिया करे तो करे क्या, किसके पास जाए, किसके सामने हाथ फैलाए। इसलिए उसके सामने परिवार सहित पलायन करने के अलावा और कोई रास्ता नहीं है। अतः सदन की कार्यवाही रोककर इस गंभीर अतिसंवेदनशील विषय पर स्थगन के माध्यम से चर्चा कराई जाने की माँग बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने विधान सभा में की है।

## सीपीआई जिला कमेटी बीजापुर की बैठक संपन्न



**बीजापुर, 29 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बिजापुर ट्ठ बता दें कि विधान सभा चुनाव के लंबे समय बाद जिला कमेटी बीजापुर ने बैठक आहूत की जिसमें सभी कामरेड साथियों ने मौजूदा सरकार के नीतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा ने 3100रू धान खरीदने का वादा किया था पर आज तक नही दिया वहीं आगे भाकपा जिला सचिव कामलेश झाड़ी ने कहा कि वर्तमान में जो भाजपा सरकार है वह टोटल एसटी, एससी, ओबीसी, विरोधी है खासकर आदिवासी क्षेत्र में भाजपा की सरकार बनने से जल जंगल जमीन, और अधिक खतरे में है, और आनेवाले दिनों में संघर्ष और अधिक बढ़ जाएगा जिसके लिए पुरे बस्तर में और बीजापुर में संघर्ष के लिए कामयूनिष्ट पार्टी को सुदृण रूप से तैयार रहना होगा । सात ही सीपीआई जिला कमेटी बीजापुर इस प्रेस बयान के माध्यम से भाजपा के सहाय सरकार से मांगा करती है की इस आदिवासी क्षेत्र में जितने भी सरकारी पदों में भर्ती हो उसमे स्थानियों को ही प्राथमिकता दिया जाए, वादे के मुताबिक धान का समर्थन मूल्य किसानों को दिया जाए, यहां के बनोपजों को समर्थन मूल्य पर सरकार खरीदे, संपूर्ण बस्तर में रोजगार के लिए पलायन हो रहे आदिवासियों को रोका जाए और उन्हे रोजगार मुहैय्या कराया जाए ।

## गायत्री शक्तिपीठ में अष्टम प्राण प्रतिष्ठा, वार्षिकोत्सव संपन्न




**बीजापुर, 29 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं माता भगवती देवी शर्मा के विचार क्रांति अभियान के अंतर्गत सप्तसूत्रीय आंदोलन को गति देने के लिए नगर बीजापुर के हृदय स्थल में स्थापित गायत्री शक्तिपीठ बीजापुर का अष्टम प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव संपन्न हुआ । तीन दिवसीय कार्यक्रम में प्रथम दिवस श्रमदान के साथ में कलश स्थापना किया गया और साथ ही सुंदरकांड रामायण पाठ एवं श्रवण किया गया । द्वितीय दिवस 12 घंटे का गायत्री मंत्र अखंड जाप सामूहिक साधना की गई साथ ही संध्या बेला पर दिव्य दीपयज्ञ एवं गायत्री चालीसा के माध्यम से गुरु के संदेश को बताया गया । इस अवसर पर स्थानीय कवियों ने युग निर्माणी कवि सम्मेलन के माध्यम से युग प्रेरक कई कविताओं और गीतों से अपनी बात रखी। अंतिम दिवस में सजल श्रद्धा प्रखर प्रज्ञा पर विशेष गुरु पूजन किया गया और गर्भगृह में स्थापित सद्ज्ञान की अधिष्ठात्री माता गायत्री , शक्ति स्वरूपा दुर्गा एवं ज्ञान की देवी माता सरस्वती का विशेष पूजा अर्चना कर अखंड ज्योति से आशीर्वाद प्राप्त किया । सभी की मंगल कामना की प्रार्थना के साथ में कार्यक्रम का विधि विधान के साथ में पूजा अर्चना संपन्न हुआ। एक कुंडीय गायत्री यज्ञ में सभी देवी देवताओं को आह्वान कर उन्हें श्रद्धा भाव से आहुतियां समर्पित की गई तत्पश्चात भोजन प्रसाद ग्रहण कर आए हुए श्रद्धालुओं ने माता से आशीर्वाद प्राप्त किया । इस पूरे आयोजन में गायत्री शक्तिपीठ के प्रमुख प्रबन्ध ट्रस्टी शंकर कुडियम, वरिष्ठ परिजन एवं सहायक देवालय व्यवस्थापक श्री रामयश विश्वकर्मा, जिला समन्वयक विजय बहादुर राजभर, व्यवस्थापक जयपाल सिंह राजपूत, कोष लेखा प्रभारी के.धर्मदास ,प्रज्ञा मंडल उपाध्यक्ष नागैया झाड़ी, सहायक प्रबन्ध ट्रस्टी बीरा राजबाबू ट्रस्टी संतोष अग्गीवार, के.भरत, जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ रुक्मणी झाड़ी , ट्रस्टी खेमन यादव, मोहिनी साहू ,अर्चना सिंह के साथ युवा भाई दुर्गेश साहू ,अर्जुन वेको,हरीश राजभर ,मनीष राजभर, अच्छे लाल कुशवाहा, रामकिशोर विश्वकर्मा, जगमोहन,आदि सैकड़ो की संख्या में नगर के श्रद्धालु भक्तजन उपस्थित रहे।

## 4092 छात्र-छात्राएं 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा में होंगे सम्मिलित

**बीजापुर 29 फरवरी ।** जिला शिक्षा अधिकारी श्री बीआर बघेल ने बताया कि वर्तमान सत्र में जिले के कुल 4092 छात्र-छात्राएं 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में सम्मिलित होंगे। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने परीक्षा के तनाव को दूर करने और तनावमुक्त परीक्षा दिलाने बच्चों को शुभकामनाएं दी और कहा है कि पढ़ाई के साथ-साथ अपने सेहत पर भी ध्यान दें और अच्छे नंबर लाकर अपने उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करें। कलेक्टर के दिशा-निर्देशन में जिले में परीक्षा की तैयारी पूर्ण किया जा चुका है। 01 मार्च को 12वीं एवं 02 मार्च को 10वीं की परीक्षाएं शुरू होने जा रही है जो 23 मार्च 2024 तक चलेगी। जिसमें हाई स्कूल के 2420 एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के 1672 परीक्षार्थी रेगुलर परीक्षा में बैठेंगे। परीक्षा के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्रों, जुलुस, प्रदर्शनों पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा प्रतिबंध लगाया जा चुका है।केन्द्रवार सुरक्षा हेतु पुलिस के जवानों ड्युटी लगाई जाएगी।

# चेरमंगी में छात्र की आत्महत्या को परिजनों ने संदिग्ध माना, न्यायिक जांच की मांग

**बीजापुर, 29 फरवरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार जिला पंचायत बीजापुर अध्यक्ष शंकर कुडियम के नेतृत्व में दिनांक 27/02/2024 को बीजापुर जिले के उसूर विकासखंड अंतर्गत ग्राम चेरामनंगी छात्रावास में कक्ष सांतवी के छात्र द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किये जाने की घटना की जाँच की है जाँच रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित की जाएगी। इस संबंध में बुधवार को कांग्रेस कमेटी बीजापुर ने प्रेस वार्ता भी आयोजित कर पीड़ित परिवार और छात्रवास अधीक्षक व छात्रवास के छात्रों के बताये अनुसार घटना की वस्तुस्थिति को रखा गया है।



पाँच सदस्य जाँच टीम के संयोजक ज़िला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम ने बीजापुर में प्रेस वार्ता कर मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि ÷मृतक छात्र के परिजनों का कहना है कि यह आत्महत्या संदेहास्पद है,

बच्चा स्वयं फांसी नही लगा सकता,फांसी लगाया गया स्थल जमीन से काफी ऊपर है, बिस्तर से भी पहुंच नही सकता है, परिजनों ने बताया कि बगल में एक टेबल था, उस पर बहुत सारे पैरों के निशान थे, पुलिस ने परिजनों को घटनास्थल के फोटो भी खिंचने नही दिये, परिजनों के सामने घटनास्थल की पूरी तलाशी ली गई, घण्टो तलाशी के दौरान कोई सुसाईड नोट नही मिला, शव को ट्रेक्टर में रखते समय सुसाईड नोट का मिलना संदेहास्पद है, जाँच कमेटी को परिजनों ने आगे बताया कि सुसाईड नोट में अपने पिता का जिक्र करना जबकि मृतक छात्र अपने पिता को जानता तक नही है।

सुसाईड नोट में बड़ी ही समझदारी पूर्वक लिखा गया है, जबकि बच्चा पढ़ाई में कमजोर था, वह इस प्रकार का सुसाईड नोट नही लिख सकता, वह छुट्टी का आवेदन पत्र भी ठीक से नही लिख पाता था, प्रेस वार्ता संबोधित करते हुए जाँच समिति के संयोजक शंकर कुडियम ने आगे कहा की परिजनों ने जाँच कमेटी को बताया कि पुलिस उनकी कोई बात नही सुन रही है, जाँच से पहले ही घटनास्थल के कमरे को साफ कर दिया गया था,परिजनों ने कहा कि ये आत्महत्या नही बल्कि हत्या है। जाँच समिति के समक्ष आश्रम अधीक्षक छात्रावास के छात्रों ने भी बच्चे का बिलकुल सामान्य होना बताया, अधीक्षक व छात्रों के अनुसार बच्चे को भी कोई परेशानी नही थी। प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए शंकर कुडियम ने सरकार से मांग करते हुए कहा की बीजापुर जैसे आदिवासी क्षेत्र में सांतवी कक्षा में अध्ययनरत आदिवासी छात्र जो पूरी तरह स्वस्थ था, उस बच्चे का इस तरह अचानक आत्महत्या कर लेना यह सीधा सीधा सरकार व प्रशासन में बैठे लोगों की लापरवाही है, इतने संसाधन होने के बावजूद भी यदि बच्चा आत्महत्या कर रहा है तो यह दुर्भाग्य जनक व चिंतनीय है। शंकर कुडियम ने आगे कहा कि इस घटना की गम्भीरता को देखते हुए परिजनों के माँग के अनुरूप प्रदेश सरकार घटना की न्यायिक जाँच करे ताकि पूरे घटना की सच्चाई सामने आये और दोषियों को सजा मिले व भविष्य में ऐसे घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो। इस पूरे घटना में कांग्रेस पार्टी पूरी तरह पीड़ित परिवार के साथ है।प्रेस वार्ता के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, जांच समिति के सदस्य जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम, जनपद अध्यक्ष सुश्री अनिता तेलम, सदस्य श्रीनिवास बिराबोइना, विधायक प्रतिनिधि मनोज अवलम, महामन्त्री सुखदेव नाग, नगर उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लुर, प्रवक्ता ज्योति कुमार, मीडिया प्रभारी राजेश जैन, कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम खत्री, सचिव वीरेन्द्र सिंह ठाकुर, समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सेवा के कार्यों को नियमानुसार करेंःकलेक्टर

**रायगढ़, 29 फरवरी।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में आयुष दीप समिति की बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव भी उपस्थित रहें। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने जिले में संचालित संस्था एवं कार्यों की जानकारी ली। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.मीरा भगत ने बताया कि जिले में संचालित आयुष विभाग अंतर्गत जिले में 85 संस्था संचालित है। जिसमें से 69 संस्था रायगढ़ में तथा 16 संस्था सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में संचालित है। इस दौरान उन्होंने आयुष में स्वीकृत पदों एवं रिक्त पदों की भी जानकारी दी। उन्होंने विभाग में कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों का सेटअप, स्वयं के भवनों में संचालित, आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में उन्नयन, आयुष्मान आरोग्य मंदिर में किए गए ।

# नाकोड़ा पाइप प्लांट में श्रमिकों को मजदूरी नहीं देते प्रबंधक

## स्थानीय मजदूरों से लगातार 12 घंटे लेते हैं काम, थक कर संयंत्र में काम छोड़ भाग जाते हैं ग्रामीण युवक

■ महिला मजदूर प्लांट के सामने तीन दिनों से बैठी हैं धरने पर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 29 फरवरी।** तिल्दा नेवरा छत्तीसगढ़ के रायपुर जिला के तिल्दा विकासखंड के अंतर्गत बरतोरी औद्योगिक एरिया घोषित होने के पश्चात पिछले कुछ वर्षों से स्थानीय उद्योगों में मजदूरों का किस तरह शोषण किया जाता है और किस तरह मामले को दबा दिया जाता है यह बात पिछले दिनों छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री टैंक राम वर्मा के समक्ष आई एक महिला ने अपनी पूरी कहानी बताई दोनों पैर से पीड़ित महिला जिसका इलाज के दरमियान एक पैर काट दिया गया था और आज वह पिछले दो दिनों से नाकोड़ा सरिया पावर प्लांट के समक्ष सैकड़ो ग्रामीणों के साथ मुआवजा की मांग को लेकर आंदोलन पर बैठी हुई है परसों से उद्योग के समक्ष यह मांग की है लेकिन संयंत्र प्रबंधन और उद्योगपति के कान में जूं तक नहीं रेंग रही है

जबकि यहां आंदोलन के बाद स्थानीय ग्रामीण मजदूरों ने बताया कि इस सरिया प्लांट में मजदूरों के साथ शोषण किया जाता है और अगर विरोध दर्ज करने के बाद मजदूर को इतना प्रताड़ित किया जाता है कि वह मजदूर काम छोड़कर घर बैठ जाता है पिछले कुछ वर्षों से प्रदेश में कांग्रेस सरकार के दरमियान जितने भी स्थानीय उद्योग लगे हैं उन उद्योगों में यहां के किसान पुत्र की जमीन खरीद कर नौकरी देने के विश्वास में लेकर हर प्लांट जन सुनाई में कागजी कार्यवाही कर प्लांट की सुनाई की जाती है जिसमें कुछ दलाल किस्म के लोग मजदूरों के हक को खाने के लिए बाध्य है बताया जाता है कि इस संयंत्र में प्रबंधक द्वारा मजदूरों के साथ नीचे स्तर तक जाकर उन्हें प्रताड़ित करने का कार्य पिछले वर्षों से लगातार चल रहा है समय-समय पर इसका विरोध करने पर कुछ तथा कथित नेता नुमा लोग संयंत्र प्रबंधन का पक्ष लेकर श्रम विभाग के अधिकारियों की मिली भगत में यहां कार्यरत मजदूरों का शोषण की कहानी सामने आ रही है। इस तरह अन्य प्रदेशों से आए मजदूरों को भी ठेकेदार शोषण करते है रात दिन कार्य करवा रहे है इस के विषय में ग्रामीणों ने बताया है प्लांट के गेट से मजदूरों को आने जाने में ग्रामीण विरोध कर मजदूरों को प्लांट में नहीं जाने दे रहे है दो दिन से प्लांट बंद है शांति पूर्ण तरीके से विरोध चल रहा है।





## एक नजर

### ग्रामीणों को दी गई कानूनी जानकारी



**सिमगा, 29 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सिमगा किरवई पंचायत थाना सिमगा में सृजन अभियान फ़के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमे महिलाओ, बच्चो क़ो बेड टच, गुड टच के बारे मे, साइबर जागरूकता, मानव अधिकार, कानून की विस्तृत जानकारी देने के साथ हीं नशे के विरुद्ध भी सामाजिक दायित्व क़ो रेखांकित किया गया. वरिष्ठ पुलिस अधिकारिओ के आदेशानुसार थाना प्रभारी के नेतृत्व मे यह जागरूकता कार्यक्रम किरवई ग्राम पंचायत मे किया गया।

### ग्राम मुरा में शंकराचार्य निश्चलानंद का भव्य स्वागत



**तिल्दा-नेवरा, 29 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** तिल्दा नेवरा छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित लखनलाल मिश्र के गाँव मूरा पहुँचे पुरी पीठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती. महाराज तीन दिवसीय संगोष्ठी में शामिल होने पहुँचे. शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती ने की पत्रकारों से धर्म के प्रति ग्रामीणों में जागरूकता को लेकर पुरी पीठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज ने दिया बयान- दर्शन, विज्ञान और व्यवहार तीनों दृष्टि से विचार करे तो सनातन सिद्धांत ही सर्वोत्तम है. आधुनिक युग में भी सनातन जीवन शैली सबसे उत्कृष्ट है. वैदिक सिद्धांत का पूरा देश अनुयायी होगा जो लगातार हो रहा है। बंगाल के संदेशखाली मामले को लेकर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज का बयान- आपराधिक तत्व को कोई सरंक्षण दे वो अनुचित है उसका समर्थन नहीं किया जा सकता मातृ शक्ति सुरक्षित रहे यह हम सबका दायित्व है सनातन के विरुद्ध भाव पैदा करने का यह विस्फ़ोटक परिणाम है बीजेपी सरकार द्वारा लाए जाने वाले धर्मान्तरण कानून को लेकर शंकराचार्य ने कहा- राजनेता गरीबी पालते है, क्रिश्चियन तंत्र को लाभ उठाने देते है यदि हिंदू परिवार दान करे समय दे तो धर्मांतरण नहीं हो सकता और धर्म परिवर्तन करने वालों की दाल नहीं।

# सिमगा के पत्रकार ने किया 28 वर्ष की उम्र में 15 बार रक्तदान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 29 फरवरी।** चंद्रप्रकाश टोंडे ने रायपुर अपने प्रवेट कार में जाकर एक गंभीर मरीज को ब्लड डोनेट किया - विज्ञान ने स्वास्थ्य और चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। मगर अब तक विज्ञान रक्त का कोई विकल्प नहीं बना पाया है। जरूरतमंद का जीवन बचाने के लिए रक्त दान ही उपाय है। इसलिए रक्तदान को महादान की श्रेणी दी गई है। इसके साथ ही समाज में रक्तदान को लेकर तमाम भ्रांतियां भी हैं। मगर, इस सबके बीच कई रक्तदाता ऐसे भी हैं, जो रक्तदान के लिए पत्रकार चंद्रप्रकाश टोंडे हमेशा तत्पर रहते हैं साथ ही और को भी इसके लिए जागरूक करते हैं। चंद्रप्रकाश टोंडे भी ऐसे ही रक्तदाताओं में शुमार हैं, जो 28वर्ष की उम्र में अब तक 15 बार रक्तदान कर चुके हैं। सिमगा नगर में सबसे कम उम्र के पत्रकार चंद्रप्रकाश टोंडे को समाजसेवा का जुनून विरासत में मिला है। उनके पिता भी समाज सेवा करते करते अपने जीवन बिता रहे है!!उनकी मम्मी जनपद सदस्य रह चुकी है और 30 सालो से अपने गृह गांव में पंच के रूप में सेवा करती आ रही है और आज भी पंच के रूप में ग्रामीणों की सेवा करती रहती है, ,पत्रकार चंद्रप्रकाश टोंडे ने बताया की उन्होंने सबसे पहले तब रक्तदान किया था जब उनकी उम्र महज 17 वर्ष और चार माह थी। तिल्दा के एक निजी नर्सिंग होम में किसी जरूतमंद को रक्त की जरूरत थी, रक्तजांच के लिए पांच लोग गए थे, मगर इनमें से उनका रक्त समूह बी पॉजिटिव ही मरीज से मैच हुआ था। इसके बाद तो वह हमेश रक्तदान के लिए उत्सुक रहे और जब भी किसी को रक्त की जरूरत पड़ी उन्होंने रक्तदान किया। यह सिलसिला आगे बढ़ा और अब तक वह कुल 15 बार रक्तदान कर चुके हैं। चंद्रप्रकाश टोंडे ने बताया हैं कि वह अब तक 1500 लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित कर चुके हैं। इस लॉकडाउन की अवधि में भी वह एक बार रक्तदान कर चुके हैं, जबकि इस अवधि में 105लोगों से रक्तदान करा चुके हैं।



## समाचार संक्षेप

### टिकुलिया में रक्तदान शिविर सम्पन्न



**भाटापारा, 29 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 27 फ़रवरी को संकल्प रक्तदाता सेवा संस्थान टिकुलिया के द्वारा ग्राम टिकुलिया के स्कूल में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया जिसमें ग्रामीण रक्तदाताओ ने खूब उत्साह से रक्तदान किया, शिविर में कुल 61 यूनिट रक्तदान हुआ जिसमें 30 नए रक्तदाताओं ने पहली बार रक्तदान कर नेक कार्य की शुरुआत की, गांव के युवा पीलू वर्मा द्वारा विगत 8 वर्षो से रक्तदान किया जा रहा है और ग्रामीणों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। संकल्प रक्तदाता सेवा संस्थान के प्रयासों के परिणाम स्वरूप आज टिकुलिया में लगभग 100 से अधिक नियमित रक्तवीर हैं। गांव के रक्तवीरों द्वारा अब तक लगभग 1000 से अधिक यूनिट रक्तदान जरूरतमंदों के लिए किया जा चुका है। संकल्प रक्तदाता सेवा संस्थान का लक्ष्य टिकुलिया के हर परिवार से एक नियमित रक्तदाता बनाना है, रक्तदान शिविर के समाप्ति कार्यक्रम में रक्तदाताओं को प्रसस्थि पत्र और हेलमेट देकर उनका उत्साहवर्धन और सम्मान किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संदीप पांडे जी, अध्यक्षता उपसरपंच देवप्रसाद वर्मा जी, विशिष्ट अतिथि एसडीओपी अशीष अरोरा जी, समाज सेवी और रक्तवीर सुभाष भट्टर जी, अन्य अतिथि जितेंद्र साहू जी, दीपक डोरे जी, थाना प्रभारी भाटापारा ग्रामीण, प्रशांत वर्मा जी, कोमल शर्मा जी, महोदय तोरण साहू जी एवम् नंदकिशोर सेवाका जी ने रक्तवीरों को प्रोत्साहित किया।

### विधायक ने किया लाखों के विकास कार्यों का भूमिपूजन

**भाटापारा, 29 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विधायक इन्द्र साव ने अपने विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्रामो में विधायक निधि से लाखों कार्यो का भूमिपूजन निरंतर विधायक बनने के द्वितीय माह से ही प्रारंभ कर दिए है। इसी कड़ी में ग्राम खपरी (एस) में सी.सी. रोड निर्माण कार्य (लागत राशि 5 लाख रु.) एवं शासकीय हाई स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य (लागत राशि 6 लाख रु.)के लिए भूमिपूजन किया। विधायक इन्द्र साव ने भूमिपूजन के अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणजनों को आश्वस्त कराया कि विधानसभा के संपूर्ण क्षेत्रों में विकास के लिए वे प्रतिबद्ध है व ग्रामीण विकास व उत्थान उनकी पहली प्राथमिकता है। भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से खपरी (एस) के सरपंच सुनील चौधरी, उपसरपंच खुमेश साहू, पंचगण - दिलीप दास, खेमलाल, बहोरिक ध्रुव, रेवाराम साहू, ईश्वर साहू, तिजुराम साहू, हरि ध्रुव, किशन साहू, उदलराम, अमरनाथ, रामलाल ध्रुव, आजुराम, बोधराम ध्रुव, खेलुराम, मयाराम व अन्य ग्रामीण प्रबुद्धजनों की उपस्थिति रहीं।



# साहस और आत्मविश्वास बनाए रखें राह हो जाएगी आसान: डॉक्टर जैन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 29 फरवरी।** डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करने की इच्छा रखने वालों के लिए मेडिकल का क्षेत्र बहुत आसान है, बशर्ते मन में इच्छा शक्ति, साहस और उत्साह होना चाहिए। इस क्षेत्र में बहुत स्कोप है, जिनका चयन आसानी से कर सकते हैं। इस क्षेत्र में आने के बाद भविष्य के बहुत से रास्ते खुल सकते हैं

बालोद निवासी सुभाष व इंदू जैन की बेटी ईशा जैन एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर बालोद पहुंची तो अनेक लोगों ने उनका अभिनंदन किया।इसी कड़ी में प्रेस क्लब बालोद ने भी उनका सम्मान किया। साथ ही उनसे विस्तृत चर्चा भी की। विशेष रूप से मेडिकल के क्षेत्र में आने वाले बच्चों के लिए उन्होंने बहुत सारी बातें बताई।

ईशा जैन का कहना था कि मेडिकल की पढ़ाई कठिन जरूर है पर उतनी भी नहीं जितना लोग कहते हैं या सोचते हैं। दरअसल मन में यदि इच्छा शक्ति है और उत्साह है तो इस क्षेत्र में भविष्य के बहुत से रास्ते खुलते हैं। मेडिकल में आने के बाद एमबीबीएस के अलावा और भी कई क्षेत्र हैं जहां पढ़ाई कर बेहतर भविष्य का निर्माण किया जा सकता है। रायपुर मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस कर लौटी ईशा जैन ने बताया कि नवमीं, दसवीं में पढ़ाई के मामले में वह बहुत सामान्य थी, 11वीं और 12 वीं में मेहनत की और फिर कोटा राजस्थान में नीट की तैयारी की। लगन से तैयारी करने के बाद पहली बार में ही उनको नीट में सफलता मिली। 2019 में सलेक्शन के बाद उन्होंने बिना किसी अवरोध के एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की।

**मम्मी पापा और डॉक्टर प्रदीप जैन रहे प्रेरणा स्त्रोत:** डॉक्टर ईशा जैन ने बताया कि इस क्षेत्र में आने के लिए मम्मी पापा और डॉक्टर प्रदीप जैन बालोद विशेष रूप से प्रेरणा स्त्रोत रहे। शुरू से ही मुझे इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ाया, 12 वीं के बाद मुझे मेडिकल कॉलेज में जाने के लिए मम्मी पापा ने ही प्रेरित किया। मेरे मन में आत्मविश्वास जगाया और आज मुझे जो सफलता मिली है वह उन्हीं की बदौलत है। बचपन से ही बालोद के डॉक्टर प्रदीप जैन के बारे में सुनती थी तो मन में भी उन्ही की तरह डॉक्टर बनने की इच्छा जरूर थी।

**मेडिकल की पढ़ाई के लिए अंग्रेजी माध्यम होना जरूरी नहीं:** ईशा जैन का कहना है कि मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई के लिए इंग्लिश मीडियम का होना जरूरी नहीं है। हिंदी मीडियम के बच्चे भी बहुत अच्छे से या कोर्स पूरा कर लेते हैं। उन्होंने बताया कि उनकी कई फ्रेंड्स हिंदी मीडियम से हैं जो हमसे भी ज्यादा अंक ले आते हैं। इस क्षेत्र में आने वाले छात्रों को प्रेरित करते हुए उनका कहना था कि हिंदी मीडियम हो या अंग्रेजी मीडियम कोई भी फर्क नहीं पड़ता। बस मन में आत्मविश्वास रखें और आगे बढ़ें।

**महिला से संबंधित रोगों को लेकर करेंगी पीजी:** डॉक्टर ईशा जैन का कहना है कि हमारे देश में वैसे भी डॉक्टरों की कमी है। उनमें महिला रोग विशेषज्ञों की बहुत कमी है। इसलिए उनकी इच्छा है कि महिला से संबंधित रोगों के विषय का चयन कर वह आगे पीजी करेंगी। मेरी यह भी इच्छा है कि मेरी पहली पोस्टिंग बालोद में हो। मैं बालोद में ही सेवा देना चाहती है।

बालोद का प्रतिष्ठित ढेलड़िया परिवार की लाडली बेटी ईसा प्रारंभ से ही प्रतिभावान रही उन्हें माता-पिता के सहयोग के साथ-साथ पारिवारिक जनों दादा, नाना की भी विशेष इच्छा थी कि हमारे परिवार से एक बेटी डॉक्टर बने। ईशा ने यह कर दिखाया, इसके पहले भी इस परिवार से भाई बहनों ने जैन धर्म के साधु साध्वी बन चुके हैं


**न्यायालय जिला विवाह अधिकारी, जिला-मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)**

email- collector-mmac@cg.gov.in
Phone No. 07747 299136

**सार्वजनिक सूचना (नियम-6 देखिये)**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक- भुवन प्रसाद पिता श्री रोशन लाल, जाति-हल्बा, आयु 28 वर्ष निवासी दुगाटोला, तह. व थाना-मोहला, जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.) एवं आवेदिका-सीमा पिस्दा पिता स्व. श्री पल्टन सिंह पिस्दा, जाति-हल्बा, आयु 27 वर्ष, निवासी ग्राम कनेरी, तह० व थाना मोहला, जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अध्याय 3 अधीन अपने विवाह का आवेदन पत्र पंजीयन के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह पंजीयन के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में पेशी दिनांक 27.03.2024 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी तथा वह शुन्य माना जावेगा।

आज दिनांक :- 27.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

आगामी तिथि :- **27.03.2024**

**संलग्न :- धारा 5**

मुहर

**जिला विवाह अधिकारी**
मोहला-मानपुर-अं.चौकी(छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार (नजूल) तिल्दा नेवरा जिला रायपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्रमाकं /......../अ-20(3)
वर्ष 2023-2024
ग्राम-तिल्दा प.ह.नं. 08

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजय कुमार छतानी पिता स्व. अशोक कुमार छतानी निवासी वार्ड क. 06 तिल्दा तहसील तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं कि ग्राम तिल्दा स्थित नजूल पट्टे की भूमि खसरा नंबर 187/23, 234/1 से 4 का भाग रकबा 820 वर्गफुट आवेदक के नाम से प्राप्त हैं। आवेदक शासन द्वारा जारी नीति के अनुसार फ्री होल्ड कराने हेतु आवेदन पत्र पेश किया हैं। जिसकी सूनवाई न्यायालय तिल्दा में 14.03.2024 को नियत है।

इस संबध मे जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति यदि हो तो वह स्वयं या अभिभाशक या अपने विधिमान्य अभिकर्ता के द्वारा अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथी बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार (नजूल)**
**तिल्दा-नेवरा**
**जिला-रायपुर (छ.ग)**

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)**

**दुर्ग, दिनांक 20.02.2024**

**(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र **'अ'** में प्रतिशत दर पर दिनांक 06.03.2024 तक आमंत्रित की जाती हैः-

| निविदा आमंत्रण सं.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) | आमंत्रण |
|---|---|---|---|
| 353/दुर्ग(कवर्धा) /2023 | प्रतापपुर भगतपुर निंगापुर मार्ग लं. 1 से 4=4.00 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण कार्य। | 63.45 | पंचम |

**टीपः-**

1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब **Portal** एवं विभागीय वेबसाइट **http://eproc.cgstate.gov.in** से डाऊनलोड की जा सकती है।
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें।

**अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग,**
**दुर्ग मण्डल दुर्ग**

**जी-08153/3** **दूरभाष-0788-2210876**

**छत्तीसगढ़ शासन**
**सामान्य प्रशासन विभाग**
**मंत्रालय, महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर**

**क्रमांक एफ01-01/2024/1-11/उप.** **नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक /02/2024**

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

माननीय मुख्यमंत्री जी एवं माननीय मंत्रीजी के निवास कार्यालय तथा मंत्रालय, महानदी भवन में माननीय मुख्यमंत्री जी, माननीय मंत्रीगण एवं वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यालय में स्थापित मेट्रिक्स कंपनी के ई.पी.ए.बी. एक्स सिस्टम के वार्षिक रख-रखाव एवं मरम्मत कार्य (अनुमानित वार्षिक मूल्य लगभग राशि रूपये 15.00 लाख) हेतु मेट्रिक्स कंपनी के अधिकृत फर्मों से निर्धारित शर्तों के अन्तर्गत एक वर्ष की अवधि के लिए मोहरबंद/चपड़ी/लॉख अथवा सेलो टेप से बंद की गई निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र, विज्ञापन प्रकाशित होने के दिनांक से आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रूपये 200.00 (रूपये दो सौ) मात्र छत्तीसगढ़ मंत्रालय, सामान्य प्रशासन विभाग (लेखा शाखा) में नगद भुगतान कर के कार्यालयीन दिवस में छत्तीसगढ़ मंत्रालय, महानदी भवन के प्रथम तल स्थित कक्ष क्र. एए 1-08 में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। निर्धारित तिथि के अवकाश होने की स्थिति में आगामी कार्य दिवस को माना जाएगा।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा बिक्री की अंतिम तिथि | दिनांक 27.03.2024 तक | प्रातः 10.30 से सायं. 4.00 बजे तक |
| निविदा जमा करने की तिथि | दिनांक 28.03.2024 तक | अपरान्ह 3.00 बजे तक |
| निविदा खोलन की तिथि समय एवं स्थान | दिनांक 28.03.2024 को | अपरान्ह 4.00 बजे, मंत्रालय के समिति कक्ष क्र. एस 3-12 में |

**अवर सचिव**
**छत्तीसगढ़ शासन**
**सामान्य प्रशासन विभाग**

**जी-08136/4**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जोन क्र.-8 रायपुर**

**मैनुवल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना**

**क्रमांक 103/लो.क.वि./न.पा.नि./जोन क्रं.-8/2023-24** **रायपुर, दिनांक 28/02/2024**

**नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक-8 अंतर्गत निम्नांकित प्रस्तावित कार्यों के लिए सक्षम श्रेणी में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से आयटम दर/पी.डब्ल्यू.डी. रोड/ भवन एस.ओ.आर. 2015 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग 2020 आज दिनांक तक संशोधित दर पर त्री लिफाफा पद्धति से स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।**

1 निविदा प्रपत्र हेतु आवश्यक निर्धारित दस्तावेज सहित आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि **06/03/2024 दिन बुधवार** सायं 5:00 बजे तक अपूर्ण दस्तावेज का आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।
2 दस्तावेज निरीक्षण उपरांत निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि **11/03/2024 दिन सोमवार।**
3 जोन आयुक्त, कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक-8 मोहबा बाजार रायपुर (छ.ग) में त्री लिफाफा पद्धति से स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि **19/03/2024 दिन मंगलवार** सायं 5:30 तक।
4 प्राप्त समस्त पात्र निविदाएं दिनांक **22/03/2024 दिन शुक्रवार** को प्रातः 12:00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। अपरिहार्य कारणों निर्धारित तिथि पर निविदा नहीं खुलने पर आगामी तिथि निर्धारित की जावेगी।

कार्य का विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र. | कार्य का नाम | आगणित राशि लाख में | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | समयावधि | एस.ओ.आर. | फार्म का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रामकृष्ण परमहंस वार्ड क्र. 20 भवानी नगर क्षेत्र में नाली तथा सड़क संधारण कार्य। **(मरम्मत/संधारण/जल कष्ट मद)** | 2.00 | 2000.00 | 750.00 | 03 माह | P.W.D. S.O.R 2015 | A |
| 2 | रामकृष्ण परमहंस वार्ड क्र. 20 गार्डन में बच्चों के लिए खेल सामग्री प्रदाय कार्य। **(पार्षद निधि)** | 2.00 | 2000.00 | 750.00 | 02 माह | Item Rate | B |
| 3 | रामकृष्ण परमहंस वार्ड क्र. 20 सीमेंट गार्डन चेयर प्रदाय कार्य **(पार्षद निधि)** | 2.00 | 2000.00 | 750.00 | 02 माह | Item Rate | B |
| 4 | रामकृष्ण परमहंस वार्ड क्र. 20 सांईनाथ कॉलोनी हनुमान मंदिर के पास स्थित भवन में संधारण कार्य। **(पार्षद निधि)** | 3.00 | 3000.00 | 750.00 | 03 माह | P.W.D. S.O.R 2015 | A |
| 5 | संत रविदास वार्ड क्र. 70 अंतर्गत पार्षद कार्यालय के सामने बाजार व्यवस्थापन हेतु बजरी प्रदाय कार्य। | 0.50 | 1500.00 | 300.00 | 02 माह | P.W.D. S.O.R 2015 | A |
| 6 | जोन क्र. 08 अंतर्गत विभिन्न वार्डों में पी.व्ही.सी.पानी टंकी स्थापना कार्य। | 2.00 | 2000.00 | 750.00 | 03 माह | P.W.D. S.O.R 2015 | A |

**निविदा की शर्तेंः-**

1 निविदा के दस्तावेज बंद लिफाफा में रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट से प्राप्त किया जायेगा। 2. ई. पंजीयन प्रमाण पत्र (जीवित), 3. बैंक साल्वेंसी, (निविदा आमंत्रण से एक वर्ष तक प्रभावशील होना चाहिए)। 4. GST प्रमाण पत्र एवं GST Retrun (विगत 3 माह) 5. आयकर रिटर्न (विगत 3 वर्ष) तथा 100 रू. का स्टाम्प पेपर निविदा जारी होने की तिथि के पश्चात का शपथ पत्र होना अनिवार्य है। 6. निविदा जारी होने के पश्चात से प्रत्येक कार्य के लिए पृथक-पृथक एफ.डी.आर. मूल एवं छायाप्रति प्रस्तुत होना आवश्यक है। तथा जो एफ.डी.आर. जीवित होना आवश्यक है। 7. त्री लिफाफा पद्धति में निविदा प्राप्त नहीं होने पर निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा।
2 **टीपः-** अन्य निविदा की शर्तें एवं जानकारियां कार्यालयीन समय व दिवस में कार्यालय जोन क्र. 8 में अवलोकन किया जा सकता है।

**घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।**

**जोन आयुक्त**
**जोन क्रमांक-08**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ में फिर बढ़ने लगे हैं कोरोना मरीज

**रायपुर, 29 फरवरी।** छत्तीसगढ़ में फिर से कोरोना फैलने लगा है। प्रदेश में कोरोना संक्रमितों की संख्या फिर से बढ़ने लगी है। प्रदेश में फिलहाल कोरोना के एक्टिव मरीज 71 हो गये हैं। कोरोना के एक मरीज की मौत भी बुधवार को हुई है।जांजगीर चांपा के एक कोरोना संक्रमित की जान गयी है। बुधवार को कोरोना के 11 नये मरीज मिले। दुर्ग में अभी सबसे ज्यादा कोरोना संक्रमित है। बुधवार को जहां दुर्ग में सर्वाधिक 5 मरीज मिले, वहीं रायपुर में 3 और बालोद, जांजगीर और सुकमा से 1-1 कोरोना मरीज मिले हैं।

### बीबीपीएस पर डोनेशन कैटेगरी शुरू

**रायपुर, 29 फरवरी।** देश में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने आज भारत बिल पेमेंट सिस्टम (बीबीपीएस) पर 'डोनेशन कैटेगरी' की शुरुआत की घोषणा की। यह अग्रणी कदम एक्सिस बैंक को एकमात्र ऐसा बीबीपीएस बिलर ऑपरेटिंग यूनिट बनाता है जो ट्रस्टों/धर्मार्थ संस्थानों को किसी भी बीबीपीएस-सक्षम फ्रंट एंड के माध्यम से योगदान स्वीकार करने में सक्षम बनाता है। यह सुविधा दान देने के तरीके को बदलने के लिए डिज़ाइन की गई है, जिससे इसे लोगों के लिए नेक कार्यों का समर्थन करने के लिए अधिक सुलभ, पारदर्शी और सुविधाजनक बनाया जा सके। भारत बिल पेमेंट सिस्टम पर 'डोनेशन कैटेगरी' की शुरुआत के साथ, धर्मार्थ संस्थान पूरी पारदर्शिता के साथ निर्बाध तरीके से डिजिटल रूप से दान एकत्र कर सकते हैं और इस समाधान के माध्यम से दानदाताओं/भक्तों के साथ विश्वास को और गहरा कर सकते हैं। डिजिटल रूप से भुगतान स्वीकार करके, धर्मार्थ संस्थान नकद में दान से जुड़ी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लागत को कम करने में भी सक्षम बनते हैं। इस अनूठी सेवा की पेशकश करने में सक्षम एकमात्र बीबीपीएस बिलर ऑपरेटिंग यूनिट के रूप में, एक्सिस बैंक ने भुगतान अनुभव को आसान बनाने और दाताओं को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए विभिन्न ट्रस्टों के लिए कस्टमाइज्ड सॉल्यूशंस तैयार किए हैं। इसके अलावा, लिंक-आधारित भुगतान का एकीकरण ट्रस्टों और धर्मार्थ संस्थानों के लिए एंड-टू-एंड सॉल्यूशन प्रदान करता है।

### हृदय रोगी का निःशुल्क इलाज



**रायपुर, 29 फरवरी।** घटना बेमेतरा जिला के साजा निवासी मरीज से जुड़ी है, जिनको अचानक छाती दर्द की शिकायत के बाद स्थानीय डॉक्टर ने मरीज को हृदयाघात (हार्ट अटैक) की समस्या बताई। इसके बाद मरीज को रायपुर में रेफर कर दिया गया। रायपुर में 5 दिनों तक मरीज का इलाज एक अन्य निजी हॉस्पिटल में चलता रहा, लेकिन स्वास्थ्य में सुधार ना होने एवं पैसों के अधिक खर्च हो जाने की वजह से मरीज के रिश्तेदार उस हॉस्पिटल में इलाज जारी नहीं रख पाए। इस संकट के समय में मरीज को गंभीर अवस्था में श्री अनंत साईं हॉस्पिटल लाया गया। मरीज उस वक्त कार्डियोजेनिक शॉक की हालत में था। मरीज का ब्लड प्रेशर भी काफी कम था और उन्हें सांस लेने में परेशानी हो रही थी। श्री अनंत साईं हॉस्पिटल के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डा. पार्थ स्थापक ने अपनी कुशलता से उक्त मरीज को तुरंत आईसीयू में भर्ती कर विशेष उपकरणों और दवाईयों के माध्यम से इलाज करना शुरू किया। मरीज की हालत में थोड़े सुधार के बाद उनकी एंजियोग्राफी की गई। मरीज की एंजियोग्राफी से मालूम चला कि उनकी नसें पूरी तरह से बंद हो चुकी है। इसके अलावा मरीज की बांई नस में भी 90 फीसदी से अधिक अवरोध पाया गया। डॉ. पार्थ स्थापक ने इस जटिल बीमारी का इलाज एंजियोप्लास्टी के माध्यम से दोनो नसों में स्टंट लगाकर किया, जो पूरी तरह से सफल रहा। श्री अनंत साई हॉस्पिटल की तरफ से मिले बेहतर इलाज के बाद मरीज अब पूर्णतः स्वस्थ है।

### किसी एक सीट पर जीतकर बताएं कांग्रेसी : केदार

**रायपुर, 29 फरवरी।** लोकसभा चुनाव को लेकर छत्तीसगढ़ की सियासत गरमाई हुई है. वनमंत्री केदार कश्यप ने कांग्रेस को चुनौती देते हुए कहा, हिम्मत है तो कांग्रेसी कहें कि किसी एक सीट पर वे जीतेंगे. कांग्रेस नेताओं के तोते उड़ चुके हैं. कांग्रेस मरणासन्न हो चुकी है. अभी वे प्रत्याशी ढूंढ रहे, उसके बाद कार्यकर्ता ढूंढेंगे. फिर वोटर ढूंढ़ना होगा, तब तक चुनाव निकल जाएगा. लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने कहा, भाजपा 365 दिन कार्य करती है. यह लोकतांत्रिक पार्टी है. एक व्यक्ति के कहने पर वाली पार्टी नहीं है. भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता कांग्रेस के बड़े से बड़े नेता को चुनौती दे सकता है. हमारी तैयारी पूरी है. लोकसभा का बिगुल बज चुका है. कांग्रेस के लोग कितनी तैयारी में है, नजर आ ही रहा है. सरकार के भरोसे में अपनी पार्टी को चला रहे थे. कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के अकेले दौरे और बाकी नेताओं की निष्क्रियता को लेकर मंत्री केदार कश्यप ने तंज कसते हुए कहा, दीपक बैज पीसीसी के अध्यक्ष हैं इसलिए जा रहे हैं. लोकसभा के बाद वह भी मिस्टर गायब हो जाएंगे. उनको भी ढूंढना पड़ेगा. कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर से गायब हो रही है. छत्तीसगढ़ से भी गायब होगी. उनका जो वास्तविक चेहरा है वह सामने आ गया. यह लूटपाट और लोगों को ठगने वाली पार्टी है.

# आईपीएल की तर्ज पर होगा राजधानी में सीसीपीएल

## छत्तीसगढ़ के क्रिकेट खिलाड़ी होंगे नीलाम




**रायपुर, 29 फरवरी।** राजधानी में इस वर्ष से आईपीएल की तरह ही सीसीपीएल का शुभारंभ किया जाएगा। यह क्रिकेट स्पर्धा बेहद रोमांचक होगी। यह जानकारी आज पत्रवार्ता में छग राज्य क्रिकेट संघ के सदस्य, पूर्व कोषाध्यक्ष तथा रायपुर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष विजय शाह, सीएससीएस के सीईओ हरि गुण्डलापली एवं विवेक चंद्रा ने दी है। उन्होंने बताया कि सीसीपीएल के नियम कायदे आईपीएल की तरह ही होंगे। इसमें छत्तीसगढ़ के ही खिलाड़ी खेल सकेंगे। आईकॉन प्लेयर शामिल होंगे। इसमें ए, बी, सी व डी कैटेगरी होगी। उन्होंने बताया कि 6 टीमें एक दूसरे से खेलेंगी। यह स्पर्धा संभवतः इसी वर्ष जून-जुलाई में इंटरनेशनल स्टेडियम में होगा। हर टीम के ओनर होंगे। खिलाड़ियों की नीलामी होगी। इसका टीवी प्रसारण पूरी दुनिया में किया जाएगा। हर टीम में 15 खिलाड़ी होंगे तथा पुराने खिलाड़ी कोच की भूमिका निभाएंगे। लीग के कुल 18 मैच होंगे। खिलाड़ियों का ऑक्सन के जरिए चयन होगा। सभी जिले के खिलाड़ियों को मौका मिलेगा। आईटीडब्ल्यू कंपनी के साथ मिल कर मैच होंगे। पहला पुरस्कार 31 लाख तथा दूसरा 21 लाख का होगा। इस अवसर पर गवर्निंग बॉडी के चेयरमेन प्रमोद शर्मा उपस्थित थे।

# शासकीय कार्यालयों में बिलों का भुगतान धड़ल्ले से हो रहा

- वाहन मरम्मत, कार्यालय जीर्णोद्धार सहित अन्य कार्यों के बिल पारित
- जिला कोषालयों में करोड़ों के बिल लंबित

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 29 फरवरी।** नया वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल से शुरू होगा लेकिन मंत्रालय, संचालनालय व जिला से लेकर ब्लाक कार्यालयों में खरीदी-बिक्री एवं भुगतान को लेकर तेजी से कवायद चल रही है। बजट की राशि लैप्स न हो जाए इसलिए बिलों का भुगतान त्वरित गति से किया जा रहा है। वित्त विभाग में नए नियम लागू किए गए हैं। सिंचाई, लोक निर्माण एवं पंचायत विभाग के ठेकेदार अब अपने भुगतान को लेकर सक्रिय हो गए हैं।

राज्य विधानसभा में वर्ष 2024-25 का बजट पारित हो चुका है। यह बजट राज्यपाल की अनुशंसा के पश्चात सभी विभागों के मदों में स्थानांतरित हो जाएगा लेकिन अंतिम वित्तीय माह होने के कारण चालू वित्त वर्ष की राशि निकालने के लिए भारी कवायद चल रही है। इस समय जिलों से विभिन्न मदों जैसे भवन निर्माण, कार की मरम्मत एवं कार्यालय के जीर्णोद्धार सहित अन्य कार्यों के लिए राशि निकाली जा रही है। संचालनालय में इस समय बड़ी संख्या में बिल जमा हो रहे हैं। वित्त विभाग ने शासकीय ठेकेदारों के भुगतान एवं चेकबुक को जमा करने का निर्देश दिया है। लेकिन निर्माण कार्यों में लगे ठेकेदारों को पिछली तिथि से भुगतान किए जाने की कवायद चल रही है। लोक निर्माण, सिंचाई, नगर निगम तथा पंचायत विभाग के अधीन होने वाले कार्यों का भुगतान त्वरित गति कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। जिला कोषालयों में राशि का आहरण करने के लिए बिल जमा किए जा रहे हैं। शिक्षा विभाग में ड्रेस, किताब सहित राशन खरीदी को लेकर भुगतान में अनियमितता होने की शिकायतें आ रही है। पंचायत विभाग के मनरेगा, प्रधानमंत्री सड़क योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना की लंबित राशि निकालने के लिए कार्यालयों में बिलों का जमावड़ा लग गया है।

वित्तीय अनुशासन लागू करने के लिए सरकार द्वारा अनेक प्रावधान किए गए हैं लेकिन वित्त विभाग के निर्देशों के अनुसार ही अब बिल स्वीकृत कर बजट शाखा को भेजे जा रहे हैं ताकि इसका भुगतान हो सके। जिले में वित्तीय आहरण अधिकार प्राप्त अधिकारी कोषालयों में बिल जमा कर रहे हैं। फिलहाल कई कार्यों के लिए अनुपूरक बजट से ही काम चलाया जा रहा है।

राज्य में महतारी वंदन योजना, किसानों को बोनस देने के लिए अनुपूरक बजट में प्रावधान किया गया है इसलिए इस राशि को निकालने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। आधुनिक तकनीक का प्रयोग आरटीजीएस, एनआईएफटी के माध्यम से भुगतान किया जा रहा है। राज्य में शासकीय कर्मचारी भी अपने आय-व्यय के लेखा-जोखा को पूर्ण करने के लिए सीए तथा आयकर सलाहकार के पास जा रहे हैं ताकि निर्धारित समय में इन्कम टैक्स जमा किया जा सके। कर बचाने के लिए 80सीसी की धारा के तहत इंदिरा विकास पत्र, एलआईसी, होमलोन सहित अन्य बांड्स खरीदे जा रहे हैं।

# छात्राओं को कराया गया पुरातात्विक महत्व के विभिन्न स्थलों का भ्रमण

**रायपुर, 29 फरवरी।** शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला महाविद्यालय इतिहास विभाग द्वारा 26, 27 फरवरी को दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी -छत्तीसगढ़ का ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक वैभव -आरंग के विशेष संदर्भ में आयोजित की गई। संगोष्ठी के द्वितीय दिवस में प्राचार्य डॉ किरण गजपाल के निर्देशन एवं विभागाध्यक्ष व आयोजन संयोजक डॉ शम्पा चौबे के नेतृत्व में महाविद्यालय की छात्राओं को आरंग के पुरातात्विक महत्व के स्थलों का भ्रमण करवाया गया इसमें दिव्यांग छात्राएं भी शामिल थी जिन्होंने स्पर्श के माध्यम से उत्खनन कार्य का अनुभव कियाद्य जिसमें आरंग के समीप रीवा में किए जा रहे उत्खनन कार्य का अवलोकन करवाया गया।

छात्राओं ने उत्खनन से प्राप्त एतिहासिक सामग्रियोंका अवलोकन किया। आरंग के प्राचीन भाण्डलदेव मंदिर, बागेश्वर एवंअन्य मंदिरों की जानकारी संग्रहित की, जिससे छत्तीसगढ़ में मौर्य व कुषाण शासन का प्रभाव ज्ञात होता है। इस शैक्षणिक भ्रमण में शासकीय महाविद्यालय कोंडागाँव के प्राचार्य डॉ सी आर पटेल एवं डॉ देवेश कुमार शर्मा, डॉ सरिता दुबे, डॉ महेंद्र सरवा व नितिन पाण्डे शोधार्थी गण तथा 95 छात्रायें सम्मिलित रहीं।

# आंखों की नकली दवाइयां जब्त

## 100 रूपये में बेची जा रही थी 10 रूपये की दवा

**रायपुर, 29फरवरी।** राजधानी में आंखों के इंफेक्शन की नकली दवा बनाने और बेचने वालों पर खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम ने रायपुर में नकली दवाओं के सप्लायर के साथ एक मेडिकल स्टोर पर दबिश देकर भारी मात्रा में नकली आइ ड्राप जब्त किया है। मिलावटी दवा की री पैकिंग कर ऊंची कीमत पर बेची जा रही थी। सहायक औषधि नियंत्रक बसंत कुमार कौशिक ने बताया कि तेलीबांधा में संचालित एक मेडिकल स्टोर्स से नकली आइ ड्राप की बेची जा रही थी। इस जानकारी मिलने पर टीम ने दबिश देकर मेडिकल स्टोर से नकली आइ ड्राप



को जब्त किया है। इसके बाद टीम ने नकली दवाइयों के सप्लायर शकुंतला डिस्ट्रीब्यूटर्स के यहां कार्रवाई कर भारी मात्रा में नकली आइ ड्राप जब्त की है। सहायक औषधि नियंत्रक ने जानकारी देते हुए बताया कि छापे के दौरान शकुंतला डिस्ट्रीब्यूटर्स के ठिकानों से भारी मात्रा में प्रिंट मटेरियल जब्त किया गया है। शकुंतला डिस्ट्रीब्यूटर्स का संचालक पंडरी के एआर प्रिंटर्स से नकली प्रिंट मटेरियल छपवाता था और दूसरी कंपनी की आइ ड्रॉप्स पर चिपकाकर बिक्री करता था। 10 रुपए की दवा में 100, 50 और 200 रुपए का स्टीकर लगाकर मुनाफाखोरी की जा रही थी। इस मामले में नकली दवाओं की बिक्री के कारोबार में संलिप्त सप्लायर के खिलाफ कार्रवाई जारी है। सहायक औषधि नियंत्रक ने बताया कि नकली दवाओं के कारोबार में और भी लोगों के शामिल होने की संभावना है।

### लॉट्स ने सड़क पर कानूनी मदद में एक बड़ा कदम रखा

**रायपुर, 29 फरवरी।** ऑटोमोबाइल डीलर एसोसिएशन, रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर एसोसिएशन, और लॉयर्ड, एक अग्रणी कानूनी-तकनीकी प्लेटफॉर्म, के बीच सहयोग से 28 फरवरी, 2024 को रायपुर, छत्तीसगढ़ में एक सफल लॉन्च कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम ने भारत भर में वाहन मालिकों के लिए सड़क पर कानूनी मदद को नया रूप देने में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया, जिसमें लॉट्स, सड़क पर कानूनी सहायता सेवा, की पेशकश की गई जो वाणिज्यिक वाहनों से लेकर निजी कारों तक, हर यात्री के लिए डिज़ाइन की गई है, ताकि बिना किसी कानूनी व्यवधान के सहज यात्रा सुनिश्चित की जा सके।

# लोकसभा चुनाव: भाजपा नए प्रत्याशियों पर लगाएगी दांव

- केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में 9 प्रत्याशियों के नामों पर मुहर लगने की संभावना

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 29 फरवरी।** भाजपा के केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में आज छत्तीसगढ़ की लोकसभा सीटों के प्रत्याशी के नाम पर मुहर लगने की संभावना है। बैठक में भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष दिल्ली पहुंच चुके हैं। 11 लोकसभा सीटों में से 9 में नए चेहरों को टिकिट दिए जाने की चर्चा है। पार्टी सूत्रों के अनुसार इस समय कोरबा से नए नाम को लेकर उठापटक मची हुई है। यहां से राज्यसभा से रिटायर हुईं सरोज पांडेय को टिकिट देना तय माना जा रहा है। राजनांदगांव से अभिषेक सिंह, नीलू शर्मा एवं मधुसूदन यादव के नाम पकी चर्चा है। रायगढ़ से युवा नेता रवि भगत, भरत साय, एसके साय, अंबिकापुर से चिंतामणि महाराज, पुष्पा नेताम, कांकेर से विकास मरकाम के नाम की चर्चा है। महासमुंद से कुरूद के विधायक अजय चंद्राकर को भी प्रत्याशी बनाए जाने की संभावना है।

दुर्ग से सांसद विजय बघेल को पार्टी एक बार फिर मैदान में उतार सकती है. विजय बघेल ने हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सामने बीजेपी की टिकट पर चुनाव लड़ा था. विजय बघेल ने पाटन सीट से चुनाव लड़ने की इच्छा जताई थी, जबकि इस सीट को बीजेपी कठिन मानकर चल रही थी. विजय बघेल ने दमदारी से चुनाव लड़ा. यही वजह है कि पार्टी उन्हें टिकट देकर उपकृत कर सकती है. हालांकि विजय बघेल के अलावा जिन नामों को लेकर चर्चा है उनमें जीतेंद्र वर्मा और पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय का नाम भी शामिल है. राजनांदगांव लोकसभा सीट से पूर्व सांसद मधुसूदन यादव की मजबूत दावेदारी सामने आई है. कोई बड़ा उलटफेर नहीं हुआ तो मधुसूदन को पार्टी टिकट दे सकती है. हालांकि इस सीट से वर्तमान सांसद संतोष पांडेय की दावेदारी बरकरार है. लोधी समाज से आने वाले कोमल जंघेल का नाम भी चर्चाओं में लिया जा रहा है. इसके अलावा गोपाल साहू का नाम भी चर्चा में है.


बिलासपुर लोकसभा सीट को लेकर सर्वाधिक दावेदारी सामने आई है. इनमें पूर्व मंत्री और विधायक अमर अग्रवाल, पूर्व सांसद लखनलाल साहू, शील साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, पूर्व विधायक रजनीश सिंह, महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष हर्षिता पांडेय, पार्षद राजेश सिंह और पूर्व महापौर किशोर राय के नाम चर्चा में सामने आए हैं.

बस्तर लोकसभा सीट के लिए कोंडागांव विधानसभा सीट से विधायक चुनी गई लता उसेंडी एक मजबूत चेहरे के रूप में देखी जा रही है. हालांकि दौड़ में दंतेवाड़ा के पूर्व विधायक दिवंगत भीमा मंडावी की पत्नी ओजस्वी मंडावी का नाम भी चर्चा में रहा है. वहीं पूर्व सांसद दिनेश कश्यप भी एक मजबूत चेहरे के रूप में देखे जा रहे हैं. सुभाऊ कश्यप भी दावेदारों की फेहरिस्त में शामिल हैं. संगठन के जानकार बताते हैं कि इन सब में लता उसेंडी का पलड़ा सबसे भारी दिखता है. कोरबा सीट को लेकर पूर्व राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय का नाम तेजी से सुर्खियों में रहा है. हाल ही में राज्यसभा सांसद के रूप में उनका कार्यकाल खत्म हुआ है. सरोज पांडेय की कोरबा में बढ़ी सक्रियता भी उनकी मजबूत दावेदारी की ओर इशारा कर रही है. हालांकि दावेदारी की दौड़ में विकास महतो एक बड़े दावेदार के रूप में देखे जा रहे हैं. विकास पूर्व सांसद बंशीलाल महतो के बेटे हैं. साल 2018 के विधानसभा चुनाव में उन्हें कांग्रेस के जयसिंह अग्रवाल ने शिकस्त दी थी. इसके अलावा प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, अनुराग सिंहदेव, अशोक चवलानी और सुषमा खलखो का नाम भी चर्चा में है. सरगुजा लोकसभा सीट के लिए चिंतामणि महाराज रेस में आगे दिख रहे हैं. विधानसभा चुनाव के पहले कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए चिंतामणि महाराज ने लोकसभा चुनाव लड़ने की इच्छा भी ज़ाहिर की थी.

# ईडब्ल्यूएस की जमीन पर बिल्डर का अतिक्रमण

**रायपुर, 29 फरवरी।** सिंघानिया बिल्डकॉन के डायरेक्टर सुबोध सिंघानिया पर आरोप है कि बिल्डर को फायदा पहुंचाने के लिए जमीन बिक्री में बड़ा हेरफेर किया गया है, ये गड़बड़ी ईडब्ल्यूएस की भूमि सहित हर्षित गोल्ड सिटी ग्राम नरहदा में प्लॉट विक्रय को लेकर हुई है, अधिकारियों की मिली भगत से ले आउट में बिल्डर को फायदा पहुंचाया है, अधिकांश प्लॉट और ले आउट में नियम का पालन नहीं किया गया, ईडब्ल्यूएस के लिए दी जाने वाली भूमि में अनियमिताएं बरती गई है, जिसको लेकर रायपुर कलेक्टर को जन चौपाल में शिकायत की गई है.

पीड़ित अकलेश खटोड़ ने बताया कि अधिकांश ले आउट में क्र खसरा में काफी अनियमिताएं बरती गई है, शासन के नियमों को दरकिनार कर अपने सुविधा अनुसार अपने फायदे के लिए शासकीय दस्तावेजों में कांट छांट और सच को छुपाने का प्रयास



किया है, षडयंत्र पूर्वक साजिश रच कर शासकीय दस्तावेजों में गड़बड़ी करने वाले सिंघानिया बिल्डर के खिलाफ में काफी लोगों ने शिकायत की है.

अब अंत में पीड़ित पक्ष अकलेश खटोड़ ने भारत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री और संबंधित विभाग के अलावा जिला कलेक्टर के समक्ष सहप्रमाण दस्तावेज शिकायत कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है, रायपुर जिला कलेक्टर गौरव सिंह और संबंधित विभाग के समक्ष गुहार लगाकर सूक्ष्म जांच कर एफआईआर दर्ज करने की मांग कर उक्त लेआउट और रजिस्ट्री को निरस्त करने की मांग अकलेश खटोड़ ने किया है.

# नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण करें : मुख्य न्यायाधीश

**रायपुर, 29 फरवरी।** आगामी नेशनल लोक अदालत 9 मार्च 2024 की तैयारियों के संबंध में न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय/मुख्य संरक्षक, छत्तीसगढ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं श्री न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी, न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संयुक्त रूप से छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष, सचिव, फैमिली कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश, न्यायाधीश, स्थायी लोक अदालत के चेयरमेन, सीजेएम, लेबर जजों की वर्चुअल बैठक ली गई।

बैठक में मुख्य न्यायाधीश श्री न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने सभी न्यायिक अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए



कहा कि आगामी नेशनल लोक अदालत में सिविल, आपराधिक एवं अन्य राजीनामा योग्य प्रकरणों, विशेष रूप से महिलाओं, वरिष्ठजनों, पुराने 5 वर्ष एवं 10 वर्ष से अधिक समय से लंबित प्रकरणों, मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित मामलों, धारा-138 एनआई एक्ट के मामलों को अधिक से अधिक संख्या में चिन्हांकित कर निराकृत किये जाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि पूर्व लोक अदालत में पूर्व की अपेक्षा प्री-लिटिगेशन के मामलों में भी बढ़ोत्तरी करते हुए अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणों को चिन्हांकित कर निराकृत किये जाने का प्रयास किया जाए, ताकि लोक अदालत के मूल मंत्र न्याय सबके लिये को पूरा किया जा सके। इससे किसी भी पक्षकार की हार नहीं होती है, लोक अदालत का फैसला अंतिम होता है और पक्षकार अदालती कार्यवाही से सरलता से मुक्त हो जाता है, साथ ही न्यायालय में लंबित प्रकरणों में भी कमी आती है। उन्होंने सभी न्यायाधीशों को आगामी लोक अदालत की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया।

वर्चुअल बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री गौतम भादुड़ी ने न्यायाधीशों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बीमा कंपनियों के साथ प्री-सिटिंग एवं समन्वय करते हुए अधिक से अधिक मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों का निराकरण आगामी लोक अदालत में किया जाए, साथ ही धारा-138 एनआई एक्ट जो चेक अनारण से संबंधित होते हैं, उसमें प्रकरण प्रस्तुति के प्रारंभिक ट्रायल स्तर पर ही लोक अदालत के माध्यम से निराकृत किये जावे, ताकि पक्षकार को अनावश्यक रूप से लम्बी एवं अनेक सुनवाई तिथि से न गुजरना पड़े।

### माता मंदिर के गुंबज निर्माण के लिए भूमिपूजन



**रायपुर, 29 फरवरी।** आज अवंती विहार विजय नगर स्थित राजराजेश्वरी बूढ़ी माता मंदिर के गुंबज एवं प्रथम तल निर्माण हेतु भूमि पूजन सांसद प्रतिनिधि राजकुमार राठी एवं जोन अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा के करकमलों से संपन्न हुआ, उक्त जानकारी देते हुए मंदिर समिति के अध्यक्ष किशोरचंद नायक ने बताया की 30 वर्ष पूर्व विजय नगर बस्ती स्थापित होने के समय राजराजेश्वरी बूढ़ी माता के मंदिर निर्माण हेतु भूमि रिक्त रखी गई थी जिसमें 2 वर्ष पूर्व मंदिर का निर्माण कार्य संपन्न करते हुए माता की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। अब मंदिर का विस्तार करते हुए प्रथम तल व गुंबज बनाने का कार्य शुरू किया जा रहा है। भूमि पूजन में प्रमुख रूप से मनोज विश्वकर्मा, खेमू साहू, लता विभार, कुसुम नायक, कविता नायक, श्रीनाथ मोहताज, लेखराज मोहताज, सविता, चंपा बत्रा सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित थे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26